

आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रात:नागपुरी



आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 02, अंक : 26 रांची, रविवार, 05 जनवरी 2025 (पौष शुक्ल 06, संवत 2081), पृष्ठ : 12, मूल्य : 3 रुपये, email: jharkhandwanitaudyog@gmail.com

# जिन्हें किसी ने नहीं पूछा, मैंने उन्हें पूजा : मोदी

एजेंसियां



- पीएम मोदी ने किया ग्रामीण भारत महोत्सव का उद्घाटन,
- भारत में ग्रामीण गरीबी घटकर पांच प्रतिशत से भी कम हुई: प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में 'ग्रामीण भारत महोत्सव 2025' का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट के चेयरपर्सन शाजी केवी ने पीएम का अभिनंदन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारे गांव जितने समृद्ध होंगे, विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में उनकी भूमिका उतनी ही बड़ी होगी। पीएम मोदी ने कहा, 'जिन्हें किसी ने नहीं पूछा, उन्हें मोदी ने पूजा है। 2014 से मैं लगातार हर पल ग्रामीण भारत की सेवा के लिए काम कर रहा हूं। गांवों में लोगों को सम्मानजनक जीवन देना मेरी सरकार की प्राथमिकता है। हमारा दृष्टिकोण ग्रामीण भारत में लोगों को सशक्त बनाना, उन्हें आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करना, प्रवासन को रोकना और उनके जीवन को आसान बनाना है। इसे हासिल करने के लिए हमने हर गांव में बुनियादी सुविधाओं की गारंटी का अभियान चलाया है।'

छोटी जगह पर पला-बढ़ा, इसलिए गांवों की समस्याएं जानता हूं : प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं कि मैंने अपना बचपन एक छोटे शहर में बिताया, जिसने मुझे ग्रामीण क्षेत्रों में सामना की जाने वाली चुनौतियों का प्रत्यक्ष अनुभव दिया। साथ ही, इससे मुझे गांवों में मौजूद विशाल संभावनाओं को समझने में भी मदद मिली।

शेष पेज 08 पर

## पीएम आज नमो भारत कॉरिडोर और दिल्ली मेट्रो फेज-4 का करेंगे उद्घाटन, दिल्ली को देंगे करोड़ों की सौगात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 जनवरी को दिल्ली में 12200 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री साहिबाबाद और न्यू अशोक नगर के बीच दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के 13 किलोमीटर लंबे हिस्से का उद्घाटन करेंगे, जिसकी लागत करीब 4,600 करोड़ रुपये है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली मेट्रो फेज 4 का करेंगे उद्घाटन : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को दिल्ली मेट्रो फेज-IV का भी उद्घाटन करेंगे। चौथा फेज 2.8 किलोमीटर लंबा है, जो जनकपुरी और कृष्णा पार्क के बीच करीब 1,200 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। यह दिल्ली मेट्रो फेज-IV का उद्घाटन होने वाला पहला हिस्सा होगा। वह दिल्ली मेट्रो फेज-IV के 26.5 किलोमीटर लंबे रिठाला-कुंडली सेक्शन की आधारशिला भी रखेंगे, जिसकी लागत करीब 6,230 करोड़ रुपये है। यह कॉरिडोर दिल्ली के रिठाला को हरियाणा के नाथूपुर (कुंडली) से जोड़ेगा।

शेष पेज 08 पर

# झारखंड में शीतलहर से राहत नहीं : सभी स्कूलों की वर्ग आठ तक की कक्षाएं 13 जनवरी तक बंद

- स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के संयुक्त सचिव ने जारी किया आदेश

**रांची।** झारखंड में बढ़ती ठंड को देखते हुए सरकार ने केजी से वर्ग 8 तक की कक्षाएं 13 जनवरी तक बंद कर दी है। इसका आदेश स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के संयुक्त सचिव नंदकिशोर लाल ने 4 जनवरी को जारी किया। इसपर विभागीय सचिव का अनुमोदन प्राप्त है।

आदेश में कहा गया है कि शीतलहर एवं ठंड के बढ़ते प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए राज्य में संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त / गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी विद्यालयों में 7 जनवरी से 13 जनवरी, 2025 तक के लिए वर्ग-केजी से वर्ग-8 तक की कक्षायें बंद रहेंगी। आदेश में कहा गया है कि वर्ग 9 से 12 तक की कक्षायें एवं सभी प्रकार के आवासीय विद्यालय पूर्ववत संचालित रहेंगे।

शेष पेज 08 पर

## कांके का तापमान 3.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज

**रांची।** झारखंड में सर्दी बढ़ती जा रही है। आने वाले दिनों में इसके और बढ़ने की उम्मीद है। राजधानी रांची से सटे कांके का न्यूसनतम तापमान 3 जनवरी को 3.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। चतरा जिले का न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम केंद्र के अनुसार राज्य में अगले 2 दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई बदलाव की संभावना नहीं है। इसके आद अगले 3 दिनों में इसमें 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की संभावना है। रांची से सटे कांके का तापमान पिछले 24 घंटे में करीब 1 डिग्री सेल्सियस गिरा है।

## संक्षिप्त खबरें

### गुरु गोबिंद सिंह जयंती पर कल छुट्टी

**रांची।** झारखंड सरकार ने गुरू गोबिंद सिंह जयंती पर 6 जनवरी, 2025 को कार्यपालक आदेश के तहत अवकाश घोषित किया है। इसका आदेश कार्मिक विभाग के विशेष सचिव ओम प्रकाश साह ने 4 जनवरी को जारी किया।

### जयंत एन. खोबरागड़े पोलैंड में भारत के अगले राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी जयंत एन. खोबरागड़े, जो वर्तमान में आसियान में भारत के राजदूत के रूप में सेवा दे रहे हैं, को पोलैंड में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। यह जानकारी विदेश मंत्रालय द्वारा दी गई है। जयंत खोबरागड़े की नियुक्ति भारत और पोलैंड के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। खोबरागड़े ने अपने करियर में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है और उनकी विदेश नीति और कूटनीतिक क्षेत्र में गहरी समझ रही है।



खाई में गिरा सेना का ट्रक चार जवान शहीद, दो गंभीर रूप से घायल पेज 09

पोर्न स्टार केस में डोनाल्ड ट्रंप को राहत नहीं, 10 को सजा का एलान पेज 09

फिर थर्राई कच्छ में जमीन भूकंप में किसी प्रकार का नुकसान नहीं पेज 09

धनबाद में किन्नर समाज का भव्य अधिवेशन, देशभर से 5 हजार किन्नरों ने लिया हिस्सा पेज 08

# बोकारो व हजारीबाग में नक्सलियों के खिलाफ एनआईए ने दी दबिश

## डिजिटल उपकरण और डायरी समेत कई सामान जब्त, मचा हड़कंप

प्रात: नागपुरी प्रतिनिधि

**बोकारो\हजारीबाग।** नेशनल इन्वेस्टिगेटिंग एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को बोकारो जिले के गोमिया और हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड में कई गांवों में माओवादी नक्सलियों के खिलाफ दबिश दी। इस दौरान कई डिजिटल उपकरण, डायरी सहित कई सामान जब्त किए गए। नक्सलियों को पनाह और मदद देने वाले लोग भी एनआईए के रडार पर हैं। हालांकि, छापेमारी में अब तक किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है।

जानकारी के अनुसार, बोकारो और हजारीबाग की सीमा को बांटने वाले झुमरा पहाड़ की तराई में स्थित गांवों में नक्सलियों की गतिविधियों की सूचना एनआईए को मिली थी। शनिवार को एजेंसी की आठ टीम कई थाना क्षेत्रों की पुलिस के साथ चतरो चट्टी, रजडेरबा, लोधी, चेयाटांड और हरयिदमो गांव में पहुंची। इस दौरान कई घरों की सघन तलाशी ली गई है। छापेमारी में कई महिला पुलिसकर्मी भी शामिल रहीं।



### एसपी मनोज स्वर्गियारी ने की रेड की पुष्टि

बोकारो के पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी ने स्वीकार किया है कि एनआईए की टीमें बोकारो जिले में नक्सली संगठनों की गतिविधियों की जांच कर रही हैं। इसके पहले दिसंबर के आखिरी हफ्ते में गिरिडीह जिले के पीरटांड़ प्रखंड के मधुबन और खुखरा थाना क्षेत्र में भी एनआईए ने एक साथ कई स्थानों पर रेड डाली थी। इस दौरान कई लोगों से गहन पूछताछ की गई थी।

**एनआईए कर रही नक्सलियों के टेरर फंडिंग नेटवर्क की जांच :** तीन महीने पहले नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के जोनल कमेटी मेंबर 10 लाख के इनामी रामदयाल महतो उर्फ बच्चन ने आत्मसमर्पण किया था। उससे पूछताछ के बाद जांच एजेंसियों को कई महत्वपूर्ण जानकारी मिली थी। पिछले साल बोकारो जिले के लुगू पहाड़ पर पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इस दौरान नक्सलियों का एक लैपटॉप जब्त किया गया था, जिससे कई महत्वपूर्ण सुराग मिले थे। जानकारी के अनुसार, एनआईए इसके आधार पर नक्सलियों के टेरर फंडिंग नेटवर्क की जांच कर रही है। एजेंसी ने इसके पहले झारखंड के कई अन्य इलाकों में नक्सलियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### बच्चा बाबू सिंह गिरफ्तार, भाकपा माओवादी के लिए करता था काम



**रांची/बोकारो।** एनआईए (राष्ट्रीय जांच एजेंसी) ने झारखंड के बोकारो जिले के बच्चा सिंह उर्फ बच्चा बाबू सिंह को गिरफ्तार किया है। इस पर प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी और उसके शीर्ष नेताओं से जुड़े होने का आरोप है। वह नक्सली संगठन की विचारधारा को बढ़ावा देता था। झारखंड समेत अन्य जगहों पर नक्सली गतिविधियों के लिए पैसे जुटाने का काम करता था।

**पूछताछ के बाद एनआईए ने किया गिरफ्तार :** डीवीसी पावर प्लांट के सीएचपी में बतौर सप्लाई मजदूर के रूप में कार्यरत और प्रतिबंधित मजदूर संगठन समिति के पूर्व केंद्रीय महामंत्री बच्चा सिंह को एनआईए की टीम ने शुक्रवार को रांची में पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

शेष पेज 08 पर

## दुमका में पिकनिक से लौटते परिवार पर टूटा कहर

# ऑटो और ट्रक की टक्कर में चार की मौत, कई घायल



प्रात: नागपुरी प्रतिनिधि

- दुर्घटना में पति-पत्नी और पुत्री की हुई मौत
- पिकनिक मनाने मसानजोर गए थे सभी लोग

**दुमका।** झारखंड के दुमका जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में बड़ा सड़क हादसा हो गया। शनिवार की देर शाम ऑटो और ट्रक के बीच सीधी टक्कर में ऑटो सवार दो महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई। जबकि छह अन्य यात्री घायल हो गए। मृतकों में तीन एक ही परिवार के बताए जाते हैं।

**पति-पत्नी और पुत्री की मौत :** मृतकों की पहचान शिव पहाड़ मुहल्ला निवासी संजय गुप्ता, उनकी पत्नी पूनम देवी और पुत्री मुस्कान के नाम से हुई है। इस हादसे में ऑटो चालक की भी मौत हो गई। जबकि ऑटो पर सवार अन्य छह लोग भी घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए दुमका के फूलोझानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**पिकनिक मनाने मसानजोर गए थे सभी लोग :** सूत्रों के मुताबिक मृतक संजय गुप्ता अपने परिवार के साथ पिकनिक मनाने मसानजोर गए थे। इसी दौरान मसानजोर से घर लौटने के क्रम में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दासोराय डीह गांव के समीप ऑटो और ट्रक के बीच आमने-सामने टक्कर हो जाने से यह हादसा हुआ। शेष पेज 08 पर

## दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने जारी की पहली सूची

# केजरीवाल के खिलाफ प्रवेश वर्मा लड़ेंगे चुनाव



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने पहली सूची जारी कर दी है। बीजेपी की पहली लिस्टव में 29 उम्मीभदवारों के नामों की घोषणा की गई है। मालवीय नगर से सतीष उपाध्यामय, गांधी नगर से अरविंद सिंह लवली और कालकाजी से रमेश विधूड़ी को उम्मीयदवार बनाया गया है। नई दिल्लीय सीट से अरविंद केजरीवाल के खिलाफ बीजेपी ने प्रवेश वर्मा को चुनाव मैदान में उतारा है।

कांग्रेस-आप से बीजेपी में आए नेताओं का सम्मान : बीजेपी ने इस बार उन नेताओं का भी ध्योन रखा है, जो दूसरे दलों से भाजपा में आए हैं। आम आदमी पार्टी से आए राजकुमार आनंद, राजकुमार चौहान और कैलाश गहलोट को बीजेपी ने टिकट देकर सम्माएन दिया है। वहीं, कांग्रेस पार्टी से आए अरविंदर सिंह लवली को भी गांधी नगर सीट से उतारा गया है। ये कांग्रेस और आप के उन नेताओं के लिए संदेश है कि अगर वे बीजेपी में आना चाहें, तो उन्हेंर पूरा सम्माएन दिया जाएगा। साथ ही बता दें कि बीजेपी ने इस बार दिल्ली् विधानसभा चुनाव में किसी सीएम चेहरे के बिना जाने का फैसला किया है।

शेष पेज 08 पर



भारत ने कसा शिकंजा

## सिख फॉर जस्टिस पर लगा बैन पांच साल बढ़ा

**नई दिल्ली।** गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम के तहत सिख्स फॉर जस्टिस को गैरकानूनी संगठन घोषित करने के केंद्र सरकार के फैसले को UAPA ट्रिब्यूनल ने सही ठहराया।

शेष पेज 08 पर

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ठुकराया लालू यादव का ऑफर, कहा

# दो बार गलती से चले गए थे इधर से उधर

- प्रगति यात्रा के दौरान गोपालगंज पहुंचे नीतीश कुमार ने अटकलों पर लगाया विराम



**गोपालगंज।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अगले सियासी कदम को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। दरअसल बीते दिनों राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद ने सीएम नीतीश कुमार को ऑफर देते हुए कहा था कि उनके लिए राजद के दरवाजें खुले हुए हैं। जिसके बाद ये संभावना जताई जा रही है थी कि अंदरखाने गलियारे में कोई खिचड़ी पक रही है। लेकिन इन सब कयासों पर नीतीश कुमार ने शनिवार को विराम लगा दिया है। दरअसल शनिवार को प्रगति यात्रा के दौरान गोपालगंज पहुंचे नीतीश कुमार लालू यादव को ऑफर को ठुकराते हुए कहा कि 'हम दो बार गलती से इधर-उधर चले गए थे, अब हम लोग हमेशा साथ रहेंगे और विकास के कार्य करेंगे'।

शेष पेज 08 पर

## 'गोगो दीदी योजना' के नाम पर बीजेपी ने की अवैध वसूली, रिकवर कराएंगे: सुप्रियो

प्रात: नागपुरी संवाददाता



- बाबूलाल मरांडी से पूछा-अभी तक विधायक दल का नेता क्यों नहीं तय कर पाए?

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर झारखंड की महिलाओं से फर्जीवाड़ा करने का आरोप मढ़ा है। शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 'गोगो दीदी योजना' के नाम पर महिलाओं को हर माह 2,100 रुपए देने का झूठा वादा करते हुए भाजपा ने बड़ी संख्या में फॉर्म भरवाया और इसके एवज में उनसे पांच-पांच सौ रुपए वसूले। महिलाओं से अवैध रूप से वसूली गई यह राशि झारखंड की सरकार के जरिए रिकवर कराई जाएगी।

झामुमो नेता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में थोड़ी भी नैतिकता है, तो वह अपने वादे के अनुसार 'गोगो दीदी योजना' को केंद्र के स्तर से लागू कराए और देशभर की सभी महिलाओं को प्रतिमाह 2,100 रुपए की राशि प्रदान करे। झारखंड में हमारी सरकार सामाजिक सुरक्षा को पहली प्राथमिकता दे रही है। महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करना हमारी प्रतिबद्धता है।

शेष पेज 08 पर

# अमित शाह ने 'सुषमा भवन' का किया उद्घाटन

## 500 कामकाजी महिलाओं को मिला आश्रय




**नई दिल्ली।** कामकाजी महिलाओं के लिए नए छात्रावास ब्लॉक 'सुषमा भवन' के उद्घाटन कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, "सुषमा जी को हमेशा पार्टी की महान नेताओं में से एक के रूप में याद किया जाएगा। भारत के राजनीतिक इतिहास में – वे उन नेताओं में से एक हैं, जो एनडीए 1 और एनडीए 2 के दौरान मंत्री रहीं और वह भी महत्वपूर्ण विभागों में; लेकिन उन्हें केवल मंत्री के रूप में नहीं, बल्कि विपक्ष के नेता के रूप में याद किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर जमकर हमला बोला।

**अरविंद केजरीवाल ने दिल्लीवासियों के पैसे से शीश महल बनवाया :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आप नेता अरविंद केजरीवाल पर जमकर हमला बोला- कहा, "कुछ बच्चे मुझसे मिलने मेरे घर आए। मैंने उनसे पूछा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के लिए क्या किया? उनमें से एक बच्चे ने कहा कि उन्होंने अपने लिए एक बड़ा शीश महल बनवाया है। जब वे (अरविंद केजरीवाल) राजनीति में आए थे, तो कहते थे कि वे सरकारी गाड़ी या सरकारी बंगला नहीं लेंगे, आज उन्होंने दिल्लीवासियों के पैसों से शीश महल बनवाया है। केजरीवाल जी, आपको दिल्ली की जनता को हिसाब देना होगा।"

**सुषमा स्वराज ने संसद में कांग्रेस के भ्रष्टाचार को उजागर किया :** गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, "सुषमा जी ही थीं, जिन्होंने संसद में कांग्रेस के भ्रष्टाचार को उजागर किया। मैं उम्मीद करता हूं कि विपक्ष के सभी नेताओं को उनके काम का अध्ययन करना चाहिए और उनके कामों का अनुसरण करने का प्रयास करना चाहिए।"

**500 कामकाजी महिलाओं के लिए तैयार छात्रावास :** अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा, नई दिल्ली नगर पालिका परिषद ने पहले ब्लॉक में 500 कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास तैयार किया है। उन्होंने कहा, यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अर्बन विकास कार्यक्रम का हिस्सा है। 2014 में प्रधानमंत्री का पद संभालते ही नरेंद्र मोदी ने देश के शहरी विकास को नितिगत आधार देने का काम किया है। ऐसा नहीं है कि मोदी जी के आने के पहल शहरी विकास में कोई काम नहीं किया गया, सभी सरकारों ने शहरी विकास के लिए अच्छा काम किया। लेकिन जरूरत थी, इसे नीतिगत आधार देने की, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया।

# डॉ. राजगोपाल चिदंबरम का 88 वर्ष की उम्र में हुआ निधन



- प्रधानमंत्री मोदी ने चिदंबरम के निधन पर व्यक्त किया दुख
- चिदंबरम ने पोखरण परमाणु परीक्षणों में निभाई अहम भूमिका

**नई दिल्ली।** देश के पूर्व प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. राजगोपाल चिदंबरम का शनिवार को 88 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। उन्होंने शनिवार तड़के 3.20 बजे मुंबई के जसलोक अस्पताल में अंतिम सांस ली। पोखरण परमाणु परीक्षण में अहम भूमिका निभाने वाले देश के पूर्व प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. राजगोपाल चिदंबरम के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'डॉ. राजगोपाल चिदंबरम के निधन से बहुत दुख हुआ। वे भारत के परमाणु कार्यक्रम के प्रमुख वास्तुकारों में से एक थे और उन्होंने भारत की वैज्ञानिक और सामरिक क्षमताओं को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्हें पूरा देश कृतज्ञता के साथ याद करेगा और उनके प्रयास आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेंगे।'

शेष पेज 08 पर

## संक्षिप्त

### सम्मेलन के लिए चला कोष संग्रह अभियान

**सिल्ली।** नामकुम रांची हेतु सिल्ली में सम्मेलन कोष संग्रह अभियान चलाया गया।इस अवसर पर जिला कमिटी सदस्य अमर महली, अरूण महतो, सिल्ली लोकल कमिटी सदस्य संतोष कुम्हार, जितेन्द्र महतो, चितरंजन महतो, दीपक सोनार आदि उपस्थित थे। सिल्ली बाजार के हर दुकानदारों एवं नागरिकों के बीच सम्मेलन कोष संग्रह अभियान चलाया गया।

### किसान नेता कॉमरेड करम सेठ का निधन



**सोनाहातू।** माकपा सोनाहातु लोकल कमिटी सदस्य सह ब्रांच सचिव एवं किसान नेता कॉमरेड करम सेठ 54 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया।इनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। माकपा एवं किसान सभा ने अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि दिया।माकपा झारखंड राज्य सचिव मंडल सदस्य सह झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सुफल महतो ने कहा कॉमरेड करम सेठ बहुत ही ईमानदार, संघर्षशील एवं समर्पित साथी थे। जीवन पर्यन्त पार्टी एवं किसान सभा के प्रति उनके योगदान को सदैव याद रखा जाएगा। मौके पर सावना महली सहित माकपा नेता ने शोक व्यक्त किया।

### आग लगी में 50 क्विंटल धान जल कर राख



**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के तेलवाडीह टोला शत्रुघ्नडीह के रनिता देवी के खलिहान में रखा धान चाकी में अचानक आग लगने से 50 क्विंटल धान जल कर राख हो गया गया है। धान का बाजार कीमत 1 लाख 10 हजार बताया जा रहा है। धान चाकी जल जाने से किसान काफी हताश हो गया है। आग लगी कि घटना शनिवार दिन के डेढ़ बजे की बताई जा रही है। खलिहान में आग लगने की जानकारी होने पर लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन तब तक धान जल कर राख हो गया था।पीड़ित किसान अंचल कार्यालय सोनाहातू में आवेदन देकर मुआवजा की मांग किया है।

### सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**खूंटी।** जिले में सड़क सुरक्षा माह के तहत लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिला परिवहन कार्यालय खूंटी में शनिवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी गई। मौके पर जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक निशांत रौशन ने बताया कि मार्ग के किनारे साइनेज अधिष्ठापित किए गए हैं, जो मार्ग से जुड़ी जानकारी के संकेतक हैं। वाहन चलाते समय सभी प्रकार के साइनेज को दृष्टिगत रखते हुए गाड़ी चलाएं। हमेश वाहन निर्धारित गति सीमा पर ही चलाएं। समय बचाने के लिए ओवर स्पीड हरगिज न करें। ऐसा कर आप अपनी तथा दूसरों की जिंदगी बचा सकते हैं।

# धारदार हथियार से मारकर युवक की हत्या



**प्रात:नागपुरी प्रतिनिधि**

**खूंटी।** तोरपा थाना क्षेत्र में अज्ञात अपराधकर्मियों ने एक युवक की हत्या कर शव को सड़क किनारे फेंक दिया। युवक का शव शनिवार को तोरपा थाना क्षेत्र के ओरमेंजा गांव के पास से पुलिस ने बरामद किया। शव तोरपा-सिमडेगा मार्ग के किनारे पड़ा हुआ था। शव की शिनाख्त नहीं हो पायी है।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने ओरमेंजा गांव के पास सड़क किनारे शव को देखा और इसकी सूचना तोरपा थाना की पुलिस को दी। सूचना पाकर एसडीपीओ क्रिस्टोफर केरकेट्टा, थाना प्रभारी प्रभात रंजन पाण्डेय, सब इंस्पेक्टर अमरेंद्र मंडल आदि घटनास्थल पहुंचे। सूचना मिलने पर अम्मा पंचायत के मुखिया मंजीत तोपनो भी वहां पहुंचे। शव कंबल से ढंका हुआ था। शव पर गले में धारदार हथियार से काटे जाने के निशान थे। घटनास्थल पर देखने से प्रतीत होता है कि अपराधकर्मियों ने घटना को अन्यत्र अंजाम देकर शव को लाकर सड़क किनारे फेंक दिया।

पुलिस ने शव की जांच करने पर युवक के पॉकेट से गांजा, खैनी, गांजा पीने वाला चिलम आदि बरामद किया है। पुलिस शव की शिनाख्त कराने तथा हत्यारों का पता लगाने में जुटी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेज दिया गया।

## उपायुक्त ने सीएम से की मुलाकात

▸ विकास योजनाओं की दी जानकारी



**प्रात:नागपुरी प्रतिनिधि**

**खूंटी।** खूंटी के उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने शनिवार को मुख्यमंत्री,हेमंत सोरेन से उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की और उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उपायुक्त ने मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ एवं कटहल प्रोसेसिंग यूनिट में निर्मित विशिष्ट सामग्री भेंट की। मुख्यमंत्री ने सामग्री की प्रशंसा करते हुए खूंटी कटहल प्रोसेसिंग यूनिट के उत्पादों को देश-विदेश में पहचान दिलाने के लिए हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने इन सामग्रियों की गुणवत्ता को प्रोत्साहन देने के लिए विशेष प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। साथ हीं इससे जुड़े किसानों को शुभकामनाएं दी। मुलाकात के दौरान, उपायुक्त ने मुख्यमंत्री को खूंटी जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों एवं संचालित योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने इन योजनाओं को समयबद्ध तरीके से क्रियान्वित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और जिले के समग्र विकास में सहयोग का भरोसा जताया।

## खूंटी में चोरी की चार बाइक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



**प्रात:नागपुरी प्रतिनिधि**

**खूंटी।** जिले के अड़की थाना की पुलिस ने चोरी की चार बाइक के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पकड़े गए आरोपितों में अड़की के हितडीह गांव निवासी दिनेश मुंडा और तमाड़ थाना क्षेत्र के बबइकुरी गांव निवासी परेश मुंडा शामिल हैं। इस आशय की जानकारी खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरुण रजक ने शनिवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। एसडीपीओ ने बताया कि 27 दिसंबर को अड़की से एक बाइक की चोरी हुई थी, जबकि तीन बाइकों की चोरी 31 दिसंबर को सोसोकुटी मेला से हुई थी। इस संबंध में अड़की थाने में मामला दर्ज किया गया है। अनुसंधान के क्रम में पुलिस के जरिये चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान चोरी की बाइक के साथ दिनेश और परेश को पकड़ा गया। दोनों ने बाइक चोरी में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। पूछताछ के क्रम में दोनों ने पुलिस को बताया कि सोसोकुटी मेला से भी उनके जरिये तीन मोटरसाइकिलों की चोरी की गई थी। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने हितडीह केनाल रोड के किनारे डाड़ियों से तीन बाइक को बरामद कर लिया।

# विभाग के फुडब्रिज निर्माण प्रस्ताव को ग्रामीणों ने नकारा

▸ फ्लाई ओवर की मांग पर अड़े, अधिकारी लौटे बैरंग



**प्रात:नागपुरी प्रतिनिधि**

**इटकी।** इटकी रेलवे स्टेशन स्थित समपार फाटक के निकट विभाग के फुडब्रिज निर्माण प्रस्ताव को ग्रामीणों नकार दिया है। फ्लाई ओवर की मांग पर अड़ गये है। साथ ही यहां विभाग के किसी भी कार्य पर रोक लगा दिया है।

जिससे विभाग द्वारा नया विकल्प के निरीक्षण करने पहुंचे टीम को वैरंग लौट जाना पड़ा। शनिवार को विभाग के सीनीयर डीएन कोडेनेशन (सीओ) साकेत कुमार कई अधिकारियों के एक टीम के साथ स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे थे। निरीक्षण के बाद अधिकारियों ने ग्रामीणों के समक्ष बंद समपार फाटक के निकट फुडब्रिज का निर्माण सहित स्टेशन पर लोगों के लिए सभी सुविधा उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखा किन्तु ग्रामीणों ने विभाग के फुडब्रिज प्रस्ताव को नकारते हुए फ्लाई ओवर निर्माण की मांग पर अड़ गये। साथ ही जब तक फ्लाई ओवर का निर्माण नही होता तब तक बंद समपार फाटक को खुला रखने और यहां किसी प्रकार की विभागीय कार्य नही करने पर रोक लगा दिया। ग्रामीणों ने चेताया कि सांसद,विधायक और अधिकारियों के साथ ग्रामसभा प्रस्ताव परित के अनुसार आगे कार्य करने की बात कही ।अधिकारियों द्वारा लाख समझाने के बावजूद ग्रामीण अपनी मांगों पर डटें रहे। सहमति नही बनने पर अधिकारियों की टीम वैरंग लौट गई। बता दें पिछले 30 दिसम्बर सोमवार को ग्रामीणों के एक ग्यारह सदस्यी टीम पूर्व मंत्री बंधु तिर्की की अगुवाई में बंद समपार फाटक को खोलने और फ्लाई ओवर निर्माण की मांग लेकर डीआरएम जसमीत सिंह विन्द्रा से मिलने उनके मुख्यालय पहुंचे थे। ग्रामीणों के मांग पर डीआरएम चार जनवरी को रेलवे विभाग के टेक्निकल टीम को नये विकल्प के लिए स्थल का सर्वेक्षण का अश्वासन दिया था। इसी अश्वासन के तहत सीनीयर डीएन कोडनेशन (सीओ )साकेत कुमार, एडीएन सेटलमेंट अधिकारी कृष्णकांत पीडब्लयूआई संत कुमार ,आईएओ डब्ल्यू अशोक कुमार और दर्जणों आपीएफ के अधिकारी और जवान निरीक्षण में पहुंचे थे। मौके पर ग्रामीणों में मोईन अंसारी, झामुमो अध्यक्ष वसीम इकबाल, आजसू जिला सचिव मुतेर्जा आलम, कुदुश अंसारी ,खुर्शीद अंसारी सहित दर्जणों ग्रामीण उपस्थित थे।

### विभाग ने टूटे समपार फाटक को किया दुरुस्त

इटकी स्टेशन के निकट टूटे समपार फाटक को रेलवे विभाग ने शनिवार को दुरुस्त कर दिया है। एक तरफ का समपार फाटक टूटा गया था वही दूसरे छोर के फाटक खुला पड़ा था। लोगों का समपार फाटक से आना जाना कर रहे थे वही ट्रैक पर ट्रेन गुजर रहे थे। ऐसी परिस्थिति में यहां दुर्घटना की प्रबल संभावना बन हुई थी।

# बैंक से 10 हजार रुपए से कम निकासी नहीं होने पर ग्राहक परेशान



**प्रात:नागपुरी प्रतिनिधि**

**सिल्ली।** बैंक ऑफ इंडिया सिल्ली शाखा में इन दिनों अपने खाते से 10 हजार रुपये से कम की निकासी नहीं होने पर ग्राहकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इससे ग्रामीणों को अपने दैनिक जीवन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, खासकर उन लोगों को जो अपने खातों से पैसे निकालने पर निर्भर हैं। दुर दराज से आने वाले ग्रामीण बिना रुपए निकासी किए वापस जा रहे है। ये परेशानियां पिछले एक महीना से हो रही है। बैंक की ओर से ग्राहकों को सीधे 10 हजार से अधिक की निकासी के लिए कहा जा रहा है। 10 हजार रुपए से कम राशि निकासी के लिए उन्हें पास के ग्राहक सेवा केन्द्र से रुपए की निकासी की नसीहत दे रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि ग्राहक सेवा से रुपए निकासी करने पर उन्हें एक्स्ट्रा पैसे देना पड़ता है। बैंकों में किन के आदेश पर यह किया गया है यह कोई भी कुछ भी बताने से इनकार कर रहे है। बैंक के शाखा प्रबंधक डेविड खलको से से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जगह जगह बीसी प्वाइंट/सीएससी सेंटर खुले है वहां से ग्राहक रुपए की निकासी कर सकते है। वहीं कांग्रेस पार्टी के रांची जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष सह जिला अनुशासन समिति के अध्यक्ष नागेंद्र नाथ गोस्वामी ने बैंक ऑफ इंडिया के शाखा के जोनल कार्यालय को इसकी शिकायत की है। एवं जल्द से जल्द इस पर जांच कर ग्रामीणों को हो रही परेशानियों को दूर करने का प्रयास करने का आग्रह किया है।

## सिल्ली की पुष्पिता का स्वामी विवेकानन्द राष्ट्रीय प्राचार्य पुरस्कार के लिए हुआ चयन



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखण्ड के लोवापिड़ी गांव की निवासी व अमृता इंटरनेशनल स्कूल सिल्ली के निदेशक पुष्पिता ब्रजकिशोर सिन्हा को प्रतिष्ठित स्वामी विवेकानन्द राष्ट्रीय प्राचार्य पुरस्कार के लिए चयन किया गया है। वर्तमान में पुष्पिता ब्रजकिशोर सिन्हा दिल्ली पब्लिक स्कूल, रायगढ़, छत्तीसगढ़ में प्राचार्य के रूप में कार्यरत हैं। शिक्षा के क्षेत्र में उनके निरंतर समर्पण और 30 वर्षों की कड़ी मेहनत के बाद ये उपलब्धि उन्हें मिला है। वो अमृता इंटरनेशनल स्कूल जो सिल्ली कॉलेज सिल्ली के पास स्थित है , जहां उनके कुशल मार्गदर्शन में ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर शिक्षा का अलख जगाया जा रहा है। उनके इन उपलब्धियां पर छत्तीसगढ़ के साथ साथ झारखंड सिल्ली भी गौरवान्वित महसूस कर रहा है। इस मौके पर पुष्पिता ब्रजकिशोर सिन्हा ने कहा कि यह पुरस्कार केवल उनके प्रयासों का सम्मान नहीं है, बल्कि उनकी पूरी टीम की मेहनत और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह उनको शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए और भी प्रेरित करता है।

### सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार दो युवती घायल

**इटकी।** इटकी रोड पर भारत गैस ऐजेंसी के निकट करीब दिन के ग्यारह बजे सड़क दुर्घटना अविनाशी मिंज और मनीषा मिंज नामक दो युवती घायल हो गये है। ग्रामीणों के मदद से घायल युवतियों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। घायल दोनो युवती इटकी रानीखंगा गांव के निवासी है। उपचार के बाद दोनो घायल युतियों को घर भेज दिये गये है। सूचना पर पुलिस घटना स्थल पहुंची और दुर्घटना ग्रस्त स्कूटी और बाईक को जब्त कर लिया है। घटना के संबंध में बताया गया कि एक स्कूटी में सवार अविनाशी मिंज और मनीषा मिंज भारत गैस ऐजेंसी में केवाईसी बनाने के सड़क पर खड़े थे इसी दौरान एक बाईक में सवार तीन युवकों ने स्कूटी को पिछे से ठोकर मार दी जिससे दोनो युवती सड़क पर गिर गये और घायल हो गये। जबकि वाईक में सवार तीनों युवकों को हल्की चोटें आई। बाद में पुलिस ने आपसी समझौता के तहत जब्त वाईक और स्कुटी को छोड़ दिया।

### हरिहर मेला प्रबंध समिति की बैठक सम्पन्न

**सिल्ली।** प्रखंड के कोंचो पंचायत सचिवालय परिसर में शनिवार को हरिहर मेला प्रबंध समिति कोचों के द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अधिवक्ता शरत कुमार महतो ने की। बैठक में मकर संक्रान्ति, आखाइन यात्रा एवं टुसु मेला की सांस्कृतिक विरासत को बचाए रखने पर विशेष चर्चा की गई। वक्ताओं ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हरिहर मेला पंच परगना का सबसे बड़ा सांस्कृतिक एवं पारंपरिक मेला है। इसकी गरिमा को बचाए रखना है। बैठक में हरिहर मेला प्रबंध समिति का पुनर्गठन किया गया । जिसमें सुनील सिंह, सूर्य नारायण महतो, विनोद महतो, रास रंजन महतो एवं लक्ष्मण महतो को संरक्षक, राजकुमार महतो को अध्यक्ष, आशीष कुमार महतो को उपाध्यक्ष, जगतपाल महतो को सचिव, सोमनाथ महतो को सह सचिव एवं मोतीलाल महतो को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावे कार्यकरिणी सदस्यों का चयन किया गया। जिसमें आनंद महतो, भूपेश महतो, संजय महतो, सनोज महतो, मिथुन चंद्र महतो, शक्तिधर महतो, मानसिंह महतो, मिथिलेश महतो, अजीत महतो, अनूप महतो, अरुण महतो, कामेश्वर महतो, मंजीत हजामत, करण कुम्हार, समरनाथ महतो, रंजन महतो, रमेश चंद्र महतो, उत्तम कुमार महतो, अखिलेश्वर कुम्हार, बरुण महतो, शिवाजी महतो, कीर्तिनाथ महतो, शांति कुमार महतो, खिरोधर महतो, संतोष महतो आदि शामिल हैं।

### अवैध रुप से बालू लदे तीन ट्रैक्टर जब्त

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में अवैध खनन, खनिजों के परिवहन पर पूरी तरह से रोक लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में कुज्जू ओपी अंतर्गत ग्राम बोंगाबार के पास दो ट्रैक्टर बालू लोड कर ले जाते हुए पाया गया गश्ती दल द्वारा दोनों ट्रैक्टर चालको से जांच के क्रम में बालू संबंधित कागजात की मांग करने पर कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। दोनों ट्रैक्टरों में अवैध बालू परिवहन किया जा रहा था जो महिंद्रा 415डीआई लाल रंग ट्रैक्टर जिसका निबंधन संख्या जेएच 18 एच1671 इंजन नंबर आरजेएफ4वायबीए 4003 वहीं, दूसरी वाहन संख्या पावर ट्रैक 434 ब्लू रंग का ट्रैक्टर इंजन नंबर इ3187429,चेचिस नंबर बी 3169037 एवं बासल थाना क्षेत्र में संध्या गश्ती के क्रम में जयनगर पतरातु की ओर से अवैध बालू लोड लाल रंग का महिंद्रा ट्रैक्टर जिसका चेचिस नंबर एमबीएनएबीएइएपीकेआरजे 00129 इंजन नंबर आरकेजे2डीबीए 0309 पर अवैध बालू खनिज लोड पाया गया। उक्त तीनों ट्रैक्टरों में जांच पड़ताल किया गया परंतु बालू का परिवहन चालान कागजात नहीं पाया गया।

## उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**प्रात:नागपुरी प्रतिनिधि**

**सिल्ली।** भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकार के सहयोग से महिला जनशक्ति संगठन की ओर से शनिवार को सिल्ली में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में उपभोक्ताओं के सशक्तिकरण के लिए कई प्रकार की जानकारी दी गई। दूरसंचार एवं प्रसारण सेवा में शिकायत निवारण तंत्र की जानकारी, उपभोक्ताओं के अधिकार एवं विभिन्न मोबाइल सेवा प्रदाताओं की पर उपभोक्ताओं को दिए जाने वाले सुविधाओं की जानकारी दी गई। कॉर्डिनेटर जितेंद्र त्रिपाठी ने लोगों को ट्राई की ओर से मोबाइल कंपनियों के लिए जारी किए गए निदेर्शों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मोबाइल कम्पनियां उपभोक्ताओं के बिना सहमति के कोई भी वैल्यू एडेड सर्विस नहीं दे सकती। अगर ऐसा हो तो इसको रोकने के भी तरीके बताए। मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी के उपयोग के भी तरीके बताए गए। कैग मेंबर सुमन कुमारी ने कार्यक्रम के अंत में लोगों से फीडबैक लिए। लोगों के बीच प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम किए गए। बेहतर जबाव देने वालों को संस्था की निदेशिका सुमन कुमारी ने पुरस्कार दिए। इस मौके पर कैग की सदस्य एवं महिला जनशक्ति संघठन की निदेशक सुमन कुमारी, प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर, जितेंद्र कुमार त्रिपाठी, सदस्य राजेश कुमार, वार्ड सदस्य रिंकू देवी, उर्मिला देवी, पिंकी भगत, गोविंद कुमार मिश्रा सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### ट्राई की शिकायत शाखा खोलने की मांग

सिल्ली: कार्यक्रम के दौरान लोगों ने आयोजकों से सिल्ली में एक ट्राई की शिकायत शाखा खोलने की मांग की। महिलाओं ने कहा कि सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में पांच प्रखंड आते है लाखों की आबादी है शिकायत केंद्र के खुल जाने से एक बड़ी आबादी को मोबाइल संबंधी शिकायत दर्ज किए एवं मोबाइल सेवाओं की सुविधाओं को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। आयोजकों ने भी लोगों की मांग को सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

## दुश्मन को पहचानो अभियान के तहत जवानों का जरियागढ़ थाना में रिहर्सल




**प्रात:नागपुरी प्रतिनिधि**

**खूंटी।** तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी क्रिस्टोफर केरकेट्टा के जरिये शनिवार को जरियागढ़ थाना परिसर में दुश्मन को पहचानो अभियान के तहत जवानों का रिहर्सल कराया गया।

मौके पर एसडीपीओ ने कहा कि अभियान का उद्देश्य क्षेत्र के सक्रिय नक्सलियों-उग्रवादियों और जमानत पर जेल से बाहर निकले अपराधियों को पहचानना और उनकी गतिविधियों को ध्यान में रखना है। उन्होंने कहा कि मुख्य रूप से कुख्यात नक्सली मार्टिन केरकेट्टा, दुर्गा सिंह और अमृत होरो के गतिविधियों की जानकारी मिलने पर इसकी सूचना थाना प्रभारी को देने का निर्देश एसडीपीओ ने दिया। एसडीपीओ ने कहा कि नक्सलियों को गिरफ्तार कराने वाली टीम को सरकार के जरिये घोषित इनाम उन्हें दिया जाएगा। मार्टिन केरकेट्टा पर पंद्रह लाख रुपये ,अमृत होरो पर एक लाख और दुर्गा सिंह उर्फ पंजरी पर दो लाख रुपए का इनाम रखा गया है। सूचना देने वालों का नाम गुप्त रखा जाएगा। मौके पर थाना प्रभारी राजू कुमार, कुलदीप रोशन बारी, श्यामल कुंभकार,, तारकेश्वर गौड,के अलावा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# प्रेस क्लब भवन में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

## क्लब का सराहनीय कार्य, एक-एक सदस्य बधाई के पात्र: एसपी



**प्रात:नागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** प्रेस क्लब रामगढ़ के तत्वावधान में क्लब परिसर में आयरिश अस्पताल और ऑर्किड मेडिकल सेंटर के द्वारा शनिवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में बतौर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अजय कुमार शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि का स्वागत क्लब के अध्यक्ष बीरेन्द्र कुमार बीरू एवं सचिव धनेश्वर प्रसाद द्वारा पुष्प गुच्छ देकर किया गया। साथ ही उपाध्यक्ष प्रदीप राज बबलू, सह सचिव ब्यास शर्मा, कोषाध्यक्ष दुर्वेज आलम, कार्यकारणी सदस्य रितेश कश्यप, दीपक कुमार, सौरभ नारायण सिंह आदि के द्वारा आयरिश अस्पताल और ऑर्किड मेडिकल सेंटर के चिकित्सकों और कर्मियों का स्वागत किया गया। जिसके बाद मुख्य अतिथि और क्लब के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि अजय कुमार ने कहा कि प्रेस क्लब रामगढ़ के द्वारा इस शिविर का आयोजन कर सराहनीय कार्य किया है। इसके लिए उन्होंने सभी पत्रकारों को शुभकामनाएं दी और भविष्य में इसी तरह के आयोजन के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिस प्रकार लोकतंत्र के तीन स्तंभ अपने अपने कार्य कर रहे हैं, उसी प्रकार चौथा स्तंभ जिसे पत्रकार कहा जाता है उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होती है।

### एसपी ने आंख की कराई जांच

इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने शिविर में शामिल होकर। खुद आँख जांच कराया। जिसके बाद क्लब के पदाधिकारियों से पत्रकारों के बेहतरी पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया। उन्होंने कहा कि पत्रकार निर्भीक होकर पत्रकारिता करे, जनहित के मुद्दों को पटल पर निष्पक्षता से रखें । पुलिस आपकी सुरक्षा को लेकर हमेशा तैयार है।

### इन्होंने किया शिविर को सफल

कार्यक्रम को सफल बनाने में आंख जांच के लिए इरिस हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ रोशन कुमार मार्केटिंग मैनेजर गौतम रवानी एवं ऑर्किड हॉस्पिटल से डॉक्टर मारुति नंदन और सिस्टर स्वाति और साथी ने अहम योगदान दिया। शिविर के आयोजन में मुख्य भूमिका निभाने वाले उनके टीम लीडर एमडी काशिफ अख्तर की भी भूमिका अहम रही।

## संक्षिप्त

### राज्यपाल से हाई कोर्ट के जस्टिस ने की मुलाकात

**रांची** : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शनिवार को झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस डॉ. एसएन पाठक ने राजभवन में भेंट की। इस दौरान न्यायमूर्ति ने राज्यपाल को स्वरचित पुस्तक 'न्याय पथ के पथिक' भेंट की। राज्यपाल ने पुस्तक रचना के लिए न्यायमूर्ति को बधाई दी और उनकी इस उत्कृष्ट साहित्यिक उपलब्धि की सराहना की। उन्होंने आशा प्रकट कि यह पुस्तक न्यायिक प्रक्रिया, उसके मूल्यों और आदर्शों को समझने में सहायक सिद्ध होगी। दूसरी ओर, राज्यपाल से श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के सचिव मुकेश कुमार ने राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को नव वर्ष 2025 की शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने भी उन्हें नूतन वर्ष की शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा राज्यपाल से राज्यसभा के पूर्व सदस्य अजय मारू ने राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। अजय मारू ने राज्यपाल को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने भी मारू को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी।

### श्री सदानंद जी महाराज को झारखंड में मिलेगा राजकीय अतिथि सम्मान

**रांची** : संत शिरोमणि श्री श्री 1008 स्वामी डॉ. श्री सदानंद जी महाराज के पांच दिवसीय झारखंड दौरे पर 4 जनवरी को शाम को रांची पहुंचेंगे। श्री सदानंद महाराज रांची के पुंदाग झारखंड के सबसे बड़े मंदिर श्री राधा- कृष्ण मंदिर का उद्घाटन 5 जनवरी को करेंगे। तथा चार दिवसीय श्रीमद्भागवत कृष्ण कथा मे भाग लेंगे। झारखंड में स्वामी सदानंद महाराज जी को राजकीय सम्मान मिलेगा। झारखंड के विशेष कार्य पदाधिकारी ने रांची के उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक को एक पत्र प्रेषित कर स्वामी डॉ सदानंद महाराज जी को झारखंड आगमन से लेकर प्रस्थान तक पुरे राजकीय अतिथि के रूप मे सम्मान देते हुए समुचित व्यवस्था देने की बात कही। ट्रस्ट के संस्थापक एवं संरक्षक स्वामी श्री सदानंद महाराज को झारखंड सरकार द्वारा राजकीय सम्मान दिए जाने पर श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के पदाधिकारीगण एवं सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए झारखंड सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। उक्त जानकारी ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने दी।

### रिम्स पीएचडी एंट्रेंस के लिए आवेदन 15 जनवरी तक

**रांची** : रिम्स ने पीएचडी एंट्रेंस एग्जाम के सत्र 2024-25 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके तहत रिम्स के कुल 41 विभागों के पीएचडी कोर्स में नामांकन की प्रक्रिया होगी। आवेदन वेबसाइट रिम्स के वेबसाइट से डाउनलोड कर सकेंगे। सभी जरूरी डॉक्यूमेंट के साथ 15 जनवरी तक जमा करना होगा। पीएचडी एंट्रेंस 18 फरवरी को संभावित है। परीक्षा ऑफलाइन मोड पर होगी। परीक्षा अवधि 120 मिनट का होगा। इसमें एमसीक्यू पैटर्न पर सवाल होंगे। परीक्षा केंद्र रिम्स, रांची में ही होगा। इसमें आवेदन फॉर्म शुल्क जनरल और ओबीसी कैटेगरी के लिए 300 रुपये एवं झारखंड के एससी तथा एसटी केटेगरी के लिए 200 रुपये निर्धारित है। साथ ही एंट्रेंस एग्जाम फीस 2500 रुपये निर्धारित है। ज्यादा जानकारी संस्थान के वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं।

### एचईसी परिसर नागरिक मंच का हुआ गठन

**रांची** : पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार को यूनियन नेता भवन सिंह के अध्यक्षता में सामाजिक संगठनों की महत्वपूर्ण बैठक एचईसी सेक्टर 2 स्थित इ-44 सीटू कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में चर्चा के दौरान लोगों ने कहा कि एलटीएल आवासों का एग्रीमेंट के जगह रजिस्ट्री डीड कर मालिकाना हक चाहिए, एलटीएल आवासों का बिना शर्त नवीकरण करना, अन्य लोगों को बेचे गए एलटीएल आवास का लीज ट्रांसफर,एचईसी के शेष आवासों का पुनः एलटीएल स्कीम पर आवंटन करना एवं परिसर क्षेत्र में वर्षों से रहने वाले झुगी झोपड़ी एवं दुकानदार समूहों को स्थाई तौर पर किराया तय कर निर्धारण करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई ! इस दौरान निर्णय लिया गया कि इन सभी विषयों को लेकर एक अहम कमिटी का गठन किया जाये।

## खादी मेला में आदिवासी संस्कृति से लेकर आध्यात्म की किताबें लोगों को आ रहीं पसंद

# परंपरागत व्यंजनों और उत्पादों की धूम

### मेले में झारखंड की कला, हस्तशिल्प और संस्कृति का जीवंत अनुभव








**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची** : राष्ट्रीय खादी और सरस महोत्सव 2024-2025 अब अपने समाप्ति की ओर बढ़ रहा है, लेकिन लोगों का उत्साह कम नहीं हो रहा है। आज मेले में भारी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी।

**आदिवासी कला और संस्कृति का नया रूप**

इस वर्ष सरस मेला ने पारंपरिक आदिवासी कला और संस्कृति को आधुनिक दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया। पलाश ज्वेलरी और वस्त्रों से सजे मॉडलों ने मंच पर अनूठा प्रदर्शन किया, जिसे दर्शकों ने बेहद सराहा। मेले में झारखंड की कला, हस्तशिल्प और संस्कृति का जीवंत अनुभव देखने को मिला।

**व्यंजनों और उत्पादों की धूम**

मेले में झारखंड के स्थानीय स्वादिष्ट व्यंजनों, जैसे दीदी कैफे के पकोड़े, छिलका, बालूशाही और अन्य परंपरागत व्यंजन लोगों को खूब पसंद आए।

**किताबों की दुनिया से रूबरू**

खादी एवं सरस महोत्सव में भारतीय परिधानों, हस्तशिल्प और व्यंजनों के अलावा जो सबसे अधिक लोगों को पसंद आ रहा है वह है किताबें।

यहां अध्यात्म से लेकर आदिवासी संस्कृति तक की सारी किताबें मिल रही है। रामकृष्ण मिशन आश्रम की ओर से पुस्तक विक्रय केंद्र लगाया गया है जहां आपको रामकृष्ण से जुड़ी हर तरह की किताबें मिल रही हैं। वहीं डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध रांची की ओर से भी प्रकाशन सह विक्रय केंद्र का स्टॉल लगाया गया है। यहां उरांव, संथाल, कोरबा, असुर, ट्राइबल लाइवहुड सहित हर तरह की पुस्तक उचित मूल्य पर मिल जाएगी। इसके अलावा योगदान सत्संग समिति की तरफ से भी स्टॉल लगाया गया है जहां आपको परमहंस योगदानंद और योगदा सत्संग से जुड़ी हर तरह की किताबें यहां मिलेगी ।

आज शनिवार को दिनांक कला एवं संस्कृति विभाग के द्वारा महोत्सव में श्री मुकेश तिवारी एवं दल, रॉंची द्वारा हिन्दी गायन एवं श्रीमती सिम्मी गोस्वामी एवं दल, रॉंची द्वारा नृत्य नाटिका प्रस्तुत किया गया। श्रीमती वर्षा रितु एवं श्रीमती सिम्मी गोस्वामी के दल द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया।

साथ ही, Mrs-Khadi Fashion Show को जैविक बास्केट द्वारा प्रायोजित किया गया जिसमें Mrs-Khadi Fashion Show में मिसेस खादी प्रथम मिनाक्षी पाण्डेय, द्वितीय कृति सहाय एवं तृतीय रीना कुमारी रही।

बच्चों के लिए आयोजित गायन प्रतियोगिता में पांच से बारह आयु वर्ग में प्रथम स्थान आकाश गुप्ता, द्वितीय स्थान ऐश्वर्यम शर्मा एवं तृतीय स्थान जशरीत कौर ने प्राप्त किया।

**आज के कार्यक्रम**

रविवार को कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा श्री पंकज कुमार एवं दल द्वारा संगीत बनारस घराना, श्री आदर्श कुमार एवं ग्रुप द्वारा सूफी संगीत गायन, श्री चुटू सिंह मुंडा एवं दल, द्वारा आदिवासी छऊ नृत्य, और श्रीमती माधवी कुमारी एवं दल द्वारा हिन्दी गायन की प्रस्तुति दी जाएगी।

पलाश मार्ट और जेएसएलपीएस के विभिन्न स्टॉल पर लोगों ने जमकर खरीदारी की। राष्ट्रीय खादी और सरस महोत्सव ने न केवल झारखंड की सांस्कृतिक धरोहर को मंच दिया, बल्कि महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण उद्यमिता को भी बढ़ावा दिया।

## राज्य का सबसे बड़ा श्री राधा-कृष्ण मंदिर का उद्घाटन आज



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने कहा है कि 5 जनवरी को पुंदाग रांची मे राज्य का सबसे बड़ा श्री राधा-कृष्ण का मंदिर का उद्घाटन परमहंस भागवत भास्कर डॉ. संत शिरोमणि श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज करेंगे। यह भव्य मंदिर स्वामी सदानंद जी महाराज के अथक प्रयास एवं गुरुजी राधिका दास जी महाराज के आशीर्वाद से 8 वर्षों में बनकर तैयार हुआ है। श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के संस्थापक एवं संरक्षक परम श्रद्धेय स्वामी सदानन्द जी महाराज का जन्म भिवानी जिले के छोटे से गाँव जुई कलां में खंडेलवाल ब्राह्मण परिवार में आयुवेर्दाचार्य पिता बजलाल व मामला शिवबाई को कोख से 01 अगस्त 1945 को हुआ।इनके पिताजी एक प्रसिद्ध आयुवेर्दाचार्य थे जिनसे उपचार के लिए लगभग 500 गांवों से लोग इलाज करवाने आते थे।

स्वामी जी के बचपन का नाम मानु था। प्रारंभिक शिक्षा गांव में ही करने के बाद युवावस्था में विद्या ग्रहण करने के पश्चात शिक्षक का दायित्व संभाला। 1962 में उनकी पहली नियुक्ति हिसार जिले के गांव पाबड़ा के सरकारी स्कूल में हुई। इसी दौरान राष्ट्र सेवा की भावना से प्रभावित होकर स्वामी सदानन्द जी देश सेवा के लिए सेना में भर्ती हो गए। देश की सीमा पर दुश्मनों से मातृभूमि की रक्षा करते हुए भारतीय संतों की आदर्श जीवनशैली से प्रभावित होकर संतों की श्रेणी में आने की सोचने लगे। बाल्यावस्था से ही श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर जूई, भिवानी में प्रार्थना सभा में प्रतिदिन भाग लिया करते थे, जहां श्रीकृष्ण प्रणामी पथ में दीक्षित संत श्री राधिकादास जी के ॠतुम सेवा से पाओगे पारॠ, इस आदर्श वाक्य से प्रभावित होकर धार्मिक क्षेत्र में पदार्पण किया।

अपने गुरु के आदर्शमय जीवन से प्रभावित होकर अपने जीवन को सदा सर्वदा के लिए आध्यात्मिक सेवा एवं जन-कल्याण कार्यों में समर्पित कर दिया। राधिकादास महाराज जी से प्रभावित होकर उनसे मंत्रदीक्षा प्राप्त की तथा उन्होंने शिष्य की प्रतिभा और कर्तव्य निष्ठा आध्यात्मिक लग्न को देखकर अपने गुरू मंगलदास जी महाराज के पास आध्यात्मिक अध्ययन के लिए कालिमपोंग (पश्चिम बंगाल) भेज दिया तथा 1972 में बंसत पंचगी के दिन सिलीगुडी मंदिर में वैराग्यवेश प्रदान करते हुए सदानन्द नामकरण किया एवं गले में तुलसी की माना पहनाकर श्रीमद भागवत कथा करने के लिए आदेश दिया। तत्पश्चात ये न केवल भारतवर्ष अपितु विदेशों में भी आज तक 2226 श्रीमद् भागवत कथा कर चुके है। वर्ष 1972 में गुरु राधिकादास महाराज जी ने अपने शिष्य के रूप में कर्मनिष्ठा को देखते हुए उनका नामकरण सदानन्द के रूप में किया। स्वामी जी ने 8 हजार निर्धन कन्याओं का विशेष रूप से सिलीगुड़ी (पश्चिम बंगाल), रांची (झारखंड), भिवानी, हिसार, सिरसा, फतेहाबाद (हरियाणा) में सामूहिक विवाह जैसा पुनीत कार्य अपने कर कमलों से पूर्ण किया है। गोवंश सरंक्षण के लिए लगभग 113 गौशालाओं के निर्माण कार्य से 80 हजार बेसहारा गायों व नंदियों को आश्रय देने का पुण्य कार्य किया है।

स्वामी जी के तत्वावधान में 1 लाख पौधे रोपित किये जा चुके है। 01 लाख 35 हजार पोलियोग्रस्त रोगियों का निरीक्षण करके 35000 रोगियों का ऑपरेशन करवाया एवं 45000 कैलीपर्स वितरण भी करवाया। भिवानी, हिसार, सिरसा, फतेहाबाद (हरियाणा), सिलीगुडी, कलकत्ता (पश्चिम बंगाल). रायगढ़ (छतीसगढ़), कानपुर (उत्तरप्रदेश) एवं पटना (बिहार) में बेसहारा महिलाओं के लिए आश्रम बनाकर मानवत्ता की सेवा कर रहे सदानन्द महाराज जी को मानव सेवा का अग्रदूत कहा जाए चो अतिशयोक्ति न होगी।

## रांची में पड़ रही कड़ाके की ठंड



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के लोग ठंड से कांप रहे हैं। सुबह और शाम को ठंड में लगातार इजाफा हो रहा है। सुबह और रात में जगह-जगह आग जलाकर लोग ठंड से बचने की कोशिश कर रहे हैं। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का असर झारखंड में भी दिख रहा। लगातार चल रही हवा ने झारखंड में ठंड बढ़ा दी है। शनिवार को राजधानी रांची के कांके में पारा लुढ़ककर तीन डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। राजधानी में शनिवार सुबह हल्के दर्जे का कोहरा छाया रहा लेकिन धीरेधीरे आसमान साफ हो गया।

मौसम विभाग के अनुसार पांच और छह जनवरी को सुबह कोहरा छाया रहेगा और आंशिक रूप से बादल छाने की भी संभावना है। सात, आठ जनवरी को भी कोहरा छाया रहेगा। धीरे-धीरे मौसम साफ होगा।

मौसम विज्ञान केंद्र, रांची के अनुसार पिछले 24 घंटे में रांची का अधिकतम तापमान 22.9 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 07.9 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 24.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 09.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

पिछले 24 घंटे में डाल्टेनगंज का अधिकतम तापमान 21.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बोकारो का अधिकतम तापमान 22.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9.1 डिग्री सेल्स्इिस संबंध में रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने शनिवार को बताया कि पिछले 24 घंटे में सबसे कम न्यूनतम तापमान 5.0 डिग्री सेंटीग्रेड रांची में दर्ज किया गया। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 26.5 डिग्री सेंटीग्रेड सिमडेगा में रहा। पिछले 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा।

## अभिषेक दास बने झारखंड स्टेट रैपिड चेस चैंपियनशिप के विजेता

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय में झारखंड स्टेट रैपिड चेस चैंपियनशिप का आठवां एवं अंतिम राउंड का खेल आज संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में पूर्वी सिंहभूम के अभिषेक दास साढ़े सात अंकों के साथ विजेता एवं बोकारो के अंकित कुमार सिंह सात अंकों के साथ उपविजेता बने।

रांची के विभाष कुमार सिंह भी सात अंक बनाकर तीसरे एवं पश्चिमी सिंहभूम के मनीष शर्मा 6 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहे। इसके बाद



तीसरे झारखंड स्टेट ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप के प्रथम चार चरण का मैच खेला गया।

अंतिम चार चरणों का खेल रविवार को खेला जाएगा। इसके उपरांत रैपिड और ब्लिट्ज दोनों टूनामेंट का पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम दोपहर 12 बजे किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री से मिला सिख समुदाय का प्रतिनिधिमंडल

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शनिवार को रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सिख समुदाय से एक प्रतिनिधिमण्डल ने मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को 19 जनवरी को गुरु गोविन्द सिंह पब्लिक स्कूल प्रांगण में आयोजित 'गुरु गोविन्द सिंह जयंती उत्सव' में सम्मिलित होने के लिए सादर आमंत्रित किया। मौके पर राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह



मथारू, गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष रणजीत सिंह हैप्पी, झारखंड सिख फेडरेशन के अध्यक्ष अमरजीत सिंह , सचिव परमजीत सिंह, हरजीत सिंह स्विंकी, ऋषि छाबड़ा, तविंदर सिंह, गुरनाम सिंह, सोनू सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## रांची में नमो पतंग महोत्सव 13 को

**रांची** : आगामी 13 जनवरी 2025 को ओ टी सी ग्राउंड (रातू रोड) के मैदान में नमो पतंग महोत्सव का आयोजन रखा गया है नमो पतंग महोत्सव की शुरूआत 2006 में माननीय सांसद व रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने किया था। आयोजन के संरक्षक माननीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ रहेंगे वही कार्यक्रम का संयोजक मुकेश काबरा को बनाया गया है। संयोजक मुकेश काबरा ने बताया हिंदू धर्म के अनुसार 13 तारीख को मकर संक्रांति के दिन नमो पतंग महोत्सव का आयोजन धार्मिक धरोहर को बनाये रखने के लिए यह परंपरा बनाये रखी गई है।

## गुरु नानक सत्संग सभा से 150 श्रद्धालुओं का जत्था पटना साहिब रवाना

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा के 150 श्रद्धालुओं का दूसरा जत्था 4 जनवरी को पटना साहिब के लिए रवाना हुआ। श्रद्धालु वहां श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 358वें प्रकाश पर्व में शामिल होंगे। सभी श्रद्धालुओं के लिए सत्संग सभा द्वारा गुरुनानक स्कूल पीपी कंपाउंड से तीन बसें मंगाई गई, जिससे सभी श्रद्धालु रात 8.30 बजे कृष्णा नगर कॉलोनी गुरुद्वारा साहब से हटिया स्टेशन के लिए रवाना हुए। गुरु नानक सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने सभी श्रद्धालुओं को माला पहनकर विदा किया। सफल यात्रा की शुभकामनाएं दी।

एक अन्य जत्थे में 15 श्रद्धालु आज शाम 4.30 बजे वंदे भारत ट्रेन से पटना साहिब के लिए रवाना हुए। जत्था में गए सभी श्रद्धालु पटना



साहिब में प्रकाश पर्व पर आयोजित सभी आयोजनों में भाग लेंगे। गुरुद्वारा परिसर स्थित अजायबघर भ्रमण कर गुर इतिहास से रूबरू होंगे और साथ ही तख्त श्री हरमंदिर साहिब जी में श्री गुरु गोविंद सिंह जी के अस्त्र-शस्त्र के दर्शन भी करेंगे। पटना साहिब जा रहे सभी श्रद्धालुओं का जत्था 8 जनवरी को रांची वापस लौटेगा।

सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर 4 जनवरी को रात 9:30 बजे गुरुद्वारा साहिब, कृष्णा नगर कॉलोनी में श्री अखंड पाठ साहिब की शुरूआत हुई। इसका भोग प्रकाश पर्व की रात 6 जनवरी सोमवार को रात 12:00 बजे होगा। इस मौके पर सत्संग सभा द्वारा शाम 8 बजे से मध्य रात्रि 1 बजे तक विशेष दीवान सजाया जाएगा। दीवान समाप्ति के उपरांत गुरु का अटूट लंगर चलाया जाएगा।

श्रद्धालुओं के जत्थे के रांची वापस पहुंचने के बाद 11 एवं 12 जनवरी को सत्संग सभा द्वारा श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में दो दिवसीय भव्य विशेष दीवान सजाया जाएगा, जिसमें 11 जनवरी को सुबह 8 से 10 बजे तक और शाम आठ बजे से ग्यारह बजे तक एवं 12 जनवरी को सुबह दस बजे से दोपहर ढाई बजे तक विशेष दीवान सजाया जाएगा।

इन सभी दीवानों में विशेष रूप से शिरकत करने पहुंच रहे सिख पंथ के महान कीर्तनी जत्था भाई गुरमन प्रीत सिंह जी, दिल्ली वाले शबद गायन कर राची की साध संगत को निहाल करेंगे। सभी दीवानों की समाप्ति के उपरांत सभा द्वारा गुरु का अटूट लंगर चलाया जाएगा।

## संक्षिप्त

### मैराथन फॉर सनातन दौड़ 12 को

**जमशेदपुर।** राष्ट्रीय सनातन संगठन और जमशेदपुर रेड पाव्स रेस्क्यू फाउंडेशन की ओर से 12 जनवरी को मैराथन दौड़ मैराथन फॉर सनातन का आयोजन किया जाएगा। इस दौड़ का उद्देश्य लोगों में सनातन और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना है। 5 किमी. दौड़ में तीन विजेताओं को नकद पुरस्कार मैराथन दौड़ 5 किलोमीटर की होगी। इसके अंतर्गत टी शर्ट, रिफ्रेशमेंट पैक, प्रमाण पत्र, सरप्राइज रीवार्ड्स और तीन विजेताओं को नकद राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जाएगी। सुबह 6 बजे जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के समीप डायमंड पार्क से ध्वजारोहन के साथ इसकी शुरूआत होगी। पांच किलोमीटर के पश्चात पुनः डायमंड पार्क पर पहुंचकर समाप्त होगी। इस मैराथन फॉर सनातन दौड़ में भाग लेने के लिए लिंक के माध्यम से ऑनलाइन रेजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों को भाग लेने की अपील आयोजन समिति ने की है। यह जानकारी आयोजन समिति के अनंत दुबे ने दी।

### अफीम की अवैध खेती को किया नष्ट

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम के एसपी की ओर से अवैध अफीम की खेती के खिलाफ अभियान चलाकर कई थाना क्षेत्रों में खेती को शनिवार को नष्ट किया गया। एसपी के अनुसार कुल 10 ।5 एकड़ की खेती का मटियामेट कर दिया गया है। साथ ही लोगों से भी अपील की है कि अगर किसी क्षेत्र में अफीम की खेती हो रही है तो इसकी जानकारी पुलिस को दें। सूचना गुप्त रखी जाएगी। किस-किस थाना क्षेत्रों में हो रही थी खेती अफीम की खेती बदगांव थाना क्षेत्र के ग्राम कटवा में करीब 4 एकड़, टेबो थाना क्षेत्र के ग्राम अंगरिया में करीब 3 एकड़, कराईकेला थाना क्षेत्र के ग्राम नवादा, सांडीसाई, उदयनारायणपुर, उलीगढ़ा, जाहिरडीह करीब 3 एकड़, टोकलो थाना क्षेत्र के कामेगड़ा जंगल के वनग्राम बांडीजाहिर में करीब ।5 एकड़ में अफीम की खेती हो रही थी। जिले में कुल लगभग 10.5 एकड़ में लगे अवैध अफीम की खेती को विनष्ट किया गया।

### सभी कर्मों में यज्ञ सर्वश्रेष्ठ : स्वामी महाराज

**आदित्यपुर।** तपोमूर्ति त्रिदंडी स्वामी जी के शिष्य यतिराज सुंदरराज स्वामी जी महाराज के सानिध्य में 9 कुंडीय लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का शुभारंभ 6 जनवरी को जलयात्रा के साथ जयप्रकाश उद्यान में शुरू हो रहा है। यह महायज्ञ उत्तरवाहिनी खरकई नदी के तट पर 10 सालों से आयोजित की जा रही है। आयोजन समिति ने प्रेसवार्ता में कार्यक्रम की जानकारी दी। 6 जनवरी की सुबह 7 बजे से यज्ञ स्थल से पान दुकान चौक शिव मंदिर से एस टाइप से होकर हरिओम नगर शिव काली मंदिर से लेकर लक्ष्य अपार्टमेंट के पास खरकई नदी से जलभर कर वापस लौटेंगे। जलयात्रा में 3 हजार महिलाएं, 6 घोड़े, एक रथ पर शिव परिवार के साथ झांकियां निकली जाएगी। 6 जनवरी को संगीतमय सुंदरकांड पाठ 2 बजे से 5 बजे तक, 6 जनवरी से ही रामकथा सुनाने अयोध्या धाम से जगत गुरु सर्वेश्वराचार्य पधार रहे हैं। 9 दिनों तक पाठ करेंगे। 7 जनवरी से भागवत कथा स्वामीजी के मुखारविंद से श्रद्धालु भक्तों के लिए आयोजित होगा। प्रत्येक दिन रुद्राभिषेक भी होगा।

### जल संयंत्र केन्द्र में वाल्व व लीकेज की होगी मरम्मत

**धनबाद।** झामड़ा जल संयंत्र केन्द्र जामाडोबा से झरिया जल मीनार में जाने वाली 30 इंची पाइप लाइन में सोमवार को मरम्मत होगा, झरिया एवं आस पास के क्षेत्रों में पानी जलापूर्ति व्यवस्था ठप रहेगी। जल संयंत्र केन्द्र के कर्मियों ने बताया है की 30 इंची का भलब खराब है, वही कई जगहों पर पाइप लाइन में लीकेज हैं। उक्त पाइप लाइन की भलब की मरम्मत एवं सभी जगहों के लीकेज की भराई की जायेगी। भराई करने से जामाडोबा 12 इंची जल भंडारण गृह में जल भंडार नही किया जायेगा। जल भंडार नही होने से झरिया जल मीनार को पानी की सप्लाई नही किया जा सकता है।

# किसान बिचौलियों के चंगुल में न फंसे, धान सीधे पैक्स में दें : मंत्री

प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**बोकारो।** कसमार प्रखंड अंतर्गत बगदा मुरहुलसुदी व मधुकरपुर पैक्स धान अधिप्राप्ति क्रय केन्द्र का उद्घाटन सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो ने किया। इस दौरान मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो ने पिरगुल गांव में दर्जनों बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया।

मंत्री योगेंद्र महतो ने कहा कि किसानों को बिचौलियों के बहकावे में आकर अपनी धान फसल की बिक्री औने- पौने दामों में करने की बजाय सीधे पैक्स में करनी चाहिए ताकि उन्हें उनकी फसल की वाजिब सरकारी कीमत मिल सके। मौके पर जिला सहकारिता पदाधिकारी शालिनी खलखो प्रमुख नियोति दे 20 सूत्री अध्यक्ष दिलीप हेंब्रम बीडीओ नम्रता जोशी सीओ प्रवीण कुमार प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी राणा रमेश कुमार सिंह विमल जायसवाल मुखिया राजेन्द्र महतो गीता देवी सरिता देवी पंसस विनोद महतो प्रिया देवी हेमंती देवी मुरहुलसुदी पैक्स अध्यक्ष मोहन राम महतो प्रबंधक अवध किशोर महतो बगदा पैक्स अध्यक्ष छत्रु महतो पैक्स प्रबंधक फफूल महतो मधुकरपुर पैक्स अध्यक्ष गणेश नायक प्रबंधक समरेश कपरदार ईश्वर रजक सुभाष चंद्र ठाकुर सुरेन्द्र नाथ महतो धनंजय स्वर्णकार रमेश महतो संजय महतो अनूप पाण्डेय भगवत महतो रमेश वर्मा कुलदीप करमाली भरत किशोर साव लालदेव महतो चन्द्रमोहन महतो हरजीवन महतो राकेश साव राजेश टुडू संजय प्रजापति राजेश टुडू मिथिलेश तिवारी देवेन्द्र महतो उमाशंकर दशरथ टुडू हरजीवन महतो शास्त्री मुर्मू श्रीकांत सोरेन समेत दर्जनों किसान तथा गणमान्य ग्रामीण उपस्थित थे।



## जिलास्तरीय रबी कार्यशाला सह शून्य बजट प्राकृतिक खेती का आयोजन

प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि



**बोकारो।** उपायुक्त विजया जाधव के निदेर्शानुसार जिला कृषि कार्यालय सभागार में जिला स्तरीय रबी सह शून्य बजट प्राकृतिक खेती पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। उपस्थित जिला परिषद अध्यक्षा सुनीता देवी एवं जिला परिषद सदस्य उत्तम दास द्वारा संयुक्त रूप से कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। मौके पर जिला परिषद अध्यक्षा ने अधिक से अधिक किसानों को सरकार की योजनाओं से जोड़ने की बात कहीं। सभी किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना का लाभ देने हेतु मिट्टी नमूना संग्रह करने पर जोर देने को कहा। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं किसान समृद्धि योजना मिट्टी नमूना संग्रह बिरसा फसल विस्तार योजना बीज विनिमय एवं वितरण योजना झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना किसान क्रेडिट कार्ड योजना प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना पीएम किसान योजना लीफ कलर चार्ट योजना बीज परीक्षण आदि के संबंध में किसानों को विस्तार से जानकारी दी। कृषि वैज्ञानिक डॉ अनिल कुमार सिंह द्वारा पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के द्वारा शून्य बजट प्राकृतिक खेती के संबंध में किसानों को अवगत कराया गया। कार्यशाला में जिला उद्यान पदाधिकारी अमर लकडा अनुमंडल कृषि पदाधिकारी बेरमो निशा कुल्लू कृषि विज्ञान केन्द्र के कृषि वैज्ञानिक डॉ अनिल सिंह नमामी गंगे के परियोजना पदाधिकारी प्रीतम कुमार उप परियोजना निदेशक आत्मा मोतीलाल रजक सभी प्रखंडों के एटीएम/बीटीएम जनसेवक पैक्स अध्यक्ष सहित अन्य उपस्थित थे।

## चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर करें अलाव की व्यवस्था : डीसी

प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**बोकारो।** उपायुक्त विजया जाधव ने नगर निगम चास नगर परिषद फुसरो क्षेत्र के सभी वार्डों एवं सभी अंचलों के प्रमुख चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था करने का निर्देश दिया है ताकि बढ़ती ठंड एवं शीतलहरी से लोगों को राहत मिल सके।

जिले में बढ़ती ठंड एवं शीतलहरी को देखते हुए उपायुक्त ने वीडियो संवाद के माध्यम से नगर निगम चास के अपर नगर आयुक्त नगर परिषद फुसरो के कार्यपालक पदाधिकारी एवं सभी अंचलों के अंचलाधिकारी को उनके संबंधित क्षेत्र के प्रमुख चौक चौराहों एवं सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था करने को लेकर निर्देश दिया है। उन्होंने बीडीओ/सीओ को क्षेत्र भ्रमण के दौरान वाहनों में कंबल रखने और जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण को कहा। साथ ही प्रखंड व शहर स्थित रैन बसेरों का निरीक्षण करते हुए व्यवस्था को दुरुस्त करने को कहा है। वहीं उपायुक्त ने आमजनों से अपील किया है कि वह ठंड में बच कर रहें। अनावश्यक घरों से न निकले खुले आसमान के नीचे नहीं रहें।

## सड़क-सुरक्षा के लिए जागरूकता रथ को किया रवाना

प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**बोकारो।** परिवहन विभाग द्वारा आयोजित सड़क सुरक्षा माह के तहत समाहरणालय परिसर से डीडीसी गिरिजा शंकर प्रसाद अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी डीटीओ वंदना शेजवलकर डीसीएलआर चास प्रभाष दत्ता ट्रैफिक डीएसपी विद्यासागर ने सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए एलईडी जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।




मौके पर डीडीसी ने कहा कि यह जागरूकता रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों में भ्रमण कर सड़क सुरक्षा के आयामों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगा। उन्होंने आमजनों से अपील किया कि वह मोटर साइकिल का परिचालन हेलमेट पहनकर निर्धारित गति सीमा में करें चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने परिवहन विभाग को अन्य विभागों से समन्वय स्थापित कर सड़कों पर चलने वाले वाहन चालकों/आम राहगीरों को भी सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देकर उन्हें जागरूक करने ट्रैफिक पुलिस शिक्षा विभाग स्वास्थ्य विभाग विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनों के माध्यम से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए लोगों को प्रेरित करने को कहा ताकि सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हो सके। मौके पर सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पीयूष जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह सड़क सुरक्षा टीम के सदस्य आदि उपस्थित थे।

## डीएमएफटी की अपूर्ण योजनाओं को पूरा करने में लाएं तेजी : डीडीसी

प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**बोकारो।** शुक्रवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में डीडीसी गिरिजा शंकर प्रसाद ने डीएमएफटी के तहत जिले के विभिन्न प्रखंडों में संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति कार्य की समीक्षा की।



मौके पर प्रभारी पदाधिकारी डीएमएफटी राज शर्मा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डा सुमन गुप्ता सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह डीएमएफटी के पीएमयू टीम के सदस्य संबंधित तकनीकी विभागों के कार्यपालक अभियंता आदि उपस्थित थे। डीडीसी ने भवन प्रमंडल द्वारा डीएमएफटी के तहत जिले में निमार्णाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अपूर्ण केंद्रों को जल्द पूर्ण करने एवं पूर्ण केंद्रों को जिला समाज कल्याण विभाग को हस्तांतरित करने को कहा।

उन्होंने संबंधित एजेंसी के कार्यपालक अभियंता को प्रतिवेदन जिला को समर्पित करते हुए उपलब्ध आवंटन की राशि को विभाग को समर्पित करने का निर्देश दिया। उन्होंने डीएमएफटी के तहत संचालित योजनाओं की लक्ष्य अनुरूप कार्य में तेजी लाने को कहा। उप विकास आयुक्त ने ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल ग्रामीण कार्य मामले- कार्य प्रमंडल पथ प्रमंडल,भवन प्रमंडल लघु सिंचाई प्रमंडल एनआरईपी पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चास/तेनुघाट बांध प्रमंडल द्वारा डीएमएफटी के तहत संचालित योजनाओं की प्रगति का क्रमवार समीक्षा कर पदाधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिया।

## स्वास्थ्य शिविर में 380 लोगों की हुई जांच



**जमशेदपुर।** अमन वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान मे मानगो आजादनगर रोड नं 2 स्थित सिमस नर्सिंग होम एवं रिसर्च सेन्टर मे एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया जिस मे हार्ट, फेफड़ा, आँख, दांत व स्त्री रोग आदि की जांच निशुल्क रूप से की गई। शिविर मे लगभग 380 जरूरतमन्द लोगों की जांच की गई। इस के पूर्व शिविर का उदघाटन समाजसेवी रहमत सईद हन्ने व डा. अफरोज शकील ने फीता काट कर किया तत्पशचात समारोह का भव्य उद्घाटन हुआ। शिविर मे आए लोगों को शहर के मशहूर कार्डियोलोजिस्ट डॉ पार्थो चौधरी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के युग मे खानपान के जागरुक होने की जरूरत है एवं देर रात खाने पर ध्यान देने की जरूरत है एवं देर रात खाने पर ध्यान देने की आवश्यकता है, लोगों के व्यापक व पैदल चलने की भी जरूरत है तभी जाकर व्यक्ति स्वास्थ्य रह सकता है और स्वास्थ्य व्यक्ति ही स्वास्थ्य समाज का निर्माण कर सकता है। इस मौके पर मुख्य रूप से डा. रीचा अग्रवाल, डा. अरविन्द कुमार, डा. मतीन अहमद खान आदि ने अपनी सेवाएं दीं। शिविर के सफल आयोजन मे मुख्य रूप से मो. शाहिद, डा. अफरोज शकील, राहत सईद, शहरोज शकील ने उल्लेखनीय योगदान किया।

## डॉ. सुधाकर ने की 108 एंबुलेंस सेवा की शुरूआत




**जमशेदपुर।** रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर वेस्ट के तत्वावधान में बेल्डीह क्लब में आयोजित सेमिनार में बेंगलुरु से आए प्रसिद्ध डॉक्टर सुधाकर वाराणसी (108 आपातकालीन सेवाओं के जनक) ने अपने प्रेरक अनुभव साझा किए। उन्होंने भारत में 108 इमरजेंसी एंबुलेंस सेवा की शुरूआत और इसके विस्तार की कहानी सुनाई। इस दौरान डॉक्टर सुधाकर ने गांधीजी के गीत पर आधारित बांसुरी की धुन भी प्रस्तुत की। कार्यक्रम का मंच संचालन रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर वेस्ट के अध्यक्ष डॉ। अमित मुखर्जी ने किया। डॉ. सुधाकर ने बताया कि उनके मित्र की सड़क दुर्घटना में मृत्यु के बाद उन्होंने समाज में एंबुलेंस सेवा की आवश्यकता महसूस की। उन्होंने एक टीम बनाकर प्राइवेट कंपनियों के सहयोग से 108 एंबुलेंस सेवा की शुरूआत की। आज यह सेवा पूरे भारत में 37,000 एंबुलेंस के साथ सक्रिय है और भूटान व श्रीलंका में भी कार्यरत है। उनके प्रयास से अब तक 1.5 लाख लोगों की जान बचाई जा चुकी है। डॉ. सुधाकर, जिन्होंने आईआईटी खड़गपुर से मास्टर डिग्री और जीव विज्ञान में पीएचडी की है, ने युवाओं को देश की सेवा में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नौकरी केवल पैसे के लिए नहीं, बल्कि समाज के उत्थान के लिए भी होनी चाहिए। अंत में धन्यवाद ज्ञापन अमरेश सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में शहर के सभी प्रमुख रोटरी क्लब के सदस्य उपस्थित रहे।

## तंबाकू के दुष्परिणाम विषय पर सेमिनार आयोजित




प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**बोकारो।** बोकारो जिला के बिरसा नर्सिंग कॉलेज चास में तम्बाकू के दुष्परिणाम विषय पर आयोजित सेमिनार की अध्यक्षता स्कूल के निदेशक शैलेश कुमार के द्वारा की गई।

सेमिनार में जिला परामर्शी मो असलम द्वारा सभी बच्चों को तम्बाकू के दुष्परिणाम तम्बाकू में पाये जाने वाले जहरीले तत्व के बारे में बताया गया। उन्होंने बच्चों को बताया कि तम्बाकू में पाया जाने वाला नशीला पदार्थ निकोटीन से बच्चों में चिंता नींद न आना चिड़चिड़ापन एवं अवसाद जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। जिला परामर्शी ने बच्चों को बताया कि यदि कोई तम्बाकू के लत को छोड़ना चाहता है और कई बार प्रयास करने पर भी नहीं छोड़ पाता है तो उसे तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र सदर अस्पताल भेजें ताकि उन्हें तम्बाकू छुड़ाने में मदद की जा सके। स्कूल के प्राचार्य ने सभी बच्चों को बताया कि तम्बाकू का मतलब बीमारियों का भण्डार चाहे आप इसे धुएं के शक्ल में लें या चबाकर खाये। एक जिम्मेदार नागरिक के नाते अपने आसपास के लोगों को भी इसके दुष्प्रभाव से अवगत कराये। कार्यक्रम में स्कूल के निदेशक शैलेश कुमार जिला परामर्शी मो असलम तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम आरती कुमारी मिश्रा जिला कार्यक्रम सहायक सोशल वर्कर छोटेलाल दास विद्यालय के शिक्षक स्टाफ व बच्चे उपस्थित थे।

## दिवंगत शिक्षक राजकमल मिश्रा को दी गई श्रद्धांजलि, लोगों ने जताया शोक

प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि



**चक्रधरपुर।** टाटानगर रेलवे स्टेशन पर 31 दिसंबर की शाम गीतांजलि एक्सप्रेस ट्रेन में चढ़ने के दौरान गिरकर पैर कटने से चक्रधरपुर के झुमका मोहल्ला निवासी शिक्षक राजकमल मिश्रा की मौत हो गई थी। उनके निधन से चक्रधरपुर के शिक्षकों व उन्हें जानने वाले लोगों में शोक व्याप्त है। शनिवार को चक्रधरपुर के अंचल कॉलोनी स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय प्रांगण में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर स्व। राजकमल मिश्रा को श्रद्धांजलि दी गई। इस श्रद्धांजलि सभा में चक्रधरपुर के कई सेवानिवृत्त शिक्षक, विभिन्न विद्यालयों में पदस्थापित शिक्षक व विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग व स्थानीय लोग उपस्थित हुये। इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने स्व। राजकमल मिश्रा की तस्वीर पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धासुमन अर्पित किया। साथ ही दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने स्व. राजकमल मिश्रा के साथ बिताए गये पलों को साझा किया। मौके पर मौजूद सेवानिवृत शिक्षक श्रवण कुमार मिश्रा ने कहा कि शिक्षक राजकमल मिश्रा के मिलनसार व्यवहार को भुलाया नहीं जा सकता। इस दुख की घड़ी में हम सभी उनके परिवार के साथ है। इस मौके पर स्व।

# गंदगी के खिलाफ कांग्रेसियों ने दिया धरना

प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**जमशेदपुर।** मानगो नगर निगम क्षेत्र में व्याप्त गंदगी एवं जगह-जगह जमा कचरा की सफाई की मांग को लेकर शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निगम कार्यालय के समक्ष धरना दिया। इस दौरान कांग्रेसियों ने निगम के अधिकारियों एवं वर्तमान विधायक सरयू राय पर जनता को परेशानी में डालने का आरोप लगाया।




कांग्रेस नेता नितेश मित्तल ने कहा कि वर्तमान विधायक सरयू राय द्वारा एनजीटी में शिकायत करने से यह स्थिति उत्पन्न हुई है। जिसके कारण विगत 15 दिनों से मानगो में कचरा का उठाव बंद है। हर चौक चौराहे पर गंदगी का अंबार है। वहां से आने जाने वाले लोग परेशान हैं। क्योंकि कचरा से दुर्गंध आ रही है। जिसके कारण क्षेत्र में महामारी फैलने की आशंका बढ़ गई है।

उन्होंने मानगो नगर निगम पर आरोप लगाया कि ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव तक नहीं करवाया जा रहा है। जबकि आनन फानन में विधायक के कुछ लोग ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करने लगे। मानगो की जनता समझ गई है कि वर्तमान विधायक सिर्फ और सिर्फ आंख में धूल झोंकने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस नेता गुड्डू सिंह ने कहा कि अगर 48 घंटे के अंदर मानगो के कचरा का उठाव एवं इसका निष्पादन सुचारू रूप से नहीं किया गया तो मानगो वासियों के साथ कांग्रेस पार्टी मानगो नगर निगम में तालाबंदी करने को बाध्य होगी। जिसकी जवाबदेही मानगो नगर निगम एवं स्थानीय विधायक की होगी।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से पप्पू सिंह उज्जैन, अजय मिश्रा, अखिलेश सिंह, संजय तिवारी, बबुआ झा, नितेश मित्तल, संजय शर्मा, मोहम्मद अख्तर, राकेश दास, शाहनवाज अहमद, बबन शुक्ला, ताकू भाई, सुरेंद्र गुप्ता, प्रभाकर, अश्विनी सिंह, सुबोध पाल, जयदेव शर्मा, शिशु गोप, कृपा मुर्मू, पवन बिहारी ओझा, निधि मिश्रा, गोपाल यादव, सन्नी अनुराग, दिनेश लोहार, सूरज प्रकाश, रविशंकर केपी, उमेश शर्मा, अनुज प्रसाद आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# वीर सावरकर के नाम पर कॉलेज खुलने से क्यों खफा है कांग्रेस?



डॉ. आर.के. सिन्हा

**कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने कुछ समय पहले वीर सावरकर पर गैर- जरूरी टिप्पणी अपमानजनक की थी। उनकी बयानबाजी से शिव सेना नेता उद्धव ठाकरे भी नाराज हो गए थे। उनहोंने तब कहा था 'हम स्वातंत्र्यवीर सावरकर के बारे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान से सहमत नहीं हैं। हमारे मन में सावरकर के लिए सम्मान है।' आपको कोई पसंद नहीं तो ठीक है। खैर, वीर सावरकर कॉलेज खुलने से राजधानी में उस महान स्वाधीनता सेनानी के नाम पर महत्वपूर्ण प्रतीक स्थापित हो जाएगा। देर से ही सही राजधानी दिल्ली में अब वीर सावरकर का एक अहम प्रतीक स्थापित होने जा रहा है।**

वीर सावरकर के नाम पर दिल्ली यूनिवर्सिटी एक नया कॉलेज खोलने जा रही है। वीर सावरकर जैसे महान स्वाधीनता सेनानी के नाम पर कॉलेज खुलने से देश भर के नौजवान निश्चित रूप प्रेरित ही होंगे। इस बारे में किसी को किसी तरह का शक भी नहीं होना चाहिए। पर कांग्रेस को तकलीफ हो रही है। कांग्रेस को वीर सावरकर के नाम से ही हमेशा ही चिढ़ रहा है। अब कांग्रेस को कौन बताए कि वीर सावरकर, जिनका पूरा नाम विनायक दामोदर सावरकर था, भारत के स्वाधीनता आंदोलन के एक ही अत्यंत महत्वपूर्ण हस्ताक्षर थे। वे एक महान क्रांतिकारी, राष्ट्रवादी विचारक, लेखक और वकील थे। उनका जीवन और कार्य भारतीय इतिहास के एक अत्यंत ही महत्वपूर्ण और क्रांतिकारी अध्याय का प्रतिनिधित्व करते हैं।

काश, सावरकर के नाम पर खुलने वाले कॉलेज का विरोध करने वाले वीर सावरकर के बारे में अपने महान नेत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की ही राय को जान लेते। इंदिरा गांधी जब भारत की सूचना और प्रसारण मंत्री थीं तब उन्हीं के निर्देश पर वीर सावरकर पर केंद्रित डाक्यमेंट्री फिल्म उनके विभाग ने बनाई थी। इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री रहते हुए सावरकर की स्मृति में डाक टिकट भी जारी हुआ। श्रीमती इंदिरा गांधी ने अपने निजी खाते से सावरकर स्मृति कोष के लिये 11 हजार रुपये का अंशदान भी किया था।

श्रीमती इंदिरा गांधी ने सावरकर को ' रिमार्केबल सन ऑफ इंडिया' कहा था। इंदिरा गांधी ने 20 मई 1980 को पंडित बाखले, सचिव, 'स्वतंत्रवीर सावरकर राष्ट्रीय स्मारक' के नाम से संबोधित चिट्ठी में सावरकर के योगदान का जिक्र किया था। इस पत्र में इंदिरा गांधी ने लिखा है, 'मुझे आपका पत्र 8 मई 1980 को मिला था। वीर सावरकर का ब्रिटिश सरकार के खिलाफ मजबूत प्रतिरोध हमारे स्वतंत्रता आंदोलन के लिए काफी अहम है। मैं आपको देश के महान सपूत के शताब्दी समारोह के आयोजन के लिए बधाई देती हूं।' मशहूर लेखक वैभव पुरंदरे ने अपनी किताब 'द ट्रू स्टोरी ऑफ फादर ऑफ हिंदुत्व' में लिखा है कि इंदिरा गांधी का लिखा पत्र सत्य है। किताब में लिखा है कि इंदिरा गांधी ने 1966 में सावरकर के निधन पर गहरा शोक भी जताया था। इंदिरा गांधी ने सावरकर को महान क्रांतिकारी बताते हुए तारीफ की थी और एक बयान भी जारी किया था। इंदिरा गांधी ने कहा था कि सावरकर ने अपने कार्यों से पूरे देश को प्रेरित किया था। अफसोस कि कांग्रेसियों को सच जानने से कोई मतलब ही नहीं रहा। उन्हें तो मीन-मेख निकालनी है। इसलिए इतनी पुरानी पार्टी सिकुड़ती ही चली जा रही है।



वीर सावरकर तो बचपन से ही देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत थे और उन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ विरोध में भाग लेना शुरू कर दिया था। सावरकर 1905 में श्यामजी कृष्ण वर्मा द्वारा स्थापित 'इंडिया हाउस' में शामिल होने के लिए लंदन चले गए। लंदन में, उन्होंने 'अभिनव भारत' नामक एक गुप्त क्रांतिकारी संगठन की स्थापना की, जिसका उद्देश्य भारत को ब्रिटिश शासन से मुक्त करना था। उन्होंने '1857 का भारतीय स्वतंत्रता संग्राम' नामक एक पुस्तक लिखी, जिसमें उन्होंने 1857 के सिपाही विद्रोह को भारत का पहला स्वतंत्रता संग्राम बताया। इस पुस्तक को ब्रिटिश सरकार ने प्रतिबंधित कर दिया था। सावरकर ने इटली के क्रांतिकारी नेता गिउसेप्पे मैजिनी से प्रेरणा ली और उनकी क्रांतिकारी विचारधारा को भारतीय संदर्भ में लागू करने का प्रयास किया। 1910 में, सावरकर को नासिक के जिला मजिस्ट्रेट जैक्सन की हत्या में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।उन्हें दोषी ठहराया गया और 50 साल की कारावास की सजा सुनाई गई। उन्हें अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में स्थित सेलुलर जेल में भेजा गया, जहाँ उन्होंने कई वर्षों तक कठोर यातनाएं सहीं। काला पानी में उन्होंने एकांत कारावास, कठोर श्रम और अमानवीय परिस्थितियों का सामना किया।कोल्हू में बेल की तरह जोतकर उनसे सूखे नारियल से तेल निकलवाया जाता था। सावरकर ने भारत की स्वतंत्रता के लिए लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने क्रांतिकारी गतिविधियों में भाग लिया और अंग्रेजों के खिलाफ आवाज उठाई। सावरकर हिंदू राष्ट्रवाद के एक प्रमुख पैरोकार थे। उन्होंने एक मजबूत और एकजुट हिंदू राष्ट्र की वकालत की। सावरकर ने जाति व्यवस्था और छुआछूत जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उन्होंने हिंदू समाज में सुधार लाने के लिए कई आंदोलन चलाए। वे एक कुशल वक्ता और लेखक थे। उनके भाषणों और लेखों ने लोगों को प्रेरित किया और उनमें देशभक्ति की भावना जगाई।

सावरकर के गृह राज्य महाराष्ट्र में कई संगठन और संस्थान हैं जो उनके विचारों और कार्यों को बढ़ावा देते हैं। वीर सावरकर महाराष्ट्र में एक सम्मानित और प्रभावशाली व्यक्ति हैं, और उन्हें कई लोगों द्वारा एक महान स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक के रूप में याद किया जाता है। वीर सावरकर का एक शानदार चित्र पुराने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में लगा हुआ था। उनके चित्र का 26 फरवरी, 2003 को तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने संसद भवन में अनावरण किया था। इसे चंद्रकला कुमार कदम ने बनाया था। जब वीर सावरकर का चित्र लगाने की पहल हुई तब भी कांग्रेस ने यह कहकर विरोध किया था कि वे सांसद नहीं थे। तब कांग्रेसी भूल गए थे कि लोकमान्य तिलक तथा महात्मा गांधी जैसे राजनीति व स्वाधीनता संग्राम में अहम योगदान देने वाले व्यक्ति भी तो सांसद नहीं थे। उनके त्याग व समर्पण को देखते हुए केन्द्रीय कक्ष में उनका चित्र स्थापित कर सम्मान दिया गया।

कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने कुछ समय पहले वीर सावरकर पर गैर- जरूरी टिप्पणी अपमानजनक की थी। उनकी बयानबाजी से शिव सेना नेता उद्धव ठाकरे भी नाराज हो गए थे। उनहोंने तब कहा था 'हम स्वातंत्र्यवीर सावरकर के बारे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान से सहमत नहीं हैं। हमारे मन में सावरकर के लिए सम्मान है।' आपको कोई पसंद नहीं तो ठीक है। खैर, वीर सावरकर कॉलेज खुलने से राजधानी में उस महान स्वाधीनता सेनानी के नाम पर महत्वपूर्ण प्रतीक स्थापित हो जाएगा। देर से ही सही राजधानी दिल्ली में अब वीर सावरकर का एक अहम प्रतीक स्थापित होने जा रहा है।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

## संपादकीय

### अमेरिका के लिए चेतावनी

अमेरिका के न्यू ऑरलियंस शहर में नये साल का जश्न मना रहे लोगों पर आतंकवादी हमले में 15 लोग मारे गए और 30 से ज्यादा लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार हमलावर ने शहर के फ्रेंच क्वार्टर में पैदल चलने वालों की भीड़ में अपना ट्रक चढ़ा दिया। इस आतंकी हमले से जाहिर होता है कि किसी आतंकवादी संगठन की मदद के बिना अकेले व्यक्ति द्वारा किए गए हमले का खतरा भी दूर नहीं हुआ है। इस हमले को अंजाम देने वाला 42 वर्षीय शमसुद्दीन जब्बार अमेरिकी नागरिक है और वह अमेरिकी सेना में अपनी सेवाएं दे चुका है। घटना के बाद पुलिस मुठभेड़ में वह मारा गया। उसके ट्रक से पुलिस को इस्लामिक स्टेट (आईएस) का झंडा मिला है। आतंकी वारदात से कुछ पहले उसने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी करके यह बताया था कि वह आईएस से प्रेरित है। इस हमले के कुछ देर बाद अमेरिका के ही लास वेगास में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक होटल के बाहर टेस्ला साइबर ट्रक में विस्फोट हुआ जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और करीब 10 लोग घायल हो गए। आईएस जो एक खतरनाक आतंकी संगठन है वह 2017 के अंत तक इराक और सीरिया में अपनी अधिकांश जमीन को दी है। अमेरिका के न्यू ऑरलियंस और लॉस वेगास के हमले से ऐसा प्रतीत होता है कि वह अपनी खोई हुई जमीन और ताकत को पाना चाहता है। याद रखना चाहिए कि एक समय ऐसा था जब दुनिया भर से जिहाद समर्थक लड़ाकू सीरिया कूच कर रहे थे। यूरोप से भी अनेक गुमराह युवा सीरिया के जिहाद में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। एक दशक पूर्व पूरी दुनिया में आईएस का आतंक कायम हो गया था। अमेरिकी जांच एजेंसी न्यू ऑरलियंस के आतंकी हमले और लास वेगास में ट्रंप के होटल के बाहर हुए हमले के बीच किसी संभावित कनेक्शन की जांच कर रही है। अमेरिका की भाभी टेंपरेचर के लिए न्यू ऑरलियंस की आतंकी घटना एक बड़ी चेतावनी है। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, सहित पश्चिमी देशों को अपने नागरिकों के कट्टरवाद की जड़ों तक पहुंचना चाहिए और इसका मुकाबला करने के लिए प्रभावशाली तरीकों को अपनाना चाहिए।

## चिंतन-मनन

### यक्ष-प्रश्न की युगीन व्याख्या

महाभारत में एक कथा आती है। अज्ञातवास के दौरान पांडवों को घूमते हुए प्यास लगी। नकुल पानी ढूँढते-ढूँढते जलाशय के पास पहुँचे। जैसे ही वे पानी पीने को उद्यत हुए, एक यक्ष ने उन्हें रोक दिया और कहा कि मेरे प्रश्नों का उत्तर देने के बाद ही तुम पानी पी सकते हो। नकुल और अन्य भाइयों को जोर की प्यास लग रही थी, अतः वे बिना यक्ष के प्रश्नों का उत्तर दिए ही पानी पीने लगे और मृत्यु को प्राप्त हुए। जब युधिष्ठिर की बारी आई तो उन्होंने न केवल यक्ष के सभी प्रश्न ध्यानपूर्वक सुने अपितु उनका तर्कपूर्ण उत्तर भी दिया जिसे सुनकर यक्ष संतुष्ट हो गया। यक्ष द्वारा युधिष्ठिर से पूछे गए प्रश्नों में एक प्रश्न स्थायित्व, धैर्य, स्नान और दान से संबंधित भी था। यक्ष ने युधिष्ठिर से पूछा कि स्थायित्व किसे कहते हैं? धैर्य क्या है? स्नान किसे कहते हैं? और दान का वास्तविक अर्थ क्या है?

युधिष्ठिर ने इन प्रश्नों का जो उत्तर दिया, वह इस प्रकार था- अपने धर्म में स्थिर रहना ही स्थायित्व है। अपनी इन्द्रियों पर नियंत्रण रखना ही धैर्य है। मनोमालिन्य का त्याग करना ही स्नान है और प्राणीमात्र की रक्षा का भाव ही वास्तव में दान है। महाभारत में एक कथा आती है। अज्ञातवास के दौरान पांडवों को घूमते हुए प्यास लगी। नकुल पानी ढूँढते-ढूँढते जलाशय के पास पहुँचे। जैसे ही वे पानी पीने को उद्यत हुए, एक यक्ष ने उन्हें रोक दिया और कहा कि मेरे प्रश्नों का उत्तर देने के बाद ही तुम पानी पी सकते। महाभारतकालीन यक्ष-युधिष्ठिर संवाद के प्रश्नों के उत्तर की प्रासंगिकता उस युग की तुलना में आज कहीं अधिक है। स्थायित्व या सिद्धांतवादिता को लोगों ने हठधार्मिता का रूप दे दिया है, जबकि संकल्प की दृढ़ता या स्थायित्व से आशय अपने कर्तव्य के प्रति दृढ़ता से है। उसे भौतिक सुख-समृद्धि से जोड़ना गलत है। धैर्य को लेकर भी समाज में अनेक गलत धारणाएँ प्रचलित हैं। हाथ पर हाथ धरे निठल्ले और आलसी बनकर अवसर की प्रतीक्षा करना धैर्य का पर्याय कभी नहीं हो सकता है। मनुष्य द्वारा श्रेष्ठ कार्यों के प्रति सक्रिय, तत्पर और आतुर बने रहकर अपनी समस्त इन्द्रियों पर अंकुश पाकर सदाचार का जीवन व्यतीत करना ही वास्तव में धैर्य है। शास्त्र और साधु-महात्माओं के प्रवचनों में पवित्र नदियों में स्नान की महिमा का बढ़-चढ़कर बखान किया गया है। लेकिन जब तक हमारे मन की मलीनता नहीं मिटती, तब तक बड़ी से बड़ी नदी में किया गया स्नान भी पूर्ण फलदायी नहीं होगा। अतः जिसने अपने मन को ऊँच-नीच, ईर्ष्या-द्वेष, तेरा-मेरा, बड़ा-छोटा आदि के भेद से पूरी तरह मुक्त कर गंगाजल की तरह पवित्र बना लिया, वह भले ही सौ दिन से नहीं नहाया हो, तब भी उसे सबसे पवित्र इंसान माना जाएगा। दान के बारे में भी लोगों को कई तरह की गलतफहमियाँ हैं। जो सक्षम हैं, वे मुट्ठी-दो मुट्ठी दान कर दाता भाव के अभिमान से चूर हो फूले नहीं समाते हैं।

# मणिपुर में माफी कोरा दिखावा न होकर सार्थक बदलाव करें



ललित गर्ग

मणिपुर में जातीय संघर्ष, व्यापक हिंसा एवं अराजक माहौल के लिए पूर्वोत्तर राज्य के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने बीते साल के आखिरी दिन शांति की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए 'माफी' मांगी है, इस माफी को लेकर राजनीति के गलियारों में व्यापक चर्चा है। क्योंकि इस हिंसा में मई 2023 से 250 से अधिक लोगों की जान चली गई और हजारों लोग बेघर हो गए है। लम्बे समय से यह प्रांत अस्थिरता, असंतोष एवं अशांति की आग में जल रहा है। एन बीरेन सिंह ने माफी मांगते हुए हिंसा के इस लंबे कालखण्ड एवं सिलसिले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और सभी समुदायों से अपील की कि पिछली गलतियों को भुलाकर वे शांति और सौहार्द कायम करें। हालांकि मुख्यमंत्री की इस अपील के अपने मतलब निकाले जा रहे है। कुछ लोगों का कहना है कि यह माफी बहुत पहले मांगी जानी चाहिए थी। कुछ का यह मानना है कि माफी ऐसे समय आई है जब मुख्यमंत्री चौतरफा दबाव में है। विरोधी तो बहुत पहले से उनका इस्तीफा मांग रहे हैं, पिछले कुछ समय से खुद उनके विधायकों और सहयोगियों ने इस माफी को उनकी मजबूरी का परिणाम बताया है। निश्चित ही बीरेन सिंह के लिये माफी मांगना काफी नहीं है, अगर वह मानते हैं कि स्थिति को संभालने में नाकाम रहे तो उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए था या केन्द्र को राष्ट्रपति शासन लगाना चाहिए था। अफसोसनाक यह है कि इस मसले पर अक्सर विवाद उभरते रहे और राजनीतिक शख्सियतों के बीच आरोप-प्रत्यारोप अक्सर बेलगाम बोल में तब्दील ही होते रहे, कोई ठोस समाधान सामने नहीं आया, जो गैरजिम्मेदाराना राजनीति को दर्शाता है।

मणिपुर में 3 मई 2023 से ही बहुसंख्यक मैतेई और कुकी के बीच आरक्षण और आर्थिक लाभ को लेकर जो हिंसा शुरू हुई वह अभी थमने का नाम नहीं ले रही। कभी अपनी सांस्कृतिक सद्भावना के लिए जाना जाने वाला राज्य अब गहराते विभाजन एवं जातीय संघर्ष का सामना कर रहा है और लोग लगातार भय में जी रहे हैं। तनाव कम होने का कोई संकेत नहीं दिख रहा। शांति एवं सद्भावना की तलाश अभी भी जारी है। मणिपु? में जब चंद दरिंदें दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर उनके साथ बर्बरतापूर्ण हरकत करते नजर आए तो पूरा प्रांत आक्रोश में आ गया। जनमानस की प्रतिक्रिया लोकतांत्रिक व्यवस्था में बहुत महत्व रखती है। न तो राज्य सरकार ने और न ही केन्द्र सरकार ने हिंसा को रोकने के लिए कोई ठोस उपाय किए और न ही शांति स्थापित करने के कोई प्रयास किए गए। मुख्यमंत्री एन. बीरेन सरकार डेढ़ साल से ज्यादा समय से खेमों में बंटती राजनीतिक उलझन में फंसी रही। सभी दल, नेता एवं सरकार नामुमकिन निशानों की ओर कौमों को दौड़ती रही। यह कौमों के साथ नाइंसाफी होने के साथ अमानवीयता की चरम पराकाष्ठा थी। क्योंकि ऐसी दौड़ जहां पहुंचाती है, वहां कामयाबी की मंजिल नहीं, बल्कि मायूसी का गहरा गड्ढा होता है।

मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह स्वीकारोक्ति कि 'मैं राज्य में जो कुछ हुआ उसके लिए खेद व्यक्त करना चाहता हूं। कई लोगों ने अपनों को खो दिया और कई लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा। मैं खेद व्यक्त करता हूं और माफी मांगता हूं। लेकिन पिछले तीन-चार महीनों में अपेक्षाकृत शांति देखने के बाद, मुझे उम्मीद है कि आने वाले साल में स्थिति सामान्य हो जाएगी।' प्रश्न है कि मुख्यमंत्री 18 माह के खून-खराबे के बाद अब क्यों माफी मांग रहे हैं? वे क्या संदेश देना चाहते हैं? अगर वह स्थिति को संभालने में नाकाम रहे थे तो उन्हें बहुत पहले इस्तीफा दे देना चाहिए था। ताकि स्थितियों लगातार इतनी विकराल नहीं होती, इतनी अधिक जनहानि नहीं होती। देश के नेताओं को गाल बजाने की बजाय आम आदमी को परेशान करने वाली सामाजिक असुरक्षा, जातीय संघर्ष तथा हिंसा जैसे मुद्दों से निबटने के लिये दूरगामी नीतियों के क्रियान्वयन के प्रयास करने चाहिए। यूं तो मणिपुर हिंसा में इतने मासूमों की मौत के बाद मुख्यमंत्री के माफी मांगने का कोई औचित्य नजर नहीं आ रहा। इसीलिये विपक्ष दल एवं कांग्रेस उन पर और केन्द्र सरकार पर हमलावर है। 19 महीनों में एन.बीरेन असंवेदनशील बने रहे और वर्ष के अंत में उन्होंने माफी मांगकर किस संवेदनशीलता का परिचय दिया है? अब सवाल यह है कि त्रासदी का अंत कैसे हो? कैसे शांति स्थापित हो? जरूरत है मनुष्य को बांटे नहीं, सत्य को ढंके नहीं।

बड़ा सवाल यह है कि राज्य द्वारा माफी मांगना केवल दिखावा है और राजनीतिक अपयश निवारण और क्षतिपूर्ति की आवश्यकता मात्र है या किसी सार्थक बदलाव की बुनियाद। हालांकि इस तरह की राजनीतिक माफी अक्सर संदेहास्पद ही होती है क्योंकि माफी में इससे कहीं अधिक की क्षमता होती है। सार्वजनिक रूप से माफी मांगने वाले नेताओं की संख्या में वृद्धि विशेष रूप से उल्लेखनीय एवं चिन्तनीय रही है। माफी मांगना एक ऐसी युक्ति है जिसका इस्तेमाल नेता अब अक्सर अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिये करते हैं, ताकि वे कम से कम लागत पर अपनी गलतियों को पीछे छोड़ सकें या उनसे पीछा छूडा सके। लेकिन बीरेन सिंह की माफी की अच्छी बात यह है कि तमाम दबावों के बाद ही सही, राजनीति और समाज के हर प्रमुख हिस्से ने उनकी माफी को सकारात्मक कदम माना है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि इस माफी की पहल को विश्वसनीय बनाया जाये एवं ऐसे उपयोगी एवं जरूरी कदम उठाए जाये ताकि मणिपुर राज्य में मैतेई समुदाय और पहाड़ी क्षेत्रों में कुकी जनजातीय समुदायों के बीच चला आ रहा टकराव विराम पा जाये। जरूरी है कि केंद्र और राज्य की सरकार मुख्यमंत्री की इस पहल से उपजे सद्भाव को स्थायित्व देने की कोशिशें अविलंब शुरू कर दें।

2023 के मुकाबले 2024 की दूसरी छमाही में मणिपुर के हालात बेहतर रहे, संघर्ष की स्थितियां कम देखने को मिली। लेकिन पूर्व की हिंसक घटनाओं और मृतकों की संख्या को उससे बनने वाले माहौल से अलग करके नहीं देखा जा सकता। तनाव, संघर्ष और अविश्वास के जिस माहौल से मणिपुर गुजर रहा है, उसकी सचाई इसी हफ्ते कांगपोकपी जिले में कथित कम्युनिटी बंकरों को सुरक्षा बलों द्वारा नष्ट किए जाने पर हुए संघर्ष में 40 लोगों के जख्मी होने और कुकी नैशनल फ्रंट के कथित हमलों के खिलाफ चुराचांदपुर जिले में बंद का आह्वान किए जाने से स्पष्ट है। अभी भी असामान्य हालातों के बीच सवाल है कि मुख्यमंत्री की इस माफी का राज्य के अलग-अलग समुदायों के लोगों पर कैसा और कितना असर पड़ेगा? सवाल महत्वपूर्ण इसलिए भी हो जाता है क्योंकि यह आरोप संघर्ष शुरू होने के बाद से ही लगता रहा है कि मुख्यमंत्री और राज्य प्रशासन की भूमिका निरपेक्ष नहीं है। आरोप पूरी तरह गलत हो तो भी इससे इतना तो स्पष्ट है कि प्रदेश के लोगों का एक खेमा उन्हें अविश्वास भरी नजरों से देखता है। इतने गंभीर और मानवता के अस्तित्व को ही नकारने से जुड़े मसले पर भी समाज के लोगों में जो बंटवारे की प्रवृत्ति राजनीतिक कारणों से दिख रही है वो किसी भी नजरिए से देश की एकता और अखण्डता के लिये फायदेमंद नहीं है।

मुद्दा चाहे कोई भी, खांचों या खेमों में बांटने या बंटने का और आम लोगों को तोड़ने का या जोड़ने का-राजनीति से जुड़े लोगों, राजनीतिक दलों और नेताओं में तो शुरू से रहा है लेकिन जब समाज में आम लोग भी इस तरह के बंटवारे का हिस्सा बन जाते हैं तो इसमें नुकसान सिर्फ और सिर्फ देश के नागरिकों का होता है। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सरकार संकट में सही ढंग से नहीं निपटने के चलते अपनी विश्वसनीयता पहले ही खो चुकी है, लेकिन उसे पुनः हासिल करने के लिये माफी से आगे बढ़कर और अधिक सामाजिक एकता, समरसता एवं सौहार्द के प्रयत्न करने होंगे। हमारे देश की राजनीति की विडम्बना ही रही है कि लोगों को धर्म, जाति, वर्ग, भाषा, वर्ण के नाम पर बांट कर किसी न किसी तरह सत्ता हासिल करना। हालांकि सही मायने में लोकतांत्रिक व्यवस्था में राजनीति की परिभाषा और दायरा उससे कहीं ज्यादा व्यापक है। जातीय हिंसा का समाधान संवाद से ही होता है। राज्य सरकार को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए मैतेई और कुकी समुदाय के साथ लगातार संवाद जारी रखना चाहिए।

(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार)

# समाज के लिए कोढ़ हैं नकली दवा कारोबारी



अजय प्रताप तिवारी



स्वास्थ्य प्रत्येक व्यक्ति का मूलभूत अधिकार है। मनुष्यों को स्वस्थ रहने के लिए उपचार की आवश्यकता भी होती है, लेकिन जब उपचार नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं पर आधारित हो तो इंसानों का स्वास्थ्य पूरी तरह से प्रभावित होता है। नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं का बढ़ता दायरा केवल पीड़ित लोगों के जीवन खतरे में नहीं होते हैं, बल्कि स्वास्थ्य प्रणाली और चिकित्सा उद्योग की विश्वसनीयता भी प्रभावित होती है।

भारत में इन दिनों नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं का प्रचलन तेजी से बढ़ रहा है। भारत का कोई ऐसा राज्य नहीं है जो नकली दवाओं से प्रभावित न हो। हाल में कोलकाता में कैंसर और मधुमेह जैसे गंभीर बीमारी में उपयोगी होने वाली नकली दवाओं को केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन और पश्चिम बंगाल के औषधि नियंत्रण निदेशालय के साझा सहयोग से पकड़ा गया है जिसकी कीमत 6.60 करोड़ बताई गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक अध्ययन से पता चला है कि भारत में कुल बिकने वाली दवाओं में बीस प्रतिशत नकली और गुणवत्ताहीन दवा शामिल हैं। भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र में केवल दवा का बाजार लगभग दो लाख करोड़ का है जिसमें नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं की भागीदारी 15 से 20 प्रतिशत के करीब है। भारत में नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं से सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्र हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और बिहार जैसे राज्य शामिल है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने केवल 2023 में नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं के लगभग 50 हजार मामले दर्ज किए थे। उद्योग संगठन एसोचैम की रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत के दवा बाजार में कुल उपलब्ध एक एक-चौथाई दवा नकली और गुणवत्ताहीन है। 'फेक एंड काउंटरफीट ड्रग्स इन इंडिया-बूमिंग बिज' नामक अध्ययन की रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत में नकली दवाओं का कारोबार 33 प्रतिशत की वृद्धि दर से प्रति वर्ष बढ़ रहा है। नकली दवाओं का बाजार बढ़ने के कई कारण हैं, जिसमें दवा की ऑनलाइन बिक्री, गुणवत्तापूर्ण दवा की अपेक्षा नकली दवा का सस्ती कीमत, दवाओं के प्रति लोगों में जागरूकता की कमी, डॉक्टर द्वारा मरीजों के पर्चे पर लिखे गए दवा के नाम के साथ प्रमाणित दवा कंपनियों का नाम न लिखना, बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में स्वास्थ्य सुविधाओं का उपलब्ध न होना, नकली और गुणवत्ताहीन दवा की पहचान करने की तकनीकी का न होना, ठोस कानून का आभाव के कारण नकली दवा का बाजार तेजी से बढ़ रहा है। भारत में नकली और गुणवत्ताहीन दवा की बिक्री शहरों की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक होती है। भारत में नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं का बढ़ता दायरा चिंता का विषय है। भारत जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा निमार्ता और निर्यातक है। एशियन लाइट की रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक फार्मा बाजार में भारत की हिस्सेदारी 13 प्रतिशत है। भारत में बढ़ते नकली दवा से केवल न इंसानों के स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ता है बल्कि इससे भारत की वैश्विक स्तर पर दवा उद्योग में छवि भी धूमिल होती है। नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं के प्रचलन से चिकित्सा पेशे और स्वास्थ्य प्रणाली से जनता का विश्वास भी घटता है।

नकली दवा के रोकथाम के लिए कानूनी प्रावधानों में परिवर्तन करते हुए नकली दवाओं के उत्पादन और बिक्री में संलिप्त व्यक्तियों के लिए बहुत सख्त और दंड के साथ आर्थिक जुमार्ने का प्रावधान होना चाहिए। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन और राज्य स्तर पर दवा नियामक संस्थानों को दवाओं के प्रति साप्ताहिक प्रशिक्षण और जागरूकता अभियान चलाना चाहिए। सभी दवा कमानियों को सभी प्रकार के दवा उत्पाद पर ट्रैक और ट्रेस तकनीक का उपयोग के लिए सरकार द्वारा बाध्य किया जाना चाहिए ताकि मरीज नकली और असली दवाओं की पहचान आसानी से कर सकें। दवा की प्रामाणिकता जांचने के लिए मोबाइल एप और ऑनलाइन डेटाबेस की सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए।

नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं की रोकथाम के लिए वैश्विक स्तर पर एकजुट होकर समस्या का समाधान तलाश करना होगा। भारत को नकली दवाओं को रोकने के लिए बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाना होगा। बढ़ती जनसंख्या, निर्धनता और महंगी स्वास्थ्य सेवाओं के कारण लोगों को सस्ती और नकली दवाओं पर बाध्य होना पड़ता है। भारत को नाइजीरिया और अमेरिका की तकनीकी मेडिसेफर एवं ट्रैक एंड ट्रेस सिस्टम की पहल करना चाहिए। यह तकनीकी नकली आपूर्ति श्रृंखला नजर रखती है। सख्त कार्रवाई से ही स्वस्थ भारत और सशक्त भारत का निर्माण होगा।




## राम चरण ने गेम चेंजर के लिए फीस में की कटौती, डबल रोल के लिए ली इतनी रकम

पैन इंडिया सुपरस्टार राम चरण इन दिनों अपनी आगामी पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म गेम चेंजर को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। यह फिल्म इस साल 10 जनवरी को रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म की रिलीज डेट जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, फिल्म को लेकर प्रशंसकों का उत्साह बढ़ता ही जा रहा है। राजनीतिक ड्रामा फिल्म गेम चेंजर में डबल रोल निभा रहे राम चरण ने इस फिल्म के लिए कितनी फीस वसूल की है। साथ ही फिल्म की लीड हीरोइन कियारा आडवाणी को फिल्म के लिए कितनी रकम मिली है। आरआरआर की अपार सफलता के बाद, राम चरण कथित तौर पर एक फिल्म के लिए 100 करोड़ रुपये चार्ज करते हैं, लेकिन फिल्म गेम चेंजर की रिलीज में देरी की वजह से राम चरण ने आगामी फिल्म के लिए भुगतान में कटौती करने के लिए सहमत हो गए हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म गेम चेंजर के मूल समय सीमा को पूरा करने में विफल होने के बाद राम चरण ने अपने वेतन में कटौती की है। फिल्म की रिलीज में काफी देरी की वजह से अभिनेता को 65 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। एस शंकर ने फिल्म के लिए निर्देशन के लिए सिर्फ 35 करोड़ रुपये लिए, जबकि कियारा आडवाणी को कथित तौर पर 5 से 7 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, गेम चेंजर को 450 करोड़ रुपये के भारी भरकम बजट पर बनाया गया है, जिसमें से 75 करोड़ रुपये फिल्म के चार गानों पर खर्च किए गए हैं। फिल्म के आधिकारिक संगीत भागीदारों ने बाद में एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें चार गानों के लिए चौंका देने वाली राशि को सही ठहराया गया। संगीत लेबल, सारेगामा ने खुलासा किया कि सभी चार गाने, जिसमें जरागांडी, रा माचा माचा, नाना हयाना और धोप सेटों के साथ बड़े पैमाने पर बनाए गए थे।

जरागंडी गाने का निर्देशन प्रभु देवा ने किया था और इसे 600 डांसर के साथ 13 दिनों में फिल्माया गया था, जबकि रा माचा माचा का डांस निर्देशन गणेश आचार्य ने किया है और इसमें 1000 डांसर ने भाग लिया है। निर्माताओं ने दावा किया कि न्यूजीलैंड में शूट किया गया नाना हयाराना पहला भारतीय गाना है जिसे इन्फ्रारेड कैमरे से शूट किया गया है। जानी मास्टर द्वारा कोरियोग्राफ किए गए गाने धोप में निर्माताओं ने 100 रूसी डांसरों को शामिल किया है। गेम चेंजर 10 जनवरी को सिल्वर स्क्रीन पर आने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो इसे 2025 की पहली बड़ी रिलीज बना देगा।



## अपने काम से है तमन्ना को बेहद लगाव, नए साल पर भी दिखा जुनून

अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने नए साल की शुरुआत अपने व्यस्त शेड्यूल के साथ की। अभिनेत्री भारत में नहीं बल्कि विदेशी जमीन पर अपने काम को नया आयाम दे रही हैं। इसकी झलक उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट पर दिखाई। तमन्ना भाटिया व्यस्त शेड्यूल को दर्शाती तस्वीरें और वीडियो पोस्ट की। इसमें वो एक कार में बैठी हैं और डलास (टेक्सास) का लोकेशन टैग किया है। वीडियो में वह अपनी टीम के साथ हैं। बुधवार को, तमन्ना भाटिया ने सोशल मीडिया पर अपने माता-पिता के साथ अपने वर्चुअल न्यू ईयर सेलिब्रेशन की एक झलक शेयर की थी। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपने वीडियो कॉल सेशन की एक तस्वीर पोस्ट की, जिसके कैप्शन में उन्होंने हार्ट इमोजी के साथ हैप्पी न्यू ईयर लिखा था।

अभिनेत्री ने अपनी कार से एक वीडियो भी पोस्ट किया, जिसमें वह क्लिप रिकॉर्ड करते समय मुस्कान बिखेरती हुई दिखाई दे रही थीं। कुछ दिन पहले ही तमन्ना ने अपने प्रशंसकों को इंस्टाग्राम पर अपने जन्मदिन के जश्न की झलकियां दिखाई थीं। कैंडिड शॉट्स में से एक में तमन्ना, बॉयफ्रेंड विजय वर्मा और उनके दोस्त एक साथ मजेदार वीडियो गेम का आनंद लेते हुए नजर आए। वर्क फ्रंट की बात करें तो तमन्ना भाटिया हाल ही में नेटफ्लिक्स थ्रिलर-एक्शन फिल्म सिकंदर का मुकद्दर में नजर आईं। इस सीरीज में उन्होंने कामिनी सिंह का किरदार निभाया। यह सीरीज एक हीरे की चोरी पर केंद्रित है। अभिनेत्री ने फिल्म स्त्री 2 में भी एक छोटी सी भूमिका निभाई थी, जिसमें उन्होंने विशेष रूप से आज की रात गीत में अपने प्रदर्शन से ध्यान आकर्षित किया था। रिपोर्ट के अनुसार, तमन्ना ओडेला 2 में अभिनय करेंगी, जिसका निर्देशन अशोक तेजा करेंगे और इसका निर्माण डी मधु करेंगे।



## पत्नी संग मालदीव में छुट्टियां मना रहे हैं शाहिद कपूर

शाहिद कपूर और मीरा राजपूत अपने बच्चों जैन और मीशा के साथ नए साल का स्वागत मालदीव में छुट्टियां मनाकर कर रहे हैं। मीरा कपूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर जन्मदिन की तस्वीरें साझा की हैं। मीरा ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर म्यूजिकल शाम की तस्वीरें साझा की हैं, जहां वे एंजॉय कर रही हैं। मीरा ने बीच के किनारे अपने बच्चों के साथ एंजॉय कर रही हैं, उन्होंने सभी की चप्पलों की तस्वीरें साझा कर ये बताया है।

परिवार संग समय बिताना करते हैं पसंद शाहिद कपूर परिवार के साथ समय बिताना पसंद करते हैं। वे अक्सर पत्नी मीरा संग तस्वीर साझा करते रहते हैं। शाहिद ने अब अपने बच्चों के साथ मालदीव में नए साल का जश्न मनाया है। मीरा राजपूत की तस्वीर को शाहिद और मीरा के फैंस ने बहुत पसंद किया है। फैंस ने मीरा की ब्रेसलेट पर भी ध्यान दिया है, उन्होंने कहा- मेरे पास भी ये ब्रेसलेट है। इन तस्वीरों में फैंस ने देवा फिल्म को देखने के लिए भी अपनी उत्सुकता दिखाई है।

### देवा में नजर आएंगे शाहिद

वर्कफ्रंट की बात करें तो शाहिद कपूर की फिल्म देवा इस साल बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होने वाली है। इसमें वे पुलिस अधिकारी के किरदार में नजर आएंगे। शाहिद को इससे पहले फटा पोस्टर निकला हीरो फिल्म में भी पुलिस अधिकारी की वर्दी में देखा जा चुका है। फिल्म देवा 31 जनवरी 2025 को रिलीज होने वाली है।

## वरुण के करियर की सबसे बड़ी फ्लॉप बनते जा रही बेबी जॉन

फिल्म बेबी जॉन ने बॉक्स ऑफिस पर निराशाजनक प्रदर्शन किया है। पहले हफ्ते में ही फिल्म को फ्लॉप घोषित कर दिया गया। वरुण धवन को इस फिल्म से सबसे ज्यादा उम्मीदें थीं, लेकिन यह फिल्म उनके करियर की सबसे बड़ी फ्लॉप बनती नजर आ रही है। पहले हफ्ते में फिल्म ने केवल 36.4 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जो कि बड़े बजट की फिल्म के लिए एक बड़ी असफलता है। 10वें दिन फिल्म की कमाई में और भी गिरावट आई, फिल्म ने महज 45 लाख रुपये का कलेक्शन किया। अब तक फिल्म की कुल कमाई केवल 36.65 करोड़ रुपये ही हो सकी है, जो बेहद कम है।







## सामने आई 'फुले' की रिलीज डेट, लीड रोल में होंगे प्रतीक और पत्रलेखा

भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की इस जयंती पर डांसिंग शिवा फिल्म्स, किंग्समेन प्रोडक्शंस और हम 11 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में फिल्म फुले की दुनिया भर में रिलीज कर रहे हैं, जो ज्योतिराव फुले की 197 वीं जयंती है। फिल्म फुले में प्रतीक गांधी और पत्रलेखा अहम भूमिका निभाई है। यह फिल्म भारतीय सामाजिक सुधार आंदोलन के दो प्रमुख व्यक्तियों महात्मा ज्योतिराव फुले और सावित्रीबाई फुले के जीवन और विरासत की कहानी को दर्शाएगी।

### इस दिन रिलीज होगी फिल्म फुले


प्रतीक गांधी और पत्रलेखा की बहुप्रतीक्षित फिल्म फुले को आखिरकार रिलीज की तारीख मिल गई है। समाज सुधारक महात्मा ज्योतिराव और सावित्रीबाई फुले के जीवन और कार्यों पर आधारित यह फिल्म इस साल 11 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। रिलीज की तारीख ज्योतिराव की 197वीं जयंती के साथ भी मेल खाती है।

### फिल्म फुले की रिलीज का एलान

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता अनंत महादेवन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में प्रतीक गांधी महात्मा ज्योतिराव फुले और पत्रलेखा उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले की भूमिका में नजर आएंगे। जी स्टूडियोज ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म के घोषणा पोस्टर को कैप्शन के साथ शेयर किया है और लिखा - भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की इस जयंती पर, डांसिंग शिवा फिल्म्स, किंग्समेन प्रोडक्शंस और हम 11 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में फिल्म फुले की विश्वव्यापी रिलीज की घोषणा करने के लिए एक साथ आ रहे हैं, जो ज्योतिराव फुले की 197वीं जयंती का प्रतीक है।

## ये रिश्ता क्या कहलाता है छोड़ने पर बोलीं शिवांगी

टीवी अभिनेत्री शिवांगी जोशी अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी चर्चा में रहती हैं। शिवांगी को ये रिश्ता क्या कहलाता है शो से लोकप्रियता हासिल हुई थी। अब हाल ही में, शिवांगी ने बताया कि उन्होंने आखिर इस हिट शो को क्यों छोड़ा था। अभिनेत्री ने कहा कि मैं अचानक एक दिन सेट पर आई तो मुझे पता लगा कि मुझे तीन बच्चों की मां बना दिया है। शिवांगी ने यह भी कहा कि फिर अचानक कोविड आया और मुझे 12 साल के बच्चे की मां बना दिया। शिवांगी ने बताया कि अंत में मुझे समझ में आ गया कि यह कैरेक्टर की मांग है और फिर मैंने अपना फैसला किया।



## तलाक होने के बाद भी नहीं किया डेट, खुद को माना शादीशुदा

टीवी अभिनेत्री दलजीत कौर अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी विवादों में रही हैं। दलजीत की दो शादियां टूट चुकी हैं, पहली शादी उन्होंने अभिनेता शालीन भनोट से की थी। अपनी पहली शादी पर बात करते हुए दलजीत ने कहा कि हमने नच बलिए शो जीतने के कुछ महीनों बाद ही शादी कर ली थी। अभिनेत्री ने कहा कि काश, मैंने थोड़ा और समय देकर उन्हें जाना होता, अगर ऐसा किया होता तो शायद मेरे साथ ये चीजें न हुई होती। इसके बाद उन्होंने बताया कि शादी टूटने के सालों बाद तक वह रोती रहीं और उन्हें विश्वास नहीं होता था कि उनके साथ ऐसा हुआ है। दलजीत ने यह भी कहा कि रिश्ता टूटने के बाद वह किसी भी रोमांटिक एंगल में नहीं आईं, मेरे दिमाग में मैं शादीशुदा थी।





## मेरे साथ आज तक जो भी बदतमीजियां हुई हैं, वो सब मर्दों ने ही कीं

फिल्म और टीवी एक्ट्रेस श्रुति सेठ को शरारत की जिया मल्होत्रा के रूप में आज भी याद किया जाता है। आरजे और वीजे रहीं श्रुति ने टेलीविजन और फिल्मों में देश में निकला होगा चांद, फना, तारा रम पम और राजनीति जैसे कई प्रोजेक्ट्स में देखा गया। हाल ही में वह ओटीटी पर आई एंथोलॉजी सीरीज जिंदगीनामा में भी दिखी थीं। सामाजिक सरोकार के मुद्दों में अपना योगदान देने वाली श्रुति इन दिनों महिला मुद्दों की एक कम्युनिटी से भी जुड़ीं हैं।

### प्लीज हमें सुरक्षित रहने दिया जाए

महिला मुद्दों पर श्रुति ने अपनी बात हमेशा खुल कर रखी है। उनका मानना है कि महिलाओं की सुरक्षा का मुद्दा आज भी अहम है। वह कहती हैं, महिलाओं को लेकर मुझे जो बात सबसे ज्यादा परेशान करती है, वो ये कि वो खुद को सुरक्षित महसूस नहीं करतीं। मैं यही कहना चाहूंगी कि हमें सेफ रहने दो। पहले लड़कियों के साथ रेप या मोलेस्टेशन की घटनाएं रात के अंधेरे में हुआ करती थीं , फिर ये दिन के उजाले में होने लगीं और अब तो बस जैसी जगहों पर लड़कियों को छेड़खानी का शिकार बनना पड़ता है और तो और राह चलते बदतमीजी आम बात हो गई है। स्कूल क्या? अस्पताल तक में औरतें सुरक्षित नहीं हैं।

### सच्ची बात कहने में डर कैसा?

श्रुति हमेशा से अपनी बेबाक बयानबाजी के कारण भी जानी जाती रही हैं। अतीत में इसके लिए उन्हें ट्रोलिंग का सामना भी करना पड़ा और वह विवादों में भी घिरी हैं। अपनी बेबाकी के बारे में वह कहती हैं, आप जब सच्चाई के साथ होते हैं, तो आप में साहस अपने आप आ जाता है। मैंने कभी भी मनघड़ंत बात नहीं की और न ही मैंने कभी किसी को गलत तरीके से दर्शाया है। मैंने हमेशा सच्ची बात की है। मैंने हमेशा सही बात पर सवाल उठाए हैं और वे उस बात का सरलता से जवाब भी दे सकते हैं, मगर उस बात का मुद्दा बना दिया जाता है। मेरे साथ आज तक जो भी बदतमीजियां हुई हैं, वो मर्दों ने ही की हैं। मैं ये नहीं कहती कि सारे मर्द एक जैसे होते हैं, मगर मैंने कभी ये नहीं सुना कि किसी औरत ने मर्द को रेप किया होगा या किसी महिला ने महिला के साथ ऐसा कुछ किया होगा, तो मैं तो ये सवाल मर्दों से ही पूछूंगी न? इसमें गलत क्या है? हालांकि अतीत के विवादों के बाद अब मैं सोशल मीडिया के बजाय उन जगहों पर अपनी बात रखना पसंद करती हूं, जहां कि वो सुनी जाए, वहां नहीं जहां मुझे गालियां मिले।

### मैं और दानिश एक-दूसरे के पूरक हैं

श्रुति और उनके निर्देशक पति दानिश असलम इंडस्ट्री में एक आदर्श कपल के रूप में जाने जाते हैं। वह बताती हैं, हम एक-दूसरे को हर तरह से कॉम्प्लिमेंट करते हैं। फना के सेट पर हम मिले थे और तब से लेकर अब तक हमारा साथ बना हुआ है और आगे भी ये बना रहेगा। हम दोनों एक ही क्षेत्र से हैं, तो एक-दूसरे को बेहतर तरीके से समझते हैं और हमारी कोशिश यही रहती है कि अपने आर्ट के जरिए अपनी आवाज लोगों तक पहुंचाएं। कुछ अरसा पहले दानिश की फिल्म ख़्वाबों का झमेला ओटीटी पर आई थी और अगले साल भी उनका एक बहुत ही दिलचस्प प्रोजेक्ट सामने आएगा।

**श्रुति को अपना काम की हमेशा तारीफ मिली। फिर चाहे उन्होंने अभिनय किया हो या एंकरिंग, मगर इसके बावजूद वे इतना चुनिंदा काम क्यों करती हैं, के सवाल पर वे कहती हैं, एक तरह का काम करके मुझे मजा नहीं आता। मैं अच्छी भूमिकाओं के इंतजार में हूं। बीते सालों में टीवी और वेब में काफी बदलाव आया है, तो उम्मीद करती हूं कि आने वाले साल में आप लोग मुझे कुछ इंटरेस्टिंग करते देख पाएंगे। कुछ अरसा पहले वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे पर रिलीज हुई जिंदगीनामा में मैंने काम किया था।**

### महिलाएं कह सकें मन की बात

अपनी कम्युनिटी और ऐप के बारे में वे कहती हैं, मैं इस एप के कर्ता-धर्ता तरुण कत्याल को अपने कॉलेज के जमाने से जानती हूं। वे स्टार टीवी पर पर काम करते थे और मैं चैनल वी की वीजे हुआ करती थी। उस वक्त शरारत का शो भी चला करता था, तो हम पहले से दोस्त रहे। बातें, मुलाकातें भी रही हैं हमारी। कुछ अरसा पहले तरुण ने मुझे फोन करके बताया कि वे ख़ास तौर पर महिलाओं के लिए एक ऐसा ऐप लाना चाहते हैं, जो उनके लिए एक सोशल कम्युनिटी प्लैटफॉर्म हो। आई विश आई न्यू दिस सूनर के नाम की इस कम्युनिटी में महिलाएं मन की बात कह सकें और अपना एक सेफ स्पेस तलाश सकें। यही वजह थी कि मैं कोटो ऐप से जुड़ी। हमारी इस कम्युनिटी से जुड़ी यंग और छोटी लड़कियां अपनी जिज्ञासाओं और परेशानियों को शेयर कर कोई हल समझ पाएंगी।

## बेउर जेल अधीक्षक के नजदीकी के ठिकानों पर ईओयू का छापा



**पूर्वी चंपारण।** जिले के मुफस्सिल थानाक्षेत्र के पतौरा स्थित जमीन कारोबारी,संवेदक व ईंट व्यवसाय से जुड़े नीरज सिंह के आवास व अन्य ठिकानों पर शनिवार को आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने छापामारी की इस दौरान उनके आवास से करीब डेढ़ किलो से अधिक चांदी व कैश के अलावा कुछ वाहनों की चाबी जब्त की गई है। हालांकि इसकी अधिकारिक पुष्टि नही की गई है। इस दौरान इओयू की टीम ने नीरज सिंह के बैंक खातों की भी जांच की है। बताया गया है कि नीरज सिंह मोतिहारी सेन्ट्रल जेल के पूर्व अधीक्षक व वर्तमान में बेउर सेन्ट्रल जेल के अधीक्षक विधु कुमार के नजदीकी रिश्तेदार हैं लिहाजा इस छापामारी की कड़ी विधु कुमार से जुड़ी बतायी जा रही है। नीरज सिंह नजदीकी लोगो ने बताया कि फिलहाल वे अपने बच्चों की पढ़ाई के सिलसिले में मोतिहारी से बाहर हैं।आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने घर की जांच की है। कहीं कुछ नहीं मिला है।फिलहाल ईओयू के अधिकारी भी कुछ भी बताने से परहेज कर रहे है।

# एनकाउंटर में ढेर हुआ बिहार -बंगाल का आतंक सुशील मोची, पूर्णिया में एसटीएफ ने मार गिराया

**पूर्णिया।** पूर्णिया पुलिस और एसटीएफ ने मिलकर इनामी अपराधी सुशील मोची का एनकाउंटर किया है। पूर्णिया के बायसी थाना क्षेत्र के ताराबाड़ी में शुक्रवार की रात को मुठभेड़ में कुख्यात सुशील मोची को ढेर किया गया है। सुशील मोची के ऊपर कई आपराधिक मुकदमे दर्ज थे। बिहार और बंगाल में उसका आतंक था। सुशील मोची जेल से बाहर आया था और बड़ी घटना को अंजाम देने की तैयारी में था।



**बिहार और बंगाल का था मोस्टवांटेड :** पूर्णिया पुलिस ने सीमांचल सहित बिहार और पश्चिम बंगाल के मोस्ट वांटेड डकैत सुशील मोची का एनकाउंटर किया है। सुशील मोची डकैती के कई कांड का मुख्य आरोपी था।यह एनकाउंटर बायसी थाना क्षेत्र के ताराबाड़ी में हुआ है। मारे गए अपराधी का नाम सुशील मोची है, जिस पर पुलिस इनाम रखा था। सुशील मोची पर डकैती और आर्म्स एक्ट के कई मामले दर्ज थे।

**कौन था कुख्यात सुशील मोची? किन अपराधों में रहा हाथ :** बता दें कि कटिहार जेल में बंद होने के बाद भी सोना लूटकांड के मुख्य आरोपी सुशील मोची ने अमौर थाना क्षेत्र के खाड़ी महीनगांव के मुखिया के घर डकैती की योजना बनाई थी।पुलिस ने डकैती में शामिल अमौर के असद मदनी व जेल में बंद अपराधी सुशील मोची की पत्नी पूनम देवी को डकैती में लूटी गई राशि व अन्य सामानों के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

**पूर्णिया के एसपी हाल में ही जेल से निकला था बाहर :** मृतक सुशील मोची कुछ माह पहले ही जेल से बाहर निकला था। जेल से बाहर निकलते ही कुख्यात डकैत सुशील मोची पूर्णिया जिले में एक बड़ी घटना की अंजाम देने वाला था। वहीं एनकाउंटर के बाद रेंज के डीआईजी प्रमोद कुमार मंडल एवं एसपी कार्तिकेय शर्मा बयासी के ताराबाड़ी पहुंचे। एसपी ने बताया कि पुलिस को सुशील मोची के आने की जानकारी मिली थी। पुलिस को अलर्ट किया गया था। सुशील मोची को रोका गया पर उसने गोली चला दी। पुलिस ने बचाव में गोली चलायी जिससे उसकी मौत हो गयी।

### बायसी एसडीपीओ ने की एनकाउंटर की पुष्टि

एनकाउंटर की पुष्टि बायसी एसडीपीओ आदित्य कुमार ने की। एसडीपीओ ने बताया बौसी थाना क्षेत्र के ताराबाड़ी गांव में गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ की मदद से पूर्णिया पुलिस छापेमारी करने के लिए पहुंची थी। इसी दौरान पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान कुख्यात अपराधी सुशील मोची को गोली लगी जिससे उसकी मौत हुई है। मौत के बाद घटनास्थल के आसपास के क्षेत्र को भी पुलिस के द्वारा सील कर दिया गया है और लाश को कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## योजनाओं के चयन की जांच करेंगे जिला पंचायत पदाधिकारी

**मढ़ौरा (सारण)।** मढ़ौरा प्रखंड प्रमुख पर योजना चयन में भेदभाव व अनियमितता को लेकर पूर्व प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी द्वारा दिए गए शिकायत के आलोक में जांच के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में प्राप्त आवेदन को उप निदेशक पंचायत राज कार्यालय से पत्र निर्गत कर जिला पंचायत पदाधिकारी को जांच कर कारवाई रिपोर्ट मांगा गया है। निर्गत पत्र में आवदेन में दिए गए शिकायतों को भी दर्शाया गया है। जिसमें प्रखंड प्रमुख नीतू कुमारी पर पदीय शक्ति का दुरुपयोग कर योजना चयन में अनियमितता बताई गई है। भुवालपुर पंचायत में निजी जमीन पर सार्वजनिक शौचालय निर्माण एवं भुवालपुर और बरदहियां पंचायत में चयन समिति सदस्यों के बिना चयन के ही योजना चयन कर लिया गया है। उक्त आरोपों को लेकर उप निदेशक, पंचायत राज अधिकारी ने जिला पंचायत पदाधिकारी को जांच का जिम्मा सौंपा है।

## 22 केंद्रों पर हुई बीपीएससी की पुनर्परीक्षा 25 से 31 जनवरी के बीच आएंगे नतीजे

**पटना।** पटना के 22 केंद्रों पर आयोजित बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं प्रारम्भिक की पुनर्परीक्षा आज शातिपूर्ण संपन्न हो गई है। कुल 5,900 परीक्षार्थी आज की परीक्षा में शामिल हुए थे। इसके नतीजे 25 से 31 जनवरी के बीच घोषित किए जाएंगे। बीपीएससी चेयरमैन रवि मनु भाई परमार ने बताया कि पटना के 22 केंद्रों पर संपन्न हुए री-एग्जाम में 5,900 अभ्यर्थी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि 70वीं पीटी परीक्षा का रिजल्ट इसी महीने जारी होगा, जिसमें 2,035 अभ्यर्थियों का चयन होगा। इसके बाद फिर मेन्स परीक्षा का कार्यक्रम तय होगा। परमार रवि मनु भाई ने बताया कि 70वीं पीटी परीक्षा का रिजल्ट 25 से 31 जनवरी के बीच आ जाएगा। उन्होंने बताया कि अप्रैल महीने में मेंस की परीक्षा आयोजित की जाएगी।

इस बाबत पटना डीएम डॉ चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि बापू सभागार केंद्र में जो परीक्षा हुई थी, उसे रद्द कराकर आज 22 केंद्रों पर पुनर्परीक्षा ली गई। दोपहर 12 बजे से पटना के 22 परीक्षा केंद्रों पर बीपीएससी की पुनर्परीक्षा शुरू हुई। पटना में 15, पटना सिटी में 4 और दानापुर में 3 परीक्षा केंद्रों पर एग्जाम लिए गए। छात्रों के विरोध को देखते हुए एग्जाम सेंटर के बाहर भारी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गई थी।

## मढ़ौराः मशाल कार्यक्रम की बीडीओ ने की समीक्षा बैठक

**मढ़ौरा (सारण)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी मढ़ौरा सुधीर कुमार की अध्यक्षता में मशाल कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आहूत की गई। खेदन प्रसाद उच्च विद्यालय में आयोजित बैठक में सभी मध्य व उच्च विद्यालयों के प्रधानाध्यापक सम्मिलित हुए। जिसमें मशाल कार्यक्रम को लेकर जरूरी निर्देश दिया गया। सभी प्रधानाध्यापक प्रत्येक मध्य विद्यालय और उच्च विद्यालय से अधिक से अधिक प्रतिभागियों का रजिस्ट्रेशन कराना सुनिश्चित करेगें, ताकि मढ़ौरा प्रखंड से राज्यस्तरीय कार्यक्रम में अधिक प्रतिभागिता शामिल हो सकें।

## सांसद पायलट रुडी ने एविएशन में 15 वर्षों की शानदार यात्रा पूरी की, बनाई अद्वितीय पहचान

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**छपरा।** लोकसभा सांसद, वाणिज्यिक पायलट, अधिवक्ता और प्राध्यापक राजीव प्रताप रुडी ने अपने जीवन में विविध क्षेत्रों में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल कर न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। राजनीति, विमानन सेवाओं, विधि और शिक्षा जैसे अलग-अलग क्षेत्रों में उनकी सक्रियता ने युवाओं के लिए प्रेरणा का बड़ा स्रोत प्रदान किया है। श्री रुडी की यह गौरवशाली यात्रा उनकी मेहनत, साहस और नेतृत्व क्षमता का प्रतीक है। उनके योगदान ने न केवल एविएशन इंडस्ट्री, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि को भी मजबूत किया है। श्री रुडी दुनिया के पहले और एकमात्र सांसद हैं, जो ए-320 विमान के कप्तान हैं। वे लगभग 5000 घंटे से अधिक उड़ान का अनुभव रखते हैं और विदेश में विदेश में अब्बू धाबी, सिंगापूर माले, श्रीलंका और फुकेट, दुबई इत्यादि अंतरराष्ट्रीय उड़ान समेत देश के पटना, श्रीनगर और जम्मू जैसे चुनौतीपूर्ण हवाई अड्डों पर भी सफलतापूर्वक विमान उड़ाया और उतारा है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, लालकृष्ण आडवाणी, निर्मला सीतारमण, भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्राचूड़, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, रविशंकर प्रसाद समेत कई राज्यों के मुख्यमंत्री और मंत्री रुडी की कप्तानी में विमान में यात्री के रूप में यात्रा कर चूके हैं।

पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री रुडी की पायलट बनने की यात्रा संघर्ष और धैर्य का एक अद्वितीय उदाहरण है। 1978 में एनसीसी के एयर विंग से जुड़कर उन्होंने पायलट बनने का सपना देखा। गवर्नमेंट कॉलेज, चंडीगढ़ में पढ़ाई के दौरान पटियाला फ्लाइंग क्लब में प्रशिक्षण लेते समय हेलिकॉप्टर का एक दुर्घटना के कारण फ्लाइंग क्लब बंद हो गया और उनका सपना अधूरा रह गया। 1990 में विधायक बनने के बाद उन्होंने बिहार फ्लाइंग क्लब में दाखिले के लिए आवेदन किया, लेकिन तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री लालू प्रसाद यादव के नेतृत्व वाली सरकार ने अनुमति नहीं दी। 1996 में सांसद बनने और 2001 में नागरिक विमानन मंत्री बनने के बावजूद उन्हें बिहार फ्लाइंग क्लब में प्रवेश नहीं दिया गया। हालांकि, 2005 में श्री नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री बनने पर रुडी को फ्लाइंग क्लब में नामांकन का मौका मिला। उन्होंने 2010 तक अपनी राज्यसभा सदस्यता के दौरान प्रशिक्षण पूरा किया और सीपीएल (कमर्शियल पायलट लाइसेंस) प्राप्त किया। वे भारत के सबसे उम्रदराज व्यक्ति बने जिन्हें यह लाइसेंस मिला।

- रुडी की सांसद, वाणिज्यिक पायलट, अधिवक्ता और प्राध्यापक के रुप में विविध क्षेत्रों में अभूतपूर्व उपलब्धियां
- अपने 35 वर्ष के राजनीतिक जीवन में सांसद रहते हुए 15 वर्षों की विमानन क्षेत्र में सेवा दी रुडी ने
- 1990 में विधायक बने रुडी को 2010 में ए-320 एयरबस विमान उड़ाने का लाइसेंस मिला



## पेज एक का शेष

### जिन्हें किसी ने...

अपनी कड़ी मेहनत के बावजूद, ग्रामीण अक्सर सीमित संसाधनों के कारण अवसरों तक पहुंचने के लिए संघर्ष करते हैं।'

पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया में डीएपी का दाम बढ़ रहा है, आसमान छू रहा है, लेकिन हमने निर्णय किया कि हम किसान के सिर पर बोझ नहीं आने देंगे और सब्सिडी बढ़ाकर डीएपी का दाम स्थिर रखा है। हमारी सरकार की नीयत, नीति और निर्णय ग्रामीण भारत को नई ऊर्जा से भर रहे हैं। गांव के हर वर्ग के लिए विशेष नीतियां बनाई हैं। दो-तीन दिन पहले ही कैबिनेट ने 'पीएम फसल बीमा योजना' को एक वर्ष अधिक तक जारी रखने की मंजूरी दे दी है।

एक दशक में कृषि ऋण की राशि 3.5 गुना बढ़ गई है : प्रधानमंत्री ने कहा कि कृषि के अलावा भी हमारे गांव में अलग-अलग तरह के पारंपरिक कला और कौशल से जुड़े हुए कितने ही लोग काम करते हैं। रूरल इकोनॉमी और लोकल इकोनॉमी में इनका बड़ा योगदान रहा है, लेकिन पहले इनकी भी उपेक्षा हुई। अब हम उनके लिए पीएम विश्वकर्मा योजना चला रहे हैं। ये योजना देश के लाखों विश्वकर्मा साथियों को आगे बढ़ने का मौका दे रही है। पीएम-किसान योजना ने लगभग किसानों को 3 लाख करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता पहुंचायी है। पिछले एक दशक में कृषि ऋण की राशि 3.5 गुना बढ़ गई है।

पीएम मोदी ने कहा कि अभी कल ही स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की रिपोर्ट आई है, जिसके अनुसार 2012 में भारत में ग्रामीण गरीबी करीब 26 प्रतिशत थी। जबकि 2024 में भारत में ग्रामीण गरीबी घटकर 5 प्रतिशत से भी कम हो गई है। ये सब काम (गांवों का सशक्तीकरण) पहले की सरकारों में भी तो हो सकते थे, लेकिन नहीं हुए। आजादी के दशकों बाद भी हमारे देश के गाँव मूलभूत आवश्यकताओं से वंचित थे। एससी, एसटी और ओबीसी की अधिकांश आबादी गांवों में रहती है। दुर्भाग्य से, पिछली सरकारों ने उनकी जरूरतों की उपेक्षा की। लेकिन मोदी इन गांवों को सशक्त बना रहा है, और उन लोगों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है जो पहले उपेक्षित थे।

### पीएम आज नमो...

**नमो भारत ट्रेन में यात्रा करेंगे पीएम मोदी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन से न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन के बीच नमो भारत ट्रेन में यात्रा करेंगे।

**दिल्ली को क्या होगा फायदा :** गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर की लंबाई 13 किलोमीटर है। इसकी शुरुआत होने से दिल्ली और मेरठ के बीच यात्रा काफी आसान हो जाएगी। दिल्ली मेट्रो के चौथे चरण के तहत 2.8 किलोमीटर लंबे हिस्से का उद्घाटन होने से पश्चिमी दिल्ली के कृष्णा पार्क, विकासपुरी और जनकपुरी के कुछ हिस्सों समेत अन्य इलाकों को फायदा होगा।

### बच्चा बाबू सिंह...

इसके पूर्व एनआईए की टीम ने बच्चा सिंह को पूछताछ के लिए तीन जनवरी को रांची में बुलाया था। बोकारो थर्मल थाना के इंस्पेक्टर भौलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि एनआईए ने बच्चा सिंह को पूछताछ के लिए रांची बुलाया था और एक नोटिस तामिला कराने को दिया गया था। नोटिस को 1 जनवरी को बच्चा सिंह को तामिला करवा दिया गया था। सरकार द्वारा मजदूर संगठन समिति को प्रतिबंधित कर दिए जाने के बाद से डीवीसी पावर प्लांट में सप्लाई मजदूरों की नयी समिति असंगठित मजदूर मोर्चा का गठन किया गया था, परंतु बच्चा सिंह उस संगठन में किसी भी पद पर नहीं था।

2012 में भी किया गया था गिरफ्तार : इससे पहले वर्ष 2012 में भी बोकारो थर्मल के तत्कालीन थाना प्रभारी सुजय विद्यार्थी ने बच्चा सिंह को गिरफ्तार किया था। बाद में मजदूर संगठन समिति में कार्य के दौरान भी उसकी गिरफ्तारी हुई थी। बच्चा सिंह के परिजनों का कहना है कि तीन जनवरी को एनआईए के बुलावे पर वे रांची गए थे, परंतु लौटकर घर नहीं आए हैं।

### झारखंड में शीतलहर...

उपरोक्त अवधि में सभी कोटि के सरकारी विद्यालयों के प्राथमिक एवं उच्चतर प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक (माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों सहित) नियमित रूप से आएंगे। विद्यालय में उपस्थित होकर यू-डीआईएसई+ 2024-25, बच्चों के आपार आईडी जेनरेशन एवं हाउसहोल्डे सर्वे आदि से संबंधित कार्यों का निष्पादन करना सुनिश्चित करेंगे।

### ऑटो और ट्रक...

बताया जा रहा है कि एक ऑटो रिक्शा में संजय साह अपने परिवार और साली के साथ उनकी बेटियों को लेकर मसानजोर घूमने गए थे। वहां से लौटते समय मुफस्सिल थाना क्षेत्र में ऑटो और धान लदे ट्रक के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में परिजन, शुभचिंतक और स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। कई घायलों को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

### दो बार गलती...

गोपालगंज समाहरणालय में विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक के बाद सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि दो बार उनसे गलती हो गई थी और वो इधर-उधर चले गए थे, लेकिन अब हम हमेशा साथ रहेंगे। उन्होंने कहा- ' जनता ने 2005 में काम करने का मौका दिया, हम लोग लगातार राज्य के विकास के लिए काम कर रहे हैं। इससे पहले बिहार की हालात किस तरह से थी, ये बात किसी से छिपी नहीं हैं।'

दरअसल लालू यादव ने नीतीश कुमार की पार्टी के बारे में 1 जनवरी को कहा था कि कहा था कि आरजेडी का दरवाजा उनके लिए हमेशा खुला हैं। इसके साथ ही उन्होंने ये भी कहा था कि नीतीश कुमार को भी अपना दरवाजा खोलकर रखना चाहिए। लालू यादव के इस ऑफर के बाद से ही बिहार में सियासी सरगर्मी बढ़ गई थी।

बीजेपी, जेडीयू लेकर आरजेडी के तमाम नेता इस पर लालू यादव के इस ऑफर पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। वहीं इन कयासों और हवा तब मिल गई जब राजभवन में राज्यपाल के शपथ ग्रहण समारोह में सीएम नीतीश कुमार ने तेजस्वी यादव की पीठ थपथपाई थी। जिसके बाद अब नीतीश कुमार इस बयान से सबकुछ क्लियर हो गया है।

### केजरीवाल के खिलाफ...

**किसको कहां से मिला टिकट :** बीजेपी ने आदर्श नगर से राज कुमार भाटिया, बादली से दीपक चौधरी, रिठाला से कुलवंत राणा, नांगलोगई जाट से मनोज शौकीन, मंगोलपुरी (अजा) से राजकुमार चौहान, रोहिणी से विजेंद्र गुप्ता, शालीमार बाग से रेखा गुप्ता, मॉडल टाउन से अशोक गोयल, करोल बाग (अजा) दुष्यंत कुमार गौतम, पटेल नगर से राज कुमार आनंद, राजौरी गार्डन से सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, जनकपुरी से आशीष सूद,बिजवासन से कैलाश गहलोत, नई दिल्ली से प्रवेश साहिब सिंह वर्मा, जंगपुरा से सरदार तरविंदर सिंह मारवाह, मालवीय नगर से सतीश उपाध्याय, आर के पुरम से अनिल शर्मा, महरौली से गजेंद्र यादव, छतरपुर से करतार सिंह तंवर, अंबेडकर नगर (अजा) से खुशीराम चुनार, कालकाजी से रमेश बिधूड़ी,बदरपुर से नारायण दत्त शर्मा, पटपड़गंज से रवीन्द्र सिंह नेगी, विश्वास नगर से ओम प्रकाश शर्मा, कृष्णा नगर से अनिल गोयल, गांधी नगर से सरदार अरविंदर सिंह लवली, सीमापुरी (अजा)से कुमारी रिंकू, रोहतास नगर से जितेंद्र महाजन और घोंडा से अजय महावर को मैदान में उतारा है।

**फरवरी की शुरुआत में हो सकते हैं चुनाव :** परवेश वर्मा को नई दिल्ली विधानसभा सीट से आप के अरविंद केजरीवाल के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। करोल बाग से दुष्यंत गौतम, राजौरी गार्डन से मनजिंदर सिंह सिरसा, बिजवासन से कैलाश गहलोत, गांधी नगर से अरविंदर सिंह लवली को टिकट दिया गया है। लवली कांग्रेस के बड़े नेता रहे हैं, जो शीला दीक्षित की सरकार में शिक्षा मंत्री भी रहे हैं। आम आदमी पार्टी दिल्लील की सभी 70 सीटों पर अपने उम्मीतदवार घोषित कर चुकी है। कांग्रेस ने भी कई सीटों पर अपने उम्मीरदवार उतार दिये हैं। अब बीजेपी ने भी 29 उम्मीदवारों का नाम घोषित कर दिया है। सूत्रों की मानें तो चुनाव आयोग जल्द् ही दिल्लीई विधानसभा चुनाव की तारीख का एलान कर सकता है। चुनाव फरवरी की शुरुआत में हो सकते हैं। दिल्लीय में पिछले 10 सालों से आम आदमी पार्टी की सरकार है। बीजेपी का दावा है कि इस बार आप को सत्ता से हटा वे सरकार बनाएंगे।

### सिख फॉर जस्टिस...

ट्रिब्यूनल की अध्यक्षता दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनूप कुमार मेंदिरत्ता ने की। उन्होंने शुक्रवार को अपने आदेश में कहा कि सबूतों से स्पष्ट होता है कि सिक्ख्स फॉर जस्टिस का संबंध खालिस्तानी आतंकी संगठनों जैसे बब्बर खालसा इंटरनेशनल और खालिस्तान टाइगर फोर्स से है। साथ ही, पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के साथ मिलकर पंजाब में आतंकवाद को फिर से सक्रिय करने का प्रयास भी किया गया।

सिक्ख्स फॉर जस्टिस पर लगे आरोप : बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रिब्यूनल ने कहा कि सिक्ख्स फॉर जस्टिस ने सोशल मीडिया के जरिए युवाओं की भर्ती और उन्हें कट्टरपंथी बनाने, तस्करी नेटवर्क के माध्यम से आतंकवादी गतिविधियों के लिए धन जुटाने और प्रधानमंत्री व गृहमंत्री जैसे भारतीय नेताओं को जान से मारने की धमकी देने का काम किया। 2019 में सिक्ख्स फॉर जस्टिस को पहली बार गैरकानूनी घोषित किया गया था और उस समय इसके खिलाफ 11 प्राथमिकी दर्ज की गई थीं। 2024 तक यह संख्या बढ़कर 122 हो गई, जो इसके गैरकानूनी गतिविधियों में तेज वृद्धि को दर्शाती है।

राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा : सिक्ख्स फॉर जस्टिस ने भारतीय सेना के सिख जवानों को विद्रोह के लिए उकसाने, खालिस्तानी विचारधारा को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने और राष्ट्रीय कार्यक्रमों को बाधित करने की कोशिश की। ट्रिब्यूनल ने यह भी पाया कि सिक्ख्स फॉर जस्टिस ने पावर प्लांट और रेलवे जैसी महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचों को निशाना बनाया और G20 शिखर सम्मेलन जैसे प्रमुख राष्ट्रीय कार्यक्रमों में व्यवधान डालने का प्रयास किया।

सोशल मीडिया और साइबर प्लेटफॉर्म का दुरुपयोग : सिक्ख्स फॉर जस्टिस ने साइबर और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करते हुए अलगाववादी प्रचार किया, धमकी भरे संदेश प्रसारित किए और भारतीय ध्वज जलाने जैसे कार्यों के लिए उकसाने वाले वीडियो और कॉल जारी किए। सरकार की ओर से 52 गवाहों की गवाही, जिसमें वरिष्ठ पुलिस और खुफिया अधिकारी शामिल थे, वीडियो, दस्तावेज और SFJ नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू के कबूलनामे पेश किए गए।

ट्रिब्यूनल का निर्णय : ट्रिब्यूनल ने कहा कि सिक्ख्स फॉर जस्टिस की गतिविधियां भारतीय संविधान और UAPA का सीधा उल्लंघन हैं और ये भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं। इस आधार पर, सिक्ख्स फॉर जस्टिस पर लगाए गए प्रतिबंध को उचित ठहराया गया।

क्या है सिक्ख्स फॉर जस्टिस? : सिक्ख्स फॉर जस्टिस एक अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठन है जो खालिस्तान समर्थक विचारधारा को बढ़ावा देता है। यह संगठन पंजाब को भारत से अलग कर एक स्वतंत्र खालिस्तान राज्य बनाने की वकालत करता है। यह संगठन मुख्य रूप से डिजिटल प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार करता है और युवाओं को खालिस्तान आंदोलन के प्रति उकसाने, कट्टरपंथी बनाने और उनकी भर्ती करने की कोशिश करता है। SFJ के खिलाफ भारत में कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं, जिनमें आतंकवादी गतिविधियों का वित्तपोषण, राष्ट्रीय कार्यक्रमों को बाधित करना, सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचाना, और भारतीय सेना में विद्रोह को उकसाने जैसे कार्य शामिल हैं।

संगठन का नेतृत्व गुरपतवंत सिंह पन्नू जैसे व्यक्तियों द्वारा किया जाता है, जो भारत विरोधी गतिविधियों के लिए कुख्यात हैं। सिक्ख्स फॉर जस्टिस पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के साथ मिलकर खालिस्तानी आतंकवाद को पुनर्जीवित करने का आरोप भी लगाया गया है। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने इसे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा माना है।

### 'गोगो दीदी योजना' के...

उन्होंने कहा कि हम लोगों ने कहा था दिसंबर, 2024 से 'मंईयां सम्मान योजना' के तहत राज्य की महिलाओं को 2,500 रुपए दिए जाएंगे। इसे पूरा किया जा रहा है। देश में पहली बार कोई सरकार 56 लाख महिलाओं को 2,500 रुपए प्रतिमाह दे रही है। किसी भी दूसरे प्रदेश की सरकार ने इतने बड़े पैमाने पर महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए कदम नहीं उठाया है। जिन महिलाओं के बैंक खाते में दिसंबर महीने का पैसा नहीं गया, उनके बैंक खातों में दिसंबर और जनवरी महीने के लिए एक साथ 5,000 रुपए डाले जाएंगे।

भट्टाचार्य ने कहा कि हमने महिला सशक्तीकरण का यह वादा निभाया, तो भाजपा के नेताओं के पेट में दर्द शुरू हो गया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भ्रम फैलाने में जुटे हैं। वह झामुमो पर आरोप लगा रहे हैं कि हमने 3,200 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदने को बात कही थी, उसे पूरा नहीं किया। मरांडी को यह बताना चाहिए कि भाजपा की सरकारों ने अपने कार्यकाल में कब एमएसपी पर धान की खरीदारी की है। एमएसपी लागू करने की मांग करते हुए देश में सैकड़ों किसानों की जान चली गई, पर भाजपा सरकार की नींद नहीं खुली। झामुमो नेता ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से पूछा कि राज्य में विधानसभा का गठन एक महीने से अधिक हो गया, लेकिन वह अभी तक विधायक दल का नेता क्यों नहीं तय कर पाए?

### डॉ. राजगोपाल...

कौन हैं डॉ. राजगोपाल चिदंबरम? : 11 नवंबर, 1936 को चेन्नई में जन्मे डॉ. राजगोपाल चिदंबरम को भारत के परमाणु हथियार कार्यक्रम में अहम भूमिका के लिए जाना जाता है। उन्होंने पोखरण-1 (1975) और पोखरण-2 (1998) के परमाणु परीक्षणों में अहम भूमिका निभाई थी। चिदंबरम को साल 1975 और साल 1999 में पद्म श्री और पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

परमाणु कार्यक्रम के प्रमुख वास्तुकार : पोखरण परमाणु परीक्षणों के मुख्य वास्तुकार ने 1974 में बॉम्बे से पोखरण तक प्लूटोनियम ले जाने वाले सैन्य ट्रक में यात्रा की थी। इंडिया राइजिंग मेमोयर ऑफ ए साइंटिस्ट में उन्होंने इसका खुलासा किया था कि यह कार्यक्रम 1974 और 1998 के बीच गुप्त रखा गया था। चिदंबरम ने भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) के निदेशक, परमाणु ऊर्जा आयोग (एईसी) के अध्यक्ष और परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) के सचिव के तौर पर भी काम किया। इसके अलावा वह अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष भी रहे थे।

## विविध

## धनबाद में किन्नर समाज का भव्य अधिवेशन, देशभर से 5 हजार किन्नरों ने लिया हिस्सा



- 7 जनवरी को कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण होगी विशाल शोभायात्रा

**धनबाद।** झारखंड के धनबाद के कोयलांचल में पहली बार किन्नर समाज का विशाल अधिवेशन आयोजित किया जा रहा है। यह भव्य आयोजन 2 जनवरी से शुरू हुआ और 7 जनवरी तक चलेगा। इस कार्यक्रम में देशभर से लगभग 5000 किन्नरों ने हिस्सा लिया है। अधिवेशन का उद्देश्य न केवल समाज के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करना है, बल्कि विशेष पूजा-पाठ और शोभायात्रा के माध्यम से समाज में एकता और समर्पण का संदेश देना भी है।

आयोजनकर्ताओं ने बताया कि कोरोना महामारी के दौरान यह मन्नत मांगी गई थी कि देश इस त्रासदी से उबरे और देशवासी फिर से खुशहाल हो सके। उसी मन्नत के पूर्ण होने पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। अधिवेशन म् किन्नर समाज की पारंपरिक पूजा-पाठ और उनकी खास पूजा ₹पास्टा₹ के माध्यम से समाज और उनके यजमानों के लिए विशेष आशीर्वाद दिए जा रहे हैं।

धनबाद के नावाडीह स्थित विनोद बिहारी चौक के पास स्थित होटल वेडिंग बेल्स के भव्य पंडाल बनाया गया। जिसमें बाहर से आए किन्नरों के ठहरने, खाने-पीने और अन्य सुविधाओं के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए किन्नर समाज के सभी सदस्य बड़े उत्साह के साथ तैयारी में जुटे हुए हैं। वहीं 7 जनवरी को कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विशाल शोभायात्रा है। यह यात्रा बैंक मोड़ मटकुरिया से शुरू होकर शक्ति मंदिर पहुंचेगी।

शोभायात्रा के दौरान किन्नर समाज माता रानी के दरबार में घंटा चढ़ाएंगे और देश-समाज की समृद्धि की कामना करेंगे। शोभायात्रा में हजारों किन्नरों के शामिल होने की संभावना है। वहीं अधिवेशन और शोभायात्रा को लेकर किन्नर समाज में भारी उत्साह देखा जा रहा है। यह कार्यक्रम उनके लिए न केवल अपनी परंपराओं और संस्कृति को प्रदर्शित करने का एक अवसर है, बल्कि समाज में अपनी उपस्थिति को मजबूती से दर्ज कराने का भी। धनबाद में पहली बार हो रहे इस वृहद आयोजन से न केवल स्थानीय नागरिक उत्साहित हैं। बल्कि यह समाज में किन्नरों की भूमिका और उनके योगदान को सम्मानित करने का एक महत्वपूर्ण कदम भी है।

## दो दिवसीय दौरे पर भारत आएंगे अमेरिकी सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जेक सुलिवन 5-6 जनवरी को भारत का दौरा करेंगे। इस दौरान वे भारत के एनएसए अजीत डोभाल और विदेश मंत्री डॉ एस. जयशंकर के साथ बैठक करेंगे। व्हाइट हाउस की ओर से विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी गई है। व्हाइट हाउस के अनुसार, दोनों देशों के एनएसए अपनी बैठक के दौरान अंतरिक्ष, रक्षा तथा रणनीतिक प्रौद्योगिकी सहयोग के मुद्दों पर चर्चा करेंगे। साथ ही चीन के बांध प्रोजेक्ट तथा हिंद-प्रशांत व उससे परे साझा सुरक्षा प्राथमिकताओं पर भी अहम चर्चा होगी। अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण से पहले अमेरिकी एनएसए सुलिवन का दौरा बेहद अहम माना जा रहा है। अपनी यात्रा के दौरान जेक सुलिवन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (दिल्ली) का भी दौरा करेंगे, जहां वह युवा भारतीय उद्यमियों से मुलाकात करेंगे। साथ ही क्रिटिकल एंड इमर्जिंग विषय पर यूएस-इंडिया पहल के तहत हमारे नवाचार गठबंधन को मजबूत करने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत द्वारा मिलकर उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों को रेखांकित करते हुए एक भाषण भी देंगे।

## खाई में गिरा सेना का ट्रक, चार जवान शहीद, दो गंभीर रूप से घायल

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में शनिवार दोपहर हुए एक बड़े सड़क हादसे में सेना के 04 जवान शहीद हो गए। भारतीय सेना का एक ट्रक सड़क से फिसलकर खाई में जा गिरा, जिसमें 04 जवान शहीद हो गए, जबकि 02 जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा बांदीपोरा जिले के एसके पायीन इलाके में हुआ। अधिकारियों के अनुसार, खराब मौसम और कम विजिबिलिटी के कारण ट्रक सड़क से फिसलकर खाई में गिर गया। घटना के समय ट्रक में कुल छह जवान सवार थे। सेना ने हादसे पर बयान जारी करते हुए कहा है, कि यह घटना अत्याधिक खराब मौसम और कम दृश्यता के कारण घटित हुई है। भारतीय सेना ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। सेना के अधिकारियों ने बताया कि हादसे की विस्तृत जांच की जा रही है। इसके साथ ही घायलों का बेहतर इलाज किया जा रहा है। इस हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक व्याप्त है।

**उपराज्यपाल ने जताया शोक**

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। एलजी ने कहा, कि भारतीय सेना के बहादुर जवानों की शहादत पर गहरा दुख है। राष्ट्र उनके बलिदान और सेवा को हमेशा याद रखेगा।

## गोरखपुर में दो छात्रों ने वेबसाइट हैक कर की बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी

गोरखपुर। गोरखपुर के बीबीए की तैयारी करने वाले दो छात्रों ने क्रीन क्रूज की वेबसाइट हैक कर बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी की। आरोपितों में राजन साहनी और शिवम निषाद शामिल हैं। इन दोनों ने क्रूज के टिकटों को एक रुपये में बुककर, 31 दिसंबर को पार्टी की थी। पुलिस और एसटीएफ ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, शिवम और राजन ने एप का इस्तेमाल कर वेबसाइट हैक कर उसके द्वारा टिकट बुक किए। पहले, 27 दिसंबर को राजन ने एक टिकट बुक किया था, इसके बाद शिवम ने फिर से 31 दिसंबर को चार टिकट बुक किए, जिसकी कुल कीमत 12 हजार रुपये थी। धोखाधड़ी का खुलासा तब हुआ जब साफ्टवेयर मैनेजर ने क्रूज के खातों की जांच की। तब पता चला कि वेबसाइट में भुगतान सफल दिखने के बावजूद, सिर्फ एक रुपये ही खाते में जमा हुए थे। जांच में शिवम के पास से लैपटॉप और महंगे मोबाइल बरामद हुए, जो कि शिवम ने धोखाधड़ी से कमाए गए पैसों से खरीदा था।

## एक बार फिर थर्राई कच्छ में जमीन, भूकंप में किसी प्रकार का नुकसान नहीं

कच्छ। फिर एक बार कच्छ जिले में भूकंप का झटका महसूस किया गया है। कच्छ के दुधई इलाके में 3.8 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। भूकंप का केंद्र दुधई से 28 किमी दूर बताया गया है। भूकंप शाम 4:37 बजे महसूस किया गया। राहत बात है कि भूकंप के झटके से किसी प्रकार के नुकसान की खबर नहीं है। इससे पहले नए साल के पहले दिन कच्छ में 3.2 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसमें कोई नुकसान नहीं हुआ था। 1 जनवरी 2025 को भूकंप सुबह 10.24 बजे दर्ज किया गया, जिसका केंद्र भचाऊ से 23 किमी उत्तर-उत्तर पूर्व में स्थित था।

## पेरिया दोहरे हत्याकांड मामले में 10 लोगों को आजीवन कारावास की सजा

कोच्चि। सीबीआई अदालत ने पेरिया में पांच साल पहले युवा कांग्रेस के दो कार्यकर्ताओं की हत्या मामले में 10 लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। वहीं, मामले में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के एक पूर्व विधायक सहित चार अन्य लोगों को 5-5 साल जेल की सजा सुनाई। घटना कासरगोड जिले में पांच साल पहले हुई थी। अदालत ने बीते शनिवार को 14 आरोपियों को दोषी ठहराया था। इसमें 10 दोषियों को हत्या और आपराधिक साजिश के दो मामलों में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। दोनों मामलों में उनकी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। इन 10 दोषियों पर हत्या और आपराधिक साजिश का आरोप लगा था। अदालत ने प्रत्येक दोषी पर दो-दो लाख का जुर्माना भी ठोंका है। यह मामला 17 फरवरी, 2019 को कथित तौर पर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा युवा कांग्रेस कार्यकर्ता कृपेश (19) और सरत लाल पी.के. (24) की हत्या करने से संबंधित है। एर्नाकुलम से कांग्रेस सांसद हिबी ईडन ने पेरिया दोहरे हत्याकांड मामले में सीबीआई अदालत के फैसले की सराहना की। वहीं पीड़ित परिवारों की नाराजगी को भी स्वीकार किया। कांग्रेस सांसद ने कहा, एर्नाकुलम सीबीआई अदालत ने पेरिया दोहरे हत्याकांड मामले में सबसे महत्वपूर्ण फैसला सुनाया गया, जहां दो युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सीपीआईएम द्वारा और सरकार की मदद से हत्या कर दी गई थी। हम उस सजा का स्वागत करते हैं, जिसमें 10 मुख्य दोषियों को दोहरे आजीवन कारावास की सजा दी गई है।

## बेंगलुरु के कोर्ट से निकिता, निशा और अनुराग सिंघानिया को राहत, मिली जमानत

नई दिल्ली। बेंगलुरु के सिटी सिविल कोर्ट ने निकिता सिंघानिया (पत्नी), निशा सिंघानिया (सास) और अनुराग सिंघानिया (जीजा) को जमानत दे दी। सिंघानिया ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी और अंतरिम जमानत की मांग की थी। उसके वकील ने अदालत को बताया था कि उसकी गिरफ्तारी अवैध थी और पुलिस ने गिरफ्तारी के लिए कोई आधार नहीं दिया था। वकील ने अदालत से सिंघानिया को अंतरिम जमानत देने का आग्रह किया ताकि वह उच्चतम न्यायालय में अपना बचाव कर सकें। अतुल सुभाष की मां ने सुप्रीम कोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की है। सिंघानिया के वकील ने तर्क दिया कि जमानत के बिना, वह कार्यवाही में शामिल नहीं हो सकेंगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि उस मामले में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका एक हिरासत लड़ाई के बराबर होगी जिसे उसकी अनुपस्थिति में अस्वीकार कर दिया जाएगा।

# आईआईएम मुंबई ने जीता लीप्स-2024 का पुरस्कार

### -शिक्षा और कौशल विकास श्रेणी के 34 प्रतिभागियों में आईआईएम मुंबई रहा अव्वल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) मुंबई ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए लॉजिस्टिक्स सेक्टर श्रेणी में इंस्टीट्यूशन- एजुकेशन और स्किल डेवलपमेंट का लीप्स 2024 (लीप्स-2024) पुरस्कार प्राप्त करने का गौरव हासिल किया है। इस तरह संस्थान ने 34 प्रतिष्ठित प्रतिभागियों में प्रथम स्थान प्राप्त कर लॉजिस्टिक्स शिक्षा और कौशल विकास में अपने नेतृत्व को और मजबूती से प्रस्तुत किया है। यह पुरस्कार केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण तथा कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल द्वारा प्रोफेसर मनोज कुमार तिवारी को प्रदान किया गया।

गौरतलब है कि लीप्स 2024 यानि लॉजिस्टिक्स एक्सीलेंस, एडवांसमेंट एंड परफॉरमेंस शील्ड की यह पहल लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम के भीतर असाधारण योगदान और इनोवेशंस को सम्मान देती है, जिसमें एमएसएमई, स्टार्टअप और प्रमुख सक्षमकर्ता शामिल हैं जो बदलाव करने वाले कार्यों और महत्वपूर्ण प्रभाव का प्रदर्शन करते हैं।

पुरस्कार के साथ, बहुप्रतीक्षित लॉजिस्टिक्स ईज एक्रॉस डिफरेंट स्टेट्स रिपोर्ट 2024 का भी अनावरण किया जाना है। राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति, 2022 के तहत डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड (डीपीआईआईटी) द्वारा किया जाने वाला यह वार्षिक मूल्यांकन पूरे भारत में लॉजिस्टिक्स परफॉर्मेंस को बढ़ाने के लिए एक रणनीतिक रोडमैप प्रदान करता है।




इस घोषणा से बेहद उत्साहित, आईआईएम मुंबई के निदेशक प्रोफेसर मनोज कुमार तिवारी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, यह सम्मान भारत के लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के लिए मैनेजमेंट की शिक्षा और कौशल विकास में उत्कृष्टता लाने के लिए हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हम भारत सरकार और गवर्निंग बॉडीज के प्रति उनके निरंतर समर्थन और हमारे दृष्टिकोण में विश्वास रखने के लिए बहुत आभारी हैं। जैसे-जैसे लॉजिस्टिक्स भारत की आर्थिक प्रगति के लिए महत्वपूर्ण होता जा रहा है, आईआईएम मुंबई भविष्य के लिए तैयार वर्कफोर्स को सशक्त बनाने के लिए डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, स्थिरता और क्षमता निर्माण जैसे उभरते ट्रेंड्स के साथ अपने प्रयासों को सरेखित करने के लिए समर्पित है।

ऑलकार्गो ग्रुप के संस्थापक और चेयरमैन तथा आईआईएम मुंबई बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष शशि किरण शेट्टी भारत के लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन इंडस्ट्री को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। पिछले तीन दशकों में, उन्होंने पुराने बंदरगाहों के बुनियादी ढांचे और वेयरहाउसिंग सिस्टम को आधुनिक, प्रौद्योगिकी-संचालित सल्यूशंस बदले जाने का नेतृत्व किया है, जिससे भारत वैश्विक व्यापार में एक प्रतिस्पर्धी देश बन गया है।

जब से श्री शेट्टी ने आईआईएम मुंबई बोर्ड के अध्यक्ष की भूमिका संभाली है, तब से संस्थान ने लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन मैनेजमेंट में इनोवेशन के ड्राइवर्स के रूप में शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा देने में बहुत अधिक गति प्राप्त की है, क्योंकि वे संस्थानों को आधुनिक, तकनीक-सक्षम प्रथाओं, प्रतिभा को बढ़ावा देने और इंडस्ट्री कोलैबरेशन के केंद्र के रूप में हैं। श्री शशि किरण शेट्टी के इस दृष्टिकोण का उद्देश्य टिकाऊ और कुशल समाधानों को आगे बढ़ाते हुए ग्लोबल लॉजिस्टिक्स हब के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत करना है।

पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के लिए नोडल एजेंसी के रूप में आईआईएम मुंबई की महत्वपूर्ण भूमिका और राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति को आकार देने में इसकी सक्रिय भागीदारी भारत के लॉजिस्टिक्स और बुनियादी ढांचे के परिदृश्य में इसके अद्वितीय योगदान को रेखांकित करती है।

आईआईएम मुंबई को मिला यह सम्मान न केवल प्रबंधन शिक्षा और इनोवेशन में उत्कृष्टता के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता को पुष्ट करता है, बल्कि इसे भारत के लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को वैश्विक स्तर पर प्रमुखता दिलाने में अग्रणी के रूप में भी स्थापित करता है।

**आईआईएम मुंबई के बारे में**

भारत सरकार द्वारा देश की आर्थिक राजधानी में 1963 में स्थापित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट मुंबई (आईआईएम मुंबई) का लगातार भारत के शीर्ष बी-स्कूलों में शुमार रहा है। विभिन्न कार्यक्रमों में लगभग 1,200 छात्रों के साथ, आईआईएम मुंबई देश में प्रबंधन शिक्षा में अग्रणी है और पूरे भारत में प्रबंधन संस्थानों में 2024 के लिए नेशनल इंस्टीट्यूशन रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) में 6वें स्थान पर है। आईआईएम मुंबई ऑपरेशंस मैनेजमेंट, सप्लाई चेन मैनेजमेंट, अनालिटिक्स, फाइनेंस, मार्केटिंग, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, एचआर, इंफॉर्मेशन टेक्नालॉजी और सस्टेनेबिलिटी मैनेजमेंट जैसे विविध कार्यात्मक क्षेत्रों में कुशल प्रोफेशनल्स को तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## पोर्न स्टार केस में डोनाल्ड ट्रंप को राहत नहीं, 10 जनवरी को सजा का एलान



**अमेरिका।** पोर्न स्टार को पैसे देने के मामले में फंसे डोनाल्ड ट्रंप को राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। एक जज के मुताबिक अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति को 10 जनवरी को सजा सुनाई जाएगी। जस्टिस जुआन मर्चन के फैसले का मतलब है कि ट्रंप को 20 जनवरी को शपथ ग्रहण से महज 10 दिन पहले अदालत की सुनवाई में पेश होना होगा। अभी तक अमेरिका के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ है। ट्रंप से पहले किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति को, चाहे वर्तमान हो या पूर्व सजा नहीं सुनाई गई है। जज ने कहा कि 78 वर्षीय ट्रंप इस सजा के दौरान व्यक्तिगत या वर्चुअल तौर पर पेश हो सकते हैं। उन्होंने लिखा कि वह ट्रम्प को जेल की सजा देने के इच्छुक नहीं थे। इस सजा के दौरान ट्रंप को हिरासत या जुर्माना भी नहीं भुगतना होगा। उन्होंने कहा कि यह सबसे व्यवहारिक समाधान होगा। ट्रंप के प्रवक्ता स्टीवन चेउंग ने कहा कि इस केस में कोई सजा नहीं होगी। उन्होंने कहा कि यह कानून विहीन मामला कभी नहीं लाया जाना चाहिए था, और संविधान मांग करता है कि इसे तुरंत खारिज कर दिया जाए।

जस्टिस मर्चन ने राष्ट्रपति चुनाव में जीत के चलते मामले को खारिज करने के ट्रम्प के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। उन्होंने सजा के लिए अपनी योजना की घोषणा की। ट्रंप के बचाव पक्ष के वकीलों ने दलील दी थी कि राष्ट्रपति पद के दौरान उनके ऊपर मामला चलने से उनके कार्यकाल पर असर पड़ेगा। मर्चन ने इस तर्क को खारिज कर दिया। उन्होंने कहाकि जूरी के फैसले को अलग करना कानून कमजोर करने जैसा होगा।

## पटना साहिब में गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश उत्सव पर्व का आगाज

- **छह जनवरी को दोपहर 1:00 बजे आ सकते हैं केंद्रीय मंत्री अमित शाह**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पटना (ईएमएस)। बोले सो निहाल सत श्री अकाल की गूंज से पटना साहिब शनिवार की सुबह गूंजने लगा। प्रभात फेरी, नगर कीर्तन के साथ ही सिखों के 10वें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का 358वां प्रकाश उत्सव पर्व का आगाज हो गया। तीन दिनों तक चलने वाले प्रकाश उत्सव पर्व में देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। पटना साहिब गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह ने बताया कि इस वर्ष केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 6 जनवरी की दोपहर 1:00 बजे आ सकते हैं।

शनिवार की सुबह से ही बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं का सिलसिला शुरू हो गया है। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों से हजारों की संख्या में सिख श्रद्धालु पटना साहिब पहुंच रहे हैं। इसके लिए प्रबंधन कमेटी के लोगों ने भी सभी लोगों के ठहरने की पूरी व्यवस्था की है। पटना साहिब के बाल लीला गुरुद्वारा, कंगन घाट, मुख्य गुरुद्वारा पटना साहिब, अतिथिशाला सहित सभी जगह को श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित किया गया है।

सिंह ने बताया कि इस वर्ष केंद्र सरकार सहित राज्य सरकार के सभी मंत्रियों को गुरु पर्व के मौके पर आने का निमंत्रण भेजा गया है। इसके अलावा उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राज्यपाल मोहम्मद आरिफ खान, उपमुख्यमंत्री सहित कई मंत्रियों के आने के भी संभावना है। उन्होंने बताया कि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पटना साहिब प्रबंधन कमेटी के अलावा बिहार सरकार के तरफ से भी समुचित व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि भूरी वाले के तरफ से और प्रबंधन कमेटी की तरफ से सभी श्रद्धालुओं के लिए लंगर 24 घंटे के लिए खोल दिए गए हैं।

## तीन दिनों का परीक्षण सफल : अब 180 किमी की गति से दौड़ेगी वंदे भारत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वंदे भारत स्लीपर ट्रेन ने पिछले तीन दिनों में अपने कई परीक्षणों में 180 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति प्राप्त की है। जनवरी के अंत तक यह परीक्षण जारी रहेंगे। उसके बाद देश भर के रेल यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा के लिए यह विश्व-स्तरीय यात्रा उपलब्ध कराई जाएगी।

कोटा डिवीजन में सफल परीक्षण का एक वीडियो साझा करते हुए, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक्स पर अपनी पोस्ट में इसकी गति का उल्लेख किया। वीडियो में वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के अंदर एक मोबाइल के बगल में पानी से भरा गिलास दिखाया गया है। पानी का स्तर स्थिर देखा जा सकता है। आशय ये है कि चलती ट्रेन 180 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम और स्थिर गति प्राप्त करती है। हाई-स्पीड रेल यात्रा में वंदे भारत यात्रियों को आराम का अनुभव कराती है। यह पोस्ट 3 दिनों के सफल परीक्षणों के बाद आया है, जो 2 जनवरी को समाप्त हुआ, जिसमें वंदे भारत स्लीपर ट्रेन ने अपनी भरी हुई स्थिति में अधिकतम गति प्राप्त की।



वंदे भारत ट्रेनें अब कई शताब्दी ट्रेन मार्गों पर उपलब्ध हैं। वंदे भारत एक्सप्रेस भारत की सबसे तेज़ ट्रेन है और 180 किमी/घंटा तक की गति तक पहुंचने में सक्षम है। अब तक, यह दिल्ली और वाराणसी जैसे छोटे और मध्यम दूरी के प्रमुख शहरों को जोड़ती है और एक शानदार यात्रा अनुभव प्रदान करती है। विशेषज्ञों का मानना है कि वंदे भारत ट्रेनें गति और आराम का एक सहज मिश्रण प्रदान करती हैं। यह केवल यात्रा का एक तरीका नहीं है बल्कि आधुनिक भारतीय इंजीनियरिंग का एक अनुभव है।

रेलवे के लिए असली चुनौती बर्थ जोड़ना और ट्रेनों को पूर्ण यात्री और सामान लोड की स्थिति के लिए परीक्षण करना था ताकि उन्हें 180 किमी/घंटा की अधिकतम गति प्राप्त करते हुए वंदे भारत स्लीपर कोच में परिवर्तित किया जा सके। इन सफल परीक्षणों के साथ, रेल यात्री कश्मीर से कन्याकुमारी, दिल्ली से मुंबई, हावड़ा से चेन्नई और कई अन्य मार्गों जैसे लंबी दूरी की यात्राओं में विश्व-स्तरीय यात्रा अनुभव की उम्मीद कर सकते हैं। उन्हें यात्रा का समय काफी कम होने से लाभ होगा। मुंबई-दिल्ली लंबी दूरी की यात्रा की वर्तमान औसत गति 90 किमी/घंटा है, जिसमें तेजस राजधानी एक्सप्रेस के लिए अधिकतम स्वीकार्य गति 140 किमी/घंटा है, जो देश में सभी राजधानी ट्रेन सेवाओं में सबसे तेज है।

**कोटा और लबान के बीच हुआ परीक्षण**

राजस्थान के बूंदी जिले में कोटा और लबान के बीच 30 किलोमीटर लंबे ट्रायल रन के दौरान ट्रेन ने 180 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति प्राप्त की। वर्ष 2025 के पहले दिन रोहल खुर्द से कोटा के बीच 40 किलोमीटर लंबे ट्रायल रन में वंदे भारत स्लीपर ट्रेन ने 180 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति प्राप्त की। इसी दिन कोटा-नागदा और रोहल खुर्द-चौमहला सेक्शन पर 170 किलोमीटर प्रति घंटे और 160 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति प्राप्त की। अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन (आरडीएसओ) लखनऊ की निगरानी में ये ट्रायल जनवरी महीने तक जारी रहेंगे। एक बार ये परीक्षण पूरे हो जाने के बाद, रेलवे सुरक्षा आयुक्त द्वारा अधिकतम गति पर ट्रेन का मूल्यांकन किया जाएगा। अंतिम चरण में सफल होने के बाद ही, वंदे भारत ट्रेनों को आधिकारिक रूप से प्रमाणित किया जाएगा और उन्हें भारतीय रेलवे को शामिल करने और नियमित सेवा के लिए सौंप दिया जाएगा।

# एससी/एसटी छात्रों की आत्महत्या पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, यूजीसी से मांगा डेटा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में एससी/एसटी वर्ग के छात्रों द्वारा की गई आत्महत्याओं और जातिगत भेदभाव के मामलों पर सख्त रुख अपनाया है। रोहित वेमुला और पायल ताडवी की मां द्वारा दाखिल याचिका पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को निर्देश दिया कि वह केंद्रीय, राज्य, निजी और मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों से इन मामलों से संबंधित आंकड़े इकट्ठा करे।

सुप्रीम कोर्ट ने यूजीसी को 2012 के रेग्युलेशन के तहत बनाए गए समान अवसर सेल्स (ईओसी) की शिकायतों और उन पर उठाए गए कदमों की रिपोर्ट पेश करने का भी आदेश दिया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इस मामले की गंभीरता को देखते हुए नियमित सुनवाई की जाएगी।



**2012 रेग्युलेशन के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर**

सुप्रीम कोर्ट ने 2004 से 2024 के बीच आईआईटी संस्थानों में 115 आत्महत्याओं के आंकड़ों पर चर्चा करते हुए कहा कि 2012 के यूजीसी रेग्युलेशन को प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए मजबूत तंत्र आवश्यक है। कोर्ट ने यह भी कहा कि जातिगत भेदभाव के मामलों को खत्म करने के लिए संस्थानों में शिकायत निवारण प्रणाली को और सशक्त बनाना होगा।

**रोहित वेमुला और पायल ताडवी के मामले प्रमुख**

याचिका में विशेष रूप से रोहित वेमुला और पायल ताडवी के मामलों का उल्लेख किया गया है। रोहित वेमुला ने 17 जनवरी 2016 को हैदराबाद विश्वविद्यालय में जातीय भेदभाव के आरोपों के चलते आत्महत्या कर ली थी। इसी तरह, पायल ताडवी, जो मुंबई के टीएन टोपीवाला मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई कर रही थीं, ने 22 मई 2019 को आत्महत्या कर ली। याचिकाकर्ता ने एससी/एसटी छात्रों और शिक्षकों के खिलाफ भेदभाव रोकने के लिए मजबूत और प्रभावी तंत्र की मांग की है। कोर्ट ने यह सुनिश्चित करने की भी आवश्यकता जताई कि संस्थान शिकायतों को गंभीरता से लें और भेदभाव रोकने के लिए ठोस कदम उठाएं।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की वकील इंदिरा जयसिंह ने अदालत के समक्ष इन मुद्दों की गंभीरता को रेखांकित किया। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई को प्राथमिकता देते हुए आगे की कार्रवाई का संकेत दिया है।

## खुद को मॉडल बता सैकड़ों लड़कियों से की दोस्ती फिर निजी तस्वीरों से किया ब्लैकमेलिंग का काम

**दिल्ली पुलिस ने शातिर साइबर क्रिमिनल तुषार बिष्ट को गिरफ्तार किया**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली पुलिस ने 23 साल के शातिर साइबर क्रिमिनल तुषार बिष्ट को गिरफ्तार किया है, तुषार ने फेक प्रोफाइल बनाकर ऑनलाइन डेटिंग एप पर सैकड़ों लड़कियों से दोस्ती कर उनकी निजी तस्वीरें प्राप्त कर उन्हें ब्लैकमेल किया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने खुद को एक अमेरिकी फ्रीलांस मॉडल बताकर और ब्राजील के मॉडल की तस्वीर का इस्तेमाल कर लड़कियों को अपने जाल में फंसाया।

पुलिस ने बताया कि तुषार ने 18 से 30 साल की उम्र की लड़कियों को निशाना बनाया था। वह बंबल, स्नैपचैट और अन्य डेटिंग एप पर एक अंतरराष्ट्रीय वर्चुअल नंबर का उपयोग करता था। जब महिलाएं आरोपी तुषार से दोस्ती करने लगती थीं, तब वह उनकी निजी तस्वीरें और वीडियो मांगता था और बाद में उन्हें वायरल करने की धमकी देकर पैसे वसूलता था।

विवाद तब बढ़ा जब एक दिल्ली विश्वविद्यालय की छात्रा ने तुषार से अपनी निजी तस्वीरें साझा की थीं और इसके बाद में ब्लैकमेलिंग का शिकार हुई। आरोपी ने छात्रों को धमकी दी कि यदि पैसे नहीं दिए, तब वहां उसकी निजी तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट कर देगा। परेशान होकर छात्रा ने अपने परिवार को बताकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने आरोपी की पहचान कर गिरफ्तार कर लिया। तुषार के पास से कई फर्जी आईडी, एक मोबाइल फोन,



और 13 क्रेडिट कार्ड बरामद हुए हैं। पुलिस के मुताबिक, तुषार ने 500 से अधिक महिलाओं से चैटिंग की और उनके व्यक्तिगत डेटा का गलत फायदा उठाकर पैसों की उगाही की। अब तक 4 अन्य महिलाओं की भी पहचान की जा चुकी है, जो तुषार के शिकार बनी थी।

# कथित गुप्त मिशन की खबरों को भारत ने नकारा, कहा : पूर्वाग्रह से ज्यादा कुछ नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हाल में अमेरिकी अखबार वाशिंगटन पोस्ट की कुछ खबरों को लेकर भारत में काफी चर्चा हुई। मालदीव और पाकिस्तान में भारत के कथित गुप्त मिशनों वाली दोनों खबरों को लेकर भारत ने बेहद कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए इसे पूर्वाग्रह से ज्यादा कुछ नहीं बताया। मीडिया ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस पर पूछे गए प्रश्न के जवाब में कहा कि वाशिंगटन पोस्ट में प्रकाशित यह दोनों खबरें निराधार, गैर-विश्वसनीय और भारत के प्रति शत्रुतापूर्ण रवैये वाली हैं। इसलिए हम इन्हें सिरे से खारिज करते हैं। जायसवाल ने यह भी कहा कि इन दोनों खबरों को देखकर ऐसा लगता कि अखबार और उसके संवाददाता दोनों ही भारत के प्रति शत्रुतापूर्ण रवैया रखते हैं। आप उनकी गतिविधियों और खबरों में एक पैटर्न को देख सकते हैं। ऐसे में उनकी विश्वसनीयता कितनी है, उसके आकलन का काम हम आप पर छोड़ते हैं। जहां तक हमारा सवाल है, हमें उनमें कोई विश्वसनीयता नजर नहीं आती है।

वाशिंगटन पोस्ट ने मालदीव पर डेमोक्रेटिक रिन्यूअल इनिशिएटिव नामक एक आंतरिक दस्तावेज के हवाले से अपनी खबर में यह दावा किया कि राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जू को उनके पद से हटाने के लिए उन पर महाभियोग चलाने के लिए मालदीव के विपक्षी नेताओं ने उनकी पार्टी पीपुल्स नेशनल कांग्रेस के कुछ सदस्यों सहित विपक्ष के 40 सांसदों ने भारत से कथित तौर पर लगभग 6 मिलियन डॉलर (51 करोड़ रुपए) की रिश्वत की मांग की थी। मालदीव की विपक्षी पार्टी मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों ने पिछले साल 2024 की शुरुआत में भारत से रिश्वत की यह मांग की थी। हालांकि ये सफल नहीं हो पाई थी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इस काम को पूरा करने के लिए भारत के रिसर्च एंड एनालिसिस विंग यानी रॉ के एजेंटों की मालदीव के विपक्षी सांसदों से गुप्त चर्चा भी हुई। वहीं, पाकिस्तान को लेकर आई खबर में वाशिंगटन पोस्ट ने अनाम पाकिस्तानी और पश्चिमी अधिकारियों के हवाले से कहा है कि भारत की खुफिया एजेंसी रॉ वर्ष 2021 से पाकिस्तान के अंदर आधा दर्जन लोगों को मारने का एक कार्यक्रम चला रही है।

**चीन के दो नए काउंटी मंजूर नहीं**

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने चीन से जुड़े एक प्रश्न के जवाब में कहा कि हमने चीन की होटन प्रांत में दो नई काउंटियों की स्थापना से जुड़ी हुई घोषणा देखी है। इन तथाकथित काउंटियों के कुछ हिस्से भारत के केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख क्षेत्र में भी आते हैं। यह हमें बिलकुल भी मंजूर नहीं है। भारत ने कूटनीतिक माध्यमों से इसे लेकर चीनी पक्ष के सामने अपना



विरोध दर्ज कराया है। उन्होंने कहा, हमने इस भारतीय क्षेत्र पर कभी भी चीन के अवैध कब्जे को स्वीकार नहीं किया है। नए काउंटियों के निर्माण से इस क्षेत्र पर न ही हमारी संप्रभुता को लेकर भारत की दीर्घकालिक और स्थापित स्थिति पर कोई फर्क पड़ेगा और न ही इससे चीन के अवैध कब्जे को कोई मान्यता मिल पाएगी। पूर्वोत्तर भारत से लगे तिब्बत क्षेत्र में ब्रह्मपुत्र नदी पर चीन की बांध (यारलुंग जांगबो) बनाने की कोशिश को लेकर जायसवाल ने कहा कि भारत अपने हितों की रक्षा के लिए इस मामले पर लगातार निगरानी रखेगा और जरूरी कदम उठाएगा।

## मुक्केबाज विजेंदर को लगा बड़ा झटका, पिता महिपाल सिंह का निधन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज विजेंदर सिंह के पिता महिपाल सिंह का बृहस्पतिवार को निधन हो गया। पिछले कुछ हफ्तों से उनकी तबीयत ठीक नहीं थी। विजेंदर ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि बहुत दुख के साथ अपने पिता महिपाल सिंह के निधन की सूचना दे रहा हूं। आज उनका स्वर्गवास हो गया। बीजिंग ओलंपिक 2008 में कांस्य पदक जीतने वाले 39 वर्षीय मुक्केबाज ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि उनके पिता का अंतिम संस्कार हरियाणा में उनके पैतृक गांव भिवानी में किया जाएगा। हरियाणा रोडवेज में ड्राइवर के तौर पर कार्यरत महिपाल ने 'ओवरटाइम' करके विजेंदर के सपने को पूरा किया। पिछले साल कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए विजेंदर ने अपने पिता के साथ एक तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा- आपसे अनुरोध है कि उनके लिए प्रार्थना करें।

## ऋषभ पंत की तूफानी बैटिंग के फैन हुए सचिन तेंदुलकर

- सोशल मीडिया पर दी शाबाशी



**सिडनी (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सिडनी टेस्ट मैच के दूसरे दिन की समाप्ति हो गई है। खेल के दूसरे दिन टीम इंडिया ने 6 विकेट पर 141 रन बनाए। टीम इंडिया के लिए दूसरी पारी में एक बार फिर से ऋषभ पंत ने बैटिंग में अपना कमाल दिखाया और 61 रनों की तूफानी पारी खेली। पंत ने इस दौरान सिर्फ 29 गेंद में फिफ्टी पूरी की। टेस्ट में पंत का यह दूसरा सबसे तेज अर्धशतक था। इससे पहले उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ सिर्फ 28 गेंद में अर्धशतक जमा दिया था। सिडनी में ऋषभ पंत की इस तूफानी अंदाज को देखकर मास्टर-ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर भी गदगद हो गए और उन्होंने सोशल मीडिया पर उनकी जमकर तारीफ की। सचिन तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा, ऐसे विकेट पर जहां अधिकांश बल्लेबाज 50 या उससे कम के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की है, लेकिन ऋषभ पंत ने 184 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। यह बहुत ही शानदार है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया को पहली गेंद से परेशान किया। पंत को बैटिंग करते हुए देखना हमेशा एंटरटेनिंग होगा।

## धनश्री वर्मा और युजवेंद्र चहल के रिश्ते में दरार

- तलाक की अफवाहों ने फिर पकड़ी जोर



**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और उनकी पत्नी, कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा, एक बार फिर अपनी शादीशुदा जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। दोनों के बीच तलाक की अफवाहें तब और तेज हो गईं जब दोनों ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया। खबरों के मुताबिक, युजवेंद्र चहल ने धनश्री के साथ अपने सभी सोशल मीडिया पोस्ट हटा दिए हैं, जबकि धनश्री ने चहल को अनफॉलो तो किया है, लेकिन उनके साथ की तस्वीरें अभी भी उनके प्रोफाइल पर मौजूद हैं। इस जोड़े के करीबी सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि दोनों का तलाक लगभग तय है और आधिकारिक घोषणा होना बाकी है। हालांकि, उनके अलगाव के पीछे के सही कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है। साल 2023 में भी दोनों के अलगाव की अफवाहें उस समय उड़ी थीं, जब धनश्री ने अपने इंस्टाग्राम बायो से 'चहल' उपनाम हटा दिया था। इसी दौरान, चहल ने एक गुप्त स्टोरी शेयर की थी जिसमें लिखा था, 'नया जीवन लोड हो रहा है।' हालांकि, उस वक्त चहल ने इन अफवाहों को खारिज करते हुए अपने प्रशंसकों से ऐसी बातें न फैलाने की अपील की थी।

### भावुक हुए रोहित शर्मा, बोले-

# मैं दो बच्चों का पिता हूं, मेरे पास भी है थोड़ा दिमाग

## ये लोग तय नहीं कर सकते कि हमें कब जाना चाहिए या कब नहीं खेलना चाहिए





**सिडनी (एजेंसी)।** सिडनी टेस्ट में शामिल न होने पर क्रिकेट फैंस का एक तबका अनुमान लगा रहा था कि रोहित शर्मा के टेस्ट करियर का अंत हो गया है। लेकिन रोहित ने सिडनी टेस्ट के दूसरे दिन सुबह ही प्रेस वार्ता में साफ कर दिया कि उनका इरादा अभी और खेलने का है। उन्होंने खेल शुरू होने से पहले कहा कि ये लोग तय नहीं कर सकते कि हमें कब जाना चाहिए या कब नहीं खेलना चाहिए। मैं समझदार इंसान हूं और परिपक्व भी। मैं दो बच्चों का पिता हूं लिहाजा मेरे पास भी थोड़ा दिमाग है कि जीवन में मुझे क्या चाहिए। यह पूछने पर कि क्या उन्होंने मेलबर्न टेस्ट की हार के बाद यह फैसला लिया था, रोहित ने कहा कि नहीं। मैंने यह फैसला सिडनी आने के बाद लिया। मैच के बाद हमारे पास बीच में दो ही दिन थे और एक दिन नववर्ष का था और मैं नए साल में कोच और चयनकर्ता से यह नहीं बोलना चाहता था। उन्होंने कहा कि लेकिन यह मेरे दिमाग में चल रहा था कि मैं लगातार कोशिश कर रहा हूं लेकिन रन नहीं बन रहे। मुझे यह स्वीकार करना होगा कि रन नहीं बन रहे और ऐसे में मेरे लिए अलग हटना जरूरी था। उन्होंने कहा कि मैं जब भी कप्तानी कर रहा हूं तो मैं यह नहीं सोचता कि 5 या 6 महीने बाद क्या होगा। आप निकट भविष्य में क्या चाहते हैं, उस पर फोकस जरूरी है। रोहित ने कहा कि हमारा पूरा फोकस इन 5 मैचों पर था। हमें ट्रॉफी बरकरार रखनी थी, जीतना था। ऐसे फैसले लेते समय टीम को आगे रखा जाता है। उन्होंने बुमराह की भी तारीफ की और कहा- उसने गेंदबाजी में नए मानदंड कायम किए हैं। जब मैंने 2013 में उसे पहली बार देखा था, तब से अब वह उसका ग्राफ ऊपर ही गया है।

भारत के सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा ने अपने संन्यास को लेकर लग रही अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि वह कहीं नहीं जा रहे हैं और आस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट से 'बाहर रहने' का कारण खराब फॉर्म था। खराब फॉर्म से जूझ रहे

### संन्यास के फैसले पर कहा, कहीं जा नहीं रहा हूं

रोहित ने सिडनी टेस्ट से आराम लिया है और उनकी जगह तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह कप्तानी कर रहे हैं। इससे टेस्ट क्रिकेट में रोहित के भविष्य को लेकर अटकलें लगने लगी हैं।

रोहित ने कहा कि मैंने संन्यास नहीं लिया है। मैं बाहर हुआ हूं। मैंने कोच और चयनकर्ताओं से यही बात की कि मैं रन नहीं बना पा रहा हूं, फॉर्म में नहीं हूं और इस महत्वपूर्ण मैच में हमें ऐसा खिलाड़ी चाहिए जो फॉर्म में है। उन्होंने कहा कि हम बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में टीम में ऐसे खिलाड़ी ज्यादा नहीं होने चाहिए जो फॉर्म में नहीं हैं। यही बात मेरे दिमाग में चल रही थी। मैं कहीं जा नहीं रहा हूं। सैंतीस वर्ष के रोहित ने कहा कि टीम प्रबंधन और चयनकर्ताओं ने उनके फैसले का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि मैं कोच और चयनकर्ताओं से कहना चाहता था कि मेरे दिमाग में यह चल रहा है। उन्होंने मेरे फैसले का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि तुम इतने साल से खेल रहे हो और तुम्हें पता है कि तुम क्या कर रहे हो।

रोहित ने कहा कि मेरे लिए यह कठिन फैसला था। लेकिन अगर सब कुछ सामने रखें तो यह फैसला तर्कसंगत था। मैं बहुत आगे की नहीं सोचूंगा। रोहित की गैर मौजूदगी में शुभमन गिल को भारतीय टीम में शामिल किया गया। भारत श्रृंखला में 1-2 से पीछे है और बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी अपने पास रखने के लिए उसे सिडनी टेस्ट हर हालत में जीतना होगा। रोहित ने 2024 में टेस्ट क्रिकेट में 14 मैचों की 26 पारियों में सिर्फ 619 रन बनाए। सिडनी टेस्ट से पहले इस श्रृंखला के तीन टेस्ट की 5 पारियों में वह 31 रन ही बना सके हैं।

# खेल रत्न पुरस्कार सबसे बड़ी उपलब्धि लेकिन काफी कुछ हासिल करना बाकी : हरमनप्रीत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक पदक के बाद खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुने जाने से उत्साहित भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि यह सम्मान उनकी 'शानदार' यात्रा की मान्यता है जिसमें उन्हें भविष्य में बहुत कुछ हासिल करना है। पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली निशानेबाज मनु भाकर, शतरंज के विश्व चैंपियन डी गुकेश, हरमनप्रीत और पैरालंपिक ऊंची कूद के स्वर्ण विजेता प्रवीण कुमार को खेल मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को 2024 मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुना है। हरमनप्रीत ने कहा कि यह मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान है। यह मेरे लिए एक बड़ी उपलब्धि है। मैं वास्तव में बहुत खुश हूं। ऐसा लगता है कि यह मेरे जीवन का सबसे अच्छा हिस्सा है। मुझे इतना बड़ा पुरस्कार और मान्यता मिल रही है।

पेरिस ओलंपिक में सबसे ज्यादा 10 गोल करने वाले इस 28 साल के खिलाड़ी का करियर उपलब्धियों से भरा रहा है। वह पेरिस से पहले तोक्यो में कांस्य पदक जीतने वाली टीम के भी सदस्य थे। उन्होंने 2016 में जूनियर विश्व कप में स्वर्ण, राष्ट्रमंडल खेलों में रजत, एशियाई खेलों में स्वर्ण और कांस्य के अलावा चैंपियंस ट्रॉफी में दो रजत पदक जीते है। हरमनप्रीत ने पिछले वर्ष सहित तीन बार एफआईएच साल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता है। वह हालांकि इन उपलब्धियों से संतुष्ट नहीं है और अभी करियर में काफी कुछ हासिल करना चाहते हैं।

हरमनप्रीत ने कहा कि अपनी पूरी यात्रा में मैंने बहुत कुछ सीखा है, मैंने जीत और हार सहित कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। मुझे हालांकि लगता है कि आप केवल उन अनुभवों से सीखते हैं। पहले दिन से मेरी मानसिकता खुद को बेहतर करने की रही है। पंजाब के अमृतसर के टिम्मोवाल गांव में किसान परिवार में जन्मे हरमनप्रीत का अंतरराष्ट्रीय करियर 2014 में शुरू हुआ था। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय टीम के साथी खिलाड़ियों को दिया। भारतीय कप्तान ने कहा कि हम जो भी हासिल कर रहे हैं वह एक टीम के रूप में कर रहे हैं। मेरी यात्रा बहुत दिलचस्प रही है, मुझे व्यक्तिगत मान्यताएं और पुरस्कार मिल रहे हैं लेकिन यह केवल मेरे साथी खिलाड़ियों के कारण संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि मैंने अब तक की अपनी यात्रा का भरपूर आनंद लिया है। मैंने बहुत मेहनत की है और मैंने अब तक जो भी हासिल किया है, उससे मैं खुश हूं।

भारतीय हॉकी टीम की रक्षापंक्ति के इस खिलाड़ी की नजर अब विश्व कप में पदक जीतने पर है। विश्व कप का आयोजन अगले साल बेल्जियम में होगा। हरमनप्रीत ने कहा कि निश्चित रूप से मेरा मुख्य लक्ष्य विश्व कप होगा क्योंकि लंबे समय से हमने विश्व कप में कोई पदक नहीं जीता है। लेकिन ऐसा नहीं है कि अपने जीवन में सब कुछ हासिल कर लिया है। उन्होंने कहा कि हमने ओलंपिक में लगातार पदक जीते हैं लेकिन हमारा अगला लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना और सभी प्रमुख टूर्नामेंट जीतना होगा। यह चरण दर चरण प्रक्रिया है और हम एक टीम के रूप में अपने लक्ष्य हासिल करना चाहेंगे।

हरमनप्रीत वर्तमान में राउरकेला में चल रही हॉकी इंडिया लीग में पंजाब के सूरमा हॉकी क्लब का नेतृत्व कर रहे हैं। सूरमा हॉकी क्लब ने अब तक दो मैच खेले हैं, जिसमें एक में जीत और एक में हार मिली है। उन्होंने कहा कि हर टीम के लिए शुरुआत में एकजुट होना और समझ के साथ सामंजस्य बनाना कठिन होगा। हम कल का मैच हार गए लेकिन इसमें भी हमारे लिए कई सकारात्मक चीजें रही।

## सिडनी टेस्ट में भारत 145 रन से आगे

### पंत ने 184 के स्ट्राइक रेट से फिफ्टी बनाई, जडेजा-सुंदर नाबाद, दूसरी पारी में स्कोर 141/6



- ऑस्ट्रेलिया के नाम रहा आखिरी सेशन - स्टंप्स हो गया है। भारतीय टीम का स्कोर 141 रन है। टीम इंडिया ने कुल 145 रन की बढ़त बना ली है। रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर नाबाद लौटे हैं। दिन का आखिरी सेशन ऑस्ट्रेलिया के नाम रहा है। 32 ओवर के इस सेशन में भारत ने 141 रन बनाने में 6 विकेट गंवा दिए।

**सिडनी (एजेंसी)।** भारत बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के 5वें टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया से 145 रन आगे है। शनिवार को टीम ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 6 विकेट खोकर 141 रन बनाए। रवींद्र जडेजा 8 और वॉशिंगटन सुंदर 6 रन पर नाबाद लौटे।

सिडनी में भारतीय टीम से ऋषभ पंत ने 33 बॉल पर 61 रन बनाए। यशस्वी जायसवाल ने 22 रन का योगदान दिया। केएल राहुल और शुभमन गिल 13-13 रन बना सके। विराट कोहली ने 6 रन बनाए। स्कॉट बोलैंड ने 4 विकेट झटके।

टी-ब्रेक से पहले ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में 181 रन पर ऑलआउट हुई। यहां इंडिया को पहली पारी में 4 रन की बढ़त मिली थी। भारत ने पहली पारी में 185 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया से डेब्यू मैच खेल रहे ब्यू वेबस्टर ने सबसे ज्यादा 57 रन बनाए। स्टीव स्मिथ ने 33 और सैम कोंस्टास ने 23 रन बनाए। प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज ने 3-3 विकेट झटके। जसप्रीत बुमराह और नीतीश रेड्?डी को 2-2 विकेट मिले।

- **भारत-** जसप्रीत बुमराह (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा, नीतीश रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा।
- **ऑस्ट्रेलिया-** पैट कमिंस (कप्तान), उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, ब्यू वेबस्टर, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), मिचेल स्टार्क, नाथन लायन और स्कॉट बोलैंड।

## यशस्वी ने चकनाचूर किया सहवाग का 20 साल पुराना रिकॉर्ड, सिडनी में रचा इतिहास



**सिडनी (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का अंतिम टेस्ट एससीजी में खेला जा रहा है। भारत की दूसरी पारी में यशस्वी जायसवाल ने धमाकेदार अंदाज में शुरुआत की। टीम इंडिया की दूसरी इनिंग्स का पहला ओवर ऑस्ट्रेलिया की तरफ से अनुभवी गेंदबाज मिचेल स्टार्क डाल रहे थे। हालांकि युवा खिलाड़ी यशस्वी जायसवाल ने बिल्कुल भी उन्हें इज्जत नहीं दी और पहले ओवर में ही 16 रन ठोक डाल। यशस्वी ने उस ओवर में 4 चौके जड़े। उन्होंने ओवर की दूसरी,तीसरी,चौथी और छठी गेंद पर चौका लगाया। इसी के साथ जायसवाल ने एक बड़ा रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है। वह भारत की तरफ से पहले ओवर में टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड दिग्गज वीरेंद्र सहवाग के नाम था। उन्होंने 2005 में मोहम्मद खलील को पहले ओवर में 13 रन मारे थे। हालांकि रोहित शर्मा ने भी 2023 में पैट कमिंस के खिलाफ पहले ओवर में 13 रन बनाए थे।

### जायसवाल ने मिचेल स्टार्क को एक ओवर में जड़े 4 चौके

# ज्यादा पैरा खिलाड़ियों को खेल रत्न मिलते देखना अच्छा होता: प्रवीण कुमार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऊंची कूद के पैरा एथलीट प्रवीण कुमार पेरिस पैरालंपिक में स्वर्ण पदक की बदौलत चार ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार विजेताओं में शामिल होने से खुश हैं और उनका कहना है कि और ज्यादा पैरा खिलाड़ियों का देश के इस सर्वोच्च खेल सम्मान के लिए चयन किया जाता तो उन्हें और अधिक खुशी होती। प्रवीण के अलावा दो ओलंपिक पदक जीतने वाली निशानेबाज मनु भाकर, शतरंज विश्व चैंपियन डी गुकेश और पेरिस खेलों के कांस्य विजेता पुरुष हॉकी कप्तान हरमनप्रीत सिंह के साथ खेल रत्न से सम्मानित किया जाएगा। तोक्यो ओलंपिक के अपने कांस्य को पेरिस में स्वर्ण में बदलने वाले तीरंदाज हरविंदर सिंह जैसे कुछ पैरा खिलाड़ियों ने खेल रत्न के लिए विचार नहीं किए जाने पर निराशा व्यक्त की है। पेरिस पैरालिंपिक में भारत ने रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन कर 29 पदक हासिल किये जिसमें सात स्वर्ण शामिल हैं।

प्रवीण ने साक्षात्कार में कहा कि अगर पेरिस ओलंपिक के कुछ पदक विजेताओं को भी खेल रत्न मिलता तो उन्हें खुशी होती लेकिन उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया। उन्होंने कहा, 'मैं उनसे सिर्फ इतना कहूंगा कि हिम्मत नहीं हारें और अच्छा प्रदर्शन करते रहें। पैरा खेलों को सिर्फ एक खेल रत्न दिया गया है और यह संख्या और होनी चाहिए थी। मुझे अच्छा लगता अगर दो-तीन और पैरा खिलाड़ियों को खेल रत्न दिया जाता।

21 वर्षीय प्रवीण के पैरों में जन्म से विकृति थी जिसके कारण उनके दोनों पैर कमजोर थे। उनका एक पैर छोटा है जिससे उन्हें नियमित फिजियोथेरेपी की जरूरत थी। उनके पिता उनका सबसे बड़े सहारा बने। प्रवीण ने कहा कि वह हमेशा सक्षम खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करना चाहते थे जबकि उन्हें अच्छी तरह से पता था कि यह 'बहुत कठिन काम% होगा। उन्होंने पेरिस में पुरुषों की ऊंची कूद टी64 स्पर्धा में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन करते हुए तोक्यो ओलंपिक के रजत पदक को स्वर्ण पदक में तब्दील किया।

नई दिल्ली के साउथ में रहने वाले प्रवीण जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में सात से आठ घंटे ट्रेनिंग करते हैं और अब उन्हें साल के अंत में राजधानी में होने वाली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल करने की उम्मीद है। प्रवीण ने कहा, 'ओलंपिक में सफलता हासिल करना और अपनी सफलता के लिए खेल रत्न पुरस्कार मिलने पर मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है। यह मेरे लिए सपने का सच होना है। यह पुरस्कार मुझे विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मेरे घरेलू मैदान में स्वर्ण पदक जीतने के लिए प्रेरित करेगा।

# बुमराह विदेशी सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज

### पंत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फास्टेस्ट फिफ्टी वाले भारतीय

### कोहली 10 बार सिंगल डिजिट में आउट;रिकॉर्ड्स

**सिडनी (एजेंसी)।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) का पांचवां टेस्ट सिडनी का दूसरा दिन गेंदबाजों के नाम रहा। शनिवार को 15 विकेट गिरे। ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में 181 रन ही बना सका, जिससे भारत को 4 रन की बढ़त मिली। स्टंप्स तक भारत ने 6 विकेट खोकर 141 रन बना लिए हैं। पंत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे तेज फिफ्टी लगाने वाले भारतीय है। बुमराह विदेशी सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। विराट कोहली 2024-25 सीजन में 10वीं बार सिंगल डिजिट (10 या उससे कम) के स्कोर पर आउट हुए हैं। इस लिस्ट में सयुंक्त रूप से रोहित शर्मा भी पहले स्थान पर हैं। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में पिछले 70 साल में ऐसा सिर्फ दूसरी बार हुआ है। जब दोनों ही टीमें अपनी पहली पारी (भारत 185 और ऑस्ट्रेलिया 181 रन) 200 से कम के स्कोर पर सिमट गई हो। इससे पहले 1979-80 में इंग्लैंड (123) और ऑस्ट्रेलिया (145) रन पर ऑलआउट हो गई थी। ऋषभ पंत बेन स्टोक्स और सर विवियन रिचर्ड्स के बाद तीसरे ऐसे बल्लेबाज हैं, जिन्होंने टेस्ट में 2 बार 150 से ज्यादा स्ट्राइक रेट से हाफ सेंचुरी लगाई है। स्कॉट बोलैंड ने विराट कोहली को टेस्ट में शनिवार को पांचवीं बार आउट किया। कोहली अब तक उनके खिलाफ मात्र 38 रन ही बना सके हैं।



**बुमराह एक ओवरसीज सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज** - जसप्रीत बुमराह किसी एक विदेशी दौरे पर भारत की ओर से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। वे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के मौजूदा सीजन में 32 विकेट ले चुके हैं। उन्होंने बिशन सिंह बेदी का रिकॉर्ड तोड़ा। बेदी ने 1977-78 के सीजन में 31 विकेट झटके थे।

**ऑस्ट्रेलिया में कोहली का औसत** - बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) 2024-25 में विराट कोहली 5 मैचों में मात्र 190 रन बना सके हैं। इस दौरान उनका औसत 23.75 रहा है। यह उनका किसी भी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर सबसे कम औसत है। ऑस्ट्रेलिया में उन्होंने 2014-15 सीजन के 4 मैचों में 692 रन बनाए थे।

**भारत के लिए फास्टेस्ट फिफ्टी** - ऋषभ पंत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने दूसरी इनिंग में मात्र 29 बॉल में अपनी हाफ सेंचुरी पूरी की। पंत ने 33 बॉल पर 6 चौके और 4 छक्के की मदद से 61 रन की पारी खेली।

### टेस्ट में भारत के लिए सबसे तेज अर्धशतक

- 28 गेंद - ऋषभ पंत बनाम श्रीलंका, बेंगलुरु 2022
- 29 गेंद- ऋषभ पंत बनाम ऑस्ट्रेलिया, सिडनी 2025*
- 30 गेंद - कपिल देव बनाम पाकिस्तान, कराची 1982
- 31 गेंद - शार्दुल ठाकुर बनाम इंग्लैंड, द ओवल 2021
- 31 गेंद -यशस्वी जायसवाल बनाम बांग्लादेश, कानपुर 2024

# एनएसई के जरिए 268 कंपनियों ने आईपीओ से जुटाए 1.67 लाख रुपये

**- पिछले साल आए 268 में से 90 मेनबोर्ड आईपीओ और 178 एसएमई के थे**

**मुंबई ।**

पिछले वर्ष नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के जरिए 268 कंपनियों ने इनिशियल पब्लिक ऑफर (आईपीओ) के द्वारा 1.67 लाख करोड़ रुपये की रे शि जुटाई है। बताया गया है कि बीते वर्ष में दुनिया के किसी एक स्टॉक एक्सचेंजस के जरिए कंपनियों द्वारा पूंजी जुटाने का यह सबसे बड़ा आंकड़ा है। यह जानकारी एक्सचेंज द्वारा दी गई। पिछले साल आए 268 आईपीओ में से 90 मेनबोर्ड आईपीओ और 178 एसएमई आईपीओ थे। 90 मेनबोर्ड आईपीओ (आरईआईटीएस, आईएनवीआईटीएस और एफपीओ) में कंपनियों ने 1.59 लाख करोड़ रुपये जुटाए हैं। इसमें से 178 एसएमई आईपीओ में 7,349 करोड़ रुपये की पूंजी जुटाई गई है। 2024 में हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) का 3.3 अरब डॉलर आईपीओ भारतीय शेयर बाजार और दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा आईपीओ था। पिछले साल चीन के शंघाई स्टॉक एक्सचेंज पर 101 आईपीओ, जापान और हांगकांग के स्टॉक एक्सचेंज पर क्रमशः 93 और 66 आईपीओ आए थे। कंपनियों द्वारा 2024 में न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज (एनवाईएसई) के माध्यम से 15.9 अरब डॉलर और शंघाई स्टॉक एक्सचेंज के माध्यम से 8.8 अरब डॉलर की पूंजी जुटाई गई थी। 2024 में वैश्विक स्तर पर 1,145 आईपीओ आए थे। एक साल पहले इनकी संख्या 1,271 थी। एनएसई के अनुसार दिसंबर तक पंजीकृत निवेशकों की कुल संख्या 21 करोड़ से अधिक थी।

एनएसई के डेटा के मुताबिक वर्तमान में सभी राज्यों में महाराष्ट्र में सबसे अधिक 3.7 करोड़ से अधिक खाते हैं। इसके बाद उत्तर प्रदेश में 2.28 करोड़, गुजरात में 1.87 करोड़ और राजस्थान एवं पश्चिम बंगाल प्रत्येक में 1.2 करोड़ से अधिक खाते हैं।

# देश में 2030 तक 500 अरब डॉलर तक इलेक्ट्रॉनिक्स वस्तुओं का उत्पादन होगा शुरु

**- भारत की वैश्विक हिस्सेदारी बढ़ाने पर जोर**

**नई दिल्ली ।**

केंद्र सरकार ने साल 2030 तक देश में 500 अरब डॉलर तक इलेक्ट्रॉनिक्स वस्तुओं के उत्पादन शुरू करने के लिए इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तत्त्वावधान में विस्तृत रणनीति रिपोर्ट तैयार करने के लिए सेलुलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) और कंसल्टेंसी फर्म बेन ऐंड कंपनी से सहयोग लिया है। मामले से जुड़े सूत्रों ने बताया कि यह रिपोर्ट अगले कुछ दिनों में संचार मंत्री अश्विनी वैष्णन जारी कर सकते हैं।


इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण की घोषणा कुछ महीने पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की है। इलेक्ट्रॉनिक्स की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला (जीवीसी) में भारत की भागीदारी सशक्त बनाने के लिए पिछले साल जुलाई में नीति आयोग ने अध्ययन किया था। इसमें यह कहा गया था कि यह महत्त्वाकांक्षी सपना साकार हो सकता है और इसमें कम से कम 200 अरब डॉलर निर्यात से आएंगे, जहां तैयार वस्तु और कलपुर्जे की प्रमुख भूमिका रहेगी। अध्ययन में इससे 55 से 60 लाख नौकरियां पैदा होने की भी संभावना भी है।

अध्ययन में लक्ष्य को हासिल करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में नीतिगत हस्तक्षेप करने का भी सुझाव दिया गया है। अब मंत्रालय न केवल भारतीय बाजार के लिए बल्कि दुनिया भर में निर्यात के लिए पुर्जों की वृहद आपूर्ति श्रृंखला बनाने के लिए 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक के बजट के साथ इलेक्ट्रॉनिकी पुर्जों के लिए उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को एक साथ लाने की तैयारी में है। लक्ष्य हासिल करने के लिए की गई खास चर्चा के आधार पर आने वाली रिपोर्ट में इलेक्ट्रॉनिक्स के विभिन्न क्षेत्र के लिए लक्ष्य तय किए जाने की उम्मीद है, जिसमें मोबाइल डिवाइस, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, वाहन इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सर्वर, हियरेबल्स, वेयरेबल्स और चिकित्सा इलेक्ट्रॉनिकी शामिल हैं। चर्चा का उद्देश्य साल 2030 तक वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी को 6 से 7 फीसदी तक करने का है।

# रिलायंस जियो का आईपीओ लाने की तैयारी में मुकेश अंबानी

**- 40,000 करोड़ रुपये का हो सकता है**

**नई दिल्ली ।**




मुकेश अंबानी की रिलायंस जियो जल्द ही भारत का सबसे बड़ा आईपीओ लॉन्च कर सकती है। सूत्रों के अनुसार, जियो का आईपीओ लगभग 35,000 से 40,000 करोड़ रुपये का हो सकता है। यह आईपीओ ऑफर ऑफ सेल (ओएफएस) और ताजा शेयर जारी करने के साथ आएगा। रिलायंस जियो की ओर से इस आईपीओ के लिए प्री-आईपीओ प्लेसमेंट की प्रक्रिया पहले ही शुरू की जा चुकी है। निवेश बैंकर्स का मानना है कि यह आईपीओ काफी बड़ा हो सकता है, और इसमें सब्सक्रिप्शन की कोई समस्या नहीं होगी। कंपनी की योजना वर्ष 2025 की दूसरी छमाही में इसे लॉन्च करने की है।

रिलायंस जियो का आईपीओ देश का सबसे बड़ा आईपीओ हो सकता है, जिससे भारतीय शेयर बाजार में हलचल मच सकती है। यदि यह आईपीओ सफल होता है, तो यह पिछले साल आए हुंडई मोटर इंडिया के 27,870 करोड़ रुपये के आईपीओ को भी पीछे छोड़ देगा। रिलायंस जियो के आईपीओ में ओएफएस कंपोनेंट का महत्वपूर्ण स्थान होगा, क्योंकि इससे मौजूदा निवेशकों को अपनी हिस्सेदारी बेचने का मौका मिलेगा।

कंपनी की वैल्यूएशन की बात करें तो कई ब्रोकरेज का कहना है कि रिलायंस जियो की वैल्यूएशन 100 अरब डॉलर हो सकती है, जबकि कुछ सूत्रों के अनुसार कंपनी की वैल्यूएशन 120 अरब डॉलर तक हो सकती है। रिलायंस जियो ने हाल ही में एनवीडिया से साझेदारी की है और एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के क्षेत्र में भी कदम बढ़ाए हैं। इसके साथ ही, कंपनी सैटेलाइट इंटरनेट सर्विसेज और टेलीकॉम सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए लगातार निवेश कर रही है। रिलायंस जियो, जो कि देश की सबसे बड़ी टेलीकॉम ऑपरेटर है, अब 46 करोड़ से ज्यादा सब्सक्राइबर बेस के साथ भारतीय बाजार में अपनी पकड़ मजबूत कर चुकी है।

# स्किनकेयर ब्रांड मिनिमलिस्ट को खरीदेगी एचयूएल

**- करीब 3,000 करोड़ रुपये में होगा सौदा**

**नई दिल्ली ।**

हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) त्वचा की देखभाल से जुड़े ब्रांड मिनिमलिस्ट को खरीदने के लिए विचार कर रही है। मिनिमलिस्ट ब्रांड सीधे ग्राहकों को अपने उत्पाद बेचता है। सूत्रों के मुताबिक यह सौदा करीब 3,000 करोड़ रुपये में हो सकता है। मिनिमलिस्ट ब्रांड की शुरुआत 2020 में हुई थी और यह अपने विशेष सामग्री आधारित स्किनकेयर उत्पादों के लिए जाना जाता है। इसने ए सीरीज की फंडिंग में यूनिलीवर वेंचर्स और सिकोया कैपिटल इंडिया से धन जुटाया था। इस करार से जुड़े मामले में भेजे गए एक ईमेल पर एचयूएल के प्रवक्ता ने जवाब दिया, अपनी कारोबारी रणनीति के अनुरूप ही लगातार अपने कारोबार के विकास और विस्तार के लिए विभिन्न रणनीतिक अवसरों का मूल्यांकन करते हैं। अगर इस दिशा में आगे कोई कदम उठाया जाता है जिसके लिए लागू कानूनों के तहत खुलासा करने की जरूरत होती है तब हम उचित जानकारी जरूर देंगे। सूत्रों के मुताबिक एचयूएल इसी तिमाही में इस सौदे पर अंतिम मुहर लगा देगी और कंपनी का इरादा इस ब्रांड में बहुलांश हिस्सेदारी हासिल करना है। सूत्रों का यह भी कहना है कि संस्थापक कुछ हिस्सा रख सकते हैं। यह सौदा मिनिमलिस्ट के राजस्व के 8-10 गुना पर होने की संभावना है जो वित्त वर्ष 2024 में 347.4 करोड़ रुपये था। इस ब्रांड ने वित्त वर्ष 2023 में 183.8 करोड़ रुपये की कमाई की थी। कंपनी का कर के बाद मुनाफा भी दोगुने से ज्यादा बढ़कर पिछले वित्त वर्ष में 10.8 करोड़ रुपये हो गया जो वित्त वर्ष 2023 में 5.2 करोड़ रुपये था। यह संभावना जताई जा रही है कि यह सौदा उम्मीद से अधिक मूल्य पर हो सकता है।

# सीएसबी बैंक: गोल्ड लोन पर फोकस करके तैयार ग्रोथ की राह पर

**- 400 रुपए प्रति शेयर का लक्ष्य तय**

**नई दिल्ली ।**

सीएसबी बैंक जो गोल्ड लोन के क्षेत्र में अपनी मजबूती दिखा रहा है। हाल ही में ब्रोकरेज फर्म आईसीआईआईआई डायरेक्ट रिसर्च ने इस बैंक की कवरेज शुरू की है और 400 रुपए प्रति शेयर का टार्गेट प्राइस निर्धारित किया है। बाजार की सिफारिशें इस नए प्लेयर को अच्छी प्रेरणा दे रही हैं। गोल्ड लोन के क्षेत्र में सीएसबी बैंक ने विशेषज्ञता दिखाई है और इसे मजबूत कारोबार दिखा रहा है। बैंक का लगभग 45 फीसदी कर्ज गोल्ड लोन से आता है, जो इसकी स्थिरता का बड़ा कारक है। इसके अलावा सीएसबी बैंक ने निगेटिव रिटर्न को सकारात्मक में बदलने के लिए बदली हुई रणनीति को अपनाया है। बैंक ने गोल्ड लोन में वृद्धि के साथ-साथ शानदार लोन ग्रोथ भी देखी है। वित्त वर्ष 25 की तिमही में गोल्ड लोन 36.3 फीसदी वृद्धि दर्ज करते हुए 13,018 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। बैंक की रणनीति है कि वह गोल्ड लोन के क्षेत्र में सालाना ग्रोथ में करीब 23 फीसदी तक की उम्मीद कर रहा है। इसके साथ ही बैंक ने अपने विस्तार पर जोर दिया है और नई शाखाओं की शुरुआत की है। आईसीआईसीआईआई डायरेक्ट के अनुसार, बैंक की एडवांस ग्रोथ में आने वाले सालों में लगभग 23-25 फीसरी सीएजीआर की सक्षमता है। इस स्थिति में निवेशकों को उम्मीद है कि यह बैंक आने वाले 6-12 महीनों में उन्हें लगभग 25 फीसदी तक का रिटर्न देगा। इससे इच्छुक निवेशक आसानी से उन्हें पूरी जानकारी और निर्णय लेने की सक्षमता मिलती है।

## सेबी ने आईपीओ में लापरवाही के लिए जेएम को दी कड़ी चेतावनी

**- अथाराइज्ड शेयर कै पिटल की मंजूरी का मामला**

नई दिल्ली । भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने जेएम फाइनें शियल को वेस्टर्न क रियर इं डिया के आईपीओ में लापरवाही के लिए चेतावनी दी है। मामला है अथाराइज्ड शेयर कै पिटल की मंजूरी का, जिसे सही समय पर पूरा नहीं किया गया। वेस्टर्न कॅ रियर के आईपीओ में सब्सक्रिप्शन 13 सितंबर 2024 को शुरू हुआ। लेकिन इस दौरान एक समस्या सामने आई। कंपनी की अधिकृत शेयर पूंजी में कमी पाई गई। इसे ठीक करने के लिए कंपनी के बोर्ड ने 15 सितंबर को शेयर पूंजी बढ़ाने की मंजूरी दी, और शेयरधारकों ने 16 सितंबर को इसे मंजूर किया। हालांकि, ये मंजूरी आईपीओ खुलने से पहले ली जानी चाहिए थी, लेकिन इसे बाद में पूरा किया गया। सेबी ने इस गलती को गंभीर गैर-अनुपालन करार दिया और जेएम फाइनें शियल को भविष्य में ऐसे मामलों में सावधानी बरतने की चेतावनी दी।



## नये साल में उतार-चढ़ाव के बाद 437 अरब डॉलर हुई एलन मस्क की संपत्ति


**नई दिल्ली**। दुनिया के सबसे अमीर इंसान एलन मस्क की संपत्ति में इस साल के पहले ही सप्ताह में बड़े उतार-चढ़ाव आए। हफ्ते की शुरुआत में उनकी नेटवर्थ में 17.7 अरब डॉलर की गिरावट आई, लेकिन शुक्रवार को उनकी कंपनी टेस्ला के शेयरों में 8.22 फीसदी की उछाल के बाद एलन मस्क की संपत्ति 22.3 अरब डॉलर बढ़कर 437 अरब डॉलर तक पहुंच गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एलन मस्क दुनिया के सबसे धनी इंसान हैं और उनके बराबर कोई अन्य अरबपति नहीं है। 2023 में उनकी नेटवर्थ में 203 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई थी। वहीं, 2024 की शुरुआत में संपत्ति में 4.61 अरब डॉलर का इजाफा हुआ। दूसरी ओर फ्रांस के बर्नार्ड अरनॉल्ट की संपत्ति में 5.22 अरब डॉलर की गिरावट आई। वह 169 अरब डॉलर के साथ छठे स्थान पर है। दुनिया के अन्य अमीरों में जेफ बेजोस 243 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ दूसरे और फेसबुक के मार्क जकरबर्ग 214 अरब डॉलर के साथ तीसरे स्थान पर हैं। वहीं एशिया के सबसे अमीर इंसान रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी हैं, उनकी संपत्ति 93.1 अरब डॉलर है। वहीं, गौतम अडानी की नेटवर्थ 84 करोड़ डॉलर से घटकर 78 अरब डॉलर रह गई है। उनका दुनिया के 19वां स्थान है। एलन मस्क की नेटवर्थ में इस उछाल से यह साफ हो जाता है कि उनकी कंपनी टेस्ला का प्रदर्शन उनकी संपत्ति में बड़ा बदलाव ला सकता है। दुनिया के अन्य अरबपतियों की संपत्ति में भी अस्थिरता देखने को मिल रही है।

## अप्रैल-दिसंबर 2024 में मॉयल का मैंगनीज अयस्क उत्पादन बढ़ा

**- उत्पादन 4.5 प्रतिशत बढ़कर 13.3 लाख टन हो गया**

**नई दिल्ली ।**

सार्वजनिक क्षेत्र की एमओआईएल (मॉयल) का मैंगनीज अयस्क उत्पादन चालू वित्तवर्ष की अप्रैल-दिसंबर अवधि में सालाना आधार पर 4.5 प्रतिशत बढ़कर 13.3 लाख टन हो गया। चालू वित्तवर्ष के पहले नौ महीनों में मैंगनीज अयस्क की बिक्री भी एक साल पहले की अवधि की तुलना में 4 प्रतिशत बढ़कर 11.39 टन हो गई। इस्पात मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि चालू वित्तवर्ष के पहले नौ महीनों में प्रदर्शन की बात करें तो मॉयल ने 13.3 लाख मैंगनीज अयस्क का उत्पादन किया है, जो 4.5 प्रतिशत अधिक है। मॉयल ने 11.39 लाख टन की बिक्री की है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में की गई बिक्री की तुलना में 4 प्रतिशत अधिक है। बयान में कहा गया है क इस सार्वजनिक उपक्रम ने अपनी खोजपूर्ण कोर ड्रिलिंग में भी वृद्धि दर्ज की है जो 72,340 मीटर है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 19 प्रतिशत अधिक है। मौजूदा समय में एमओआईएल महाराष्ट्र के नागपुर और भंडारा जिलों और मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में स्थित अपनी भूमिगत और खुली खदानों का संचालन करती है। कंपनी मैंगनीज अयस्क के विभिन्न ग्रेड का उत्पादन और बिक्री करती है।



# शेयर बाजार में लगातार दूसरे सप्ताह रही बढ़त

**मुंबई ।**




विदेशी निवेशकों की खरीदारी, मजबूत ऑटो बिक्री डेटा, बेहतर जीएसटी कलेक्शन के कारण घरेलू शेयर बाजार ने लगातार दूसरे सप्ताह बढ़त का सिलसिला बरकरार रखा। हालांकि वैश्विक स्तर पर नकारात्मक रुख की वजह से कारोबारी सप्ताह के आखिरी दिन शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार धराशायी हो गया। हालांकि इससे पहले दो दिन शेयर बाजार में नए साल का जश्न मनाया गया और इसमें तेजी बनी रही। शेयर बाजार के इस सप्ताह के पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो साल के आखिरी कारोबारी हफ्ते के पहले दिन घरेलू शेयर बाजार की धीमी शुरुआत हुई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 142.26 अंक गिरकर 78,556.81 पर खुला और 450.94 अंक गिरकर 78,248.13 पर बंद हुआ। जबकि निफ्टी 48.35 अंक गिरकर 23,765.05 पर खुला और 450.94 अंक गिरकर 78,248.13 अंक पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार साल 2024 के आखिरी दिन गिरावट के साथ शुरू हो गया। सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 468.14 अंक की गिरावट के साथ 77,779.99 अंक पर खुला और 109.12 अंक गिरकर 78,139.01 पर बंद हुआ। निफ्टी 117.05 अंक फिसलकर 23,527.85 अंक पर खुला और गिरावट के साथ ही बंद हुआ। नए साल 2025 के शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी सपाट कारोबार कर रहे हैं। इसके अलावा रुपया भी सपाट खुला। सेंसेक्स 171.81 अंक की गिरावट के साथ 77,967.20 अंक पर खुला और 368.40 अंक चढ़कर 78,507.41 अंक पर बंद हुआ।

निफ्टी सुस्त शुरुआत के बाद 46.4 अंक फिसलकर 23,598.40 अंक पर खुला और 98.10 अंक की बढ़त के साथ 23,742.90 पर बंद हुआ। शेयर बाजार में साल के दूसरे दिन बंपर उछाल दिखा। सेंसेक्स 1,229.42 अंकों की बढ़त के साथ 79,759.48 के स्तर पर खुला और 1,436.30 अंक उछलकर 79,943.71 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 342.00 अंक चढ़कर 24,084.90 के स्तर पर खुला और 445.75 अंक बढ़कर 24,188.65 अंक पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को फर्मा और आईटी शेयरों में गिरावट के बाद सेंसेक्स 630.98 अंक गिरकर 79,324.35 पर खुला और 720.60 अंकों की गिरावट के साथ 79,223.11 पर बंद हुआ। निफ्टी 140.75 अंकों की गिरावट के साथ 24,047.90 के स्तर पर खुला और 183.91 अंक टूटकर 24,004.75 पर बंद हुआ।

## सर्राफा बाजार में लगातार तीसरे दिन महंगा हुआ सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक

**नई दिल्ली**। घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार तीसरे दिन सोना महंगा हुआ है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में भी आज तेजी आई है। सोने की कीमत में आज 800 रुपये से लेकर 870 रुपये प्रति 10 ग्राम की उछाल दर्ज की गई है। सोने के भाव में आई तेजी की वजह से देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 79,350 रुपये से लेकर 79,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 72,750 रुपये से लेकर 72,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज 2,000 रुपये प्रति किलोग्राम तेजी आई है, जिसके कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत 92,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 79,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 72,750 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 79,200 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 79,250 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 72,650 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

# कंपनी पर परिसमापन शुरु होने के बाद ईपीएफओ की कार्यवाही पर बंदिश नहीं : एनसीएलएटी


**- स्थगन के तहत संरक्षण मिलने के बाद ईपीएफओ कार्यवाही जारी नहीं रख सकता**

**नई दिल्ली ।**

राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) के मुतो बिक दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के तहत किसी भी कर्जदार कंपनी के खिलाफ परिसमापन प्रक्रिया शुरू होने के बाद ईपीएफओ एवं अन्य वैधानिक अधिकारियों की मूल्यांकन कार्यवाही पर कोई बंदिश नहीं है। हालांकि अपीलीय न्यायाधिकरण ने कहा कि किसी ऋणग्रस्त कंपनी के खिलाफ दिवाला कार्यवाही शुरू होने के बाद अगर उसे स्थगन के तहत संरक्षण मिल जाता है, तो कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ऐसी कार्यवाही जारी नहीं रख सकता है। ईपीएफओ की दो याचिकाओं को खारिज करते हुए एनसीएलएटी ने कहा कि एक बार जब किसी कंपनी को आईबीसी की धारा 14 (1) के प्रावधानों के अनुरूप स्थगन के तहत संरक्षण मिल जाता है तो बकाया राशि के निर्धारण के लिए मूल्यांकन कार्यवाही जारी नहीं रखी जा सकती है। एनसीएलएटी ने कहा कि हम मानते हैं कि धारा 14, उपधारा (1) के तहत स्थगन आने के बाद ईपीएफओ कोई मूल्यांकन कार्यवाही जारी नहीं रख सकता है। अगर परिसमापन का आदेश पारित होने के बाद धारा 33 की उपधारा (5) मूल्यांकन कार्यवाही शुरू करने या जारी रखने पर रोक नहीं लगाती है। इसने कहा कि स्थगन अवधि के दौरान किए गए मूल्यांकन के आधार पर कोई दावा कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया के तहत नहीं किया जा सकता है। हालांकि एनसीएलएटी ने कहा कि एक बार परिसमापन का आदेश पारित हो जाने के बाद, धारा 14 के तहत स्थगन समाप्त हो जाता है और धारा 33(5) के तहत स्थगन, जिसे अलग तरीके से लिखा गया है, लागू हो जाता है।




## पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं



**नई दिल्ली ।** देश की सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों ने शनिवार को पेट्रोल डीजल की नई कीमतें जारी कर दी हैं। हालांकि, ये कंपनियां रोजाना सुबह 6 बजे नई दरों को जारी कर देती हैं। इन कंपनियों ने देश के चार महानगरों के साथ-साथ झारखंड, बिहार और उत्तर प्रदेश के प्रमुख जिलों के लिए भी कीमतें जारी की है। हालांकि दिल्ले ली और मुंबई सहित देश के चारों महानगरों में शुक्रवार को भी तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में पेट्रोल 94.77 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.67 प्रति लीटर मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपेय प्रति लीटर और डीजल 89.97 रुपये प्रति लीटर कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये प्रति लीटर और डीजल 91.76 रुपये प्रति लीटर चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर है।

## विदेशी निवेशकों की पहली पसंद बना महाराष्ट्र

**सिर्फ छह महीने में मिला 1.13 लाख करोड़ रुपये का एफडीआई**

**नई दिल्ली ।** चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में सबसे ज्यादा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) महाराष्ट्र में हुआ है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने निवेश के आंकड़े पेश करते हुए कहा कि राज्य को 2024-25 में केवल छह महीने में 1.13 लाख करोड़ रुपये का एफडीआई मिला है। यह पिछले चार वर्षों में सालाना प्राप्त होने वाली राशि के लगभग बराबर है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि राज्य को सितंबर 2024 में समाप्त होने वाली वित्त वर्ष 2024-25 की पहली दो तिमाहियों में 1,13,236 करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश मिला। राज्य को वित्त वर्ष 2020-21 में 1,19,734 करोड़ रुपये, 2021-22 में 1,14,964 करोड़ रुपये, 2022-23 में 1,18,422 करोड़ रुपये और 2023-24 में 1,25,101 करोड़ रुपये का एफडीआई प्राप्त हुआ था।






शनिवार कर दिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिललयं आईपीएस अधिकारी। नववर्ष कर देलयं शुभकामना।

# आईएएफ गुवाहाटी वायु सेना केंद्र में आईओई कर बनालक जोजना

सोनू सपरवार

**नई दिल्ली ।** भारतीय वायु सेना (आईएएफ) भारत कर रछा छमता के मजबूत करेक आउर स्वदेसी नवाचार के बढ़ावा देवेक ले एगो उद्योग आउटरीच कार्जकरम 25 (आईओई25) आयोजित करेक जाथे। ई कार्जकरम दुई दिन ले तैयार करल जाय हे, जेकर पहिला चरन 13 जनवरी, 2025 के ऑनलाइन आयोजित करल जाई। दूसर चरन 15 जनवरी 2025 के गुवाहाटी वायु सेना केंद्र में आयोजित करल जाई।

आईओई25 रक्षा उद्योग कर भागीदार, नवप्रवर्तकमन आउर स्टार्ट-अप्स के भारतीय वायु सेना से जोड़ेक ले एगो महत्वपूर्न मंच कर रूप में काम करी, जे रछा में नवाचार कर जरूरत आउर एगो आत्मनिरभर रछा परितंत्र कर निरमान कर दिसा में भारत सरकार कर प्रयास आउर दृष्टिकोन उपरे परकास डाली।

ऑनलाइन चरन कर दौरान परमुख




सत्र में आईएएफ कर एयरोस्पेस डिजाइन निदेसालय द्वारा 'आईएएफ कर दन से आत्मनिरभरता पहल उपरे एगो संछिप्त बिबरन', रक्षा मंत्रालय कर डीआईओ द्वारा 'आईडीईएक्स जोजना, नीति आउर प्रक्रियामन में एगो संछिप्त बिबरन', डीजीएक्यूए द्वारा 'गुनबत्ता आश्वासन आउर प्रमानन प्रक्रियामन उपरे प्रस्तुति'; सीईएमआईएलएसी द्वारा 'उड़न जोग्यता प्रमानन प्रक्रिया उपरे प्रस्तुति' आउर आईएएफ कर एयरक्राफ्ट सिस्टम्स टेस्टिंग एस्टेब्लिशमेंट (एएसटीई) कर द्वारा 'एयरबोर्न आउर एविएसन से संबंधित प्रनालीमन ले प्रमानन आवसकतामन आउर परीछन प्रक्रियामन कर परिचय' सामिल हय।

आईओई 25 कर दूसर चरन 15 जनवरी 2025 के गुवाहाटी वायु सेना केंद्र में आयोजित करल जाई, जहां ऑपरेटरमन कर संगे सीधा संपर्क से रछा उद्योग कर प्रतिनिधिमन के परिचालन जरूरत के बेहतर तरीका से समझेक आउर ऊ छेतर कर पहचान करेक में मदइत मिली। ऊ अभिनव समाधान कर संगे जोगदान देइ सकयंना।

ई पहल कर उद्देस रछा छेतर में मौजूद अवसरमन कर पहचान कइरके रछा उद्योग कर भागीदारी के मजबूत करेक आउर भारत कर आत्मनिरभर बनेक कर रननीतिक लछ के हासिल करेक में मदइत ले अत्याधुनिक तकनीक कर उपजोग करेक हय।

## राइज अस्तरीय फुटबाल टूर्नामेंट आइज से, बाबूलाल मरांडी करबयं उद्घाटन

**पलामू।** दिनकर स्पॉटिंग क्लब लोकेया, चैनपुर कर तत्वावधान आउर दिवंगत अनिल चौरसिया कर याइद में लोकेया में 5 से 11 जनवरी तक राइज अस्तरीय फुटबाल टूर्नामेंट कर आयोजन करल जाय हे। इकर उद्घाटन पूर्ब मुख्यमंत्री सह झारखंड प्रदेस भाजपा कर अध्यछ बाबूलाल मरांडी करबयं। राइज अस्तरीय फुटबाल टूर्नामेंट मैच में पलामू भंडरिया कर अलावा बिहार एलेवेन, छत्तीसगढ़, बक्सर, सोनभद्र, कोलकाता आउर मुगलसराय कर टीम भाग लेवी। चौनपुर परखंड कर लोकेया गांव कर खेल मैदान में कार्जकर्ता कर संगे बिधायक आलोक चौरसिया बैठकी करलयं।

कहलयं कि उनकर पिता स्वर्गीय अनिल चौरसिया ई मैदान में निरंतर जिला आउर राइज अस्तरीय फुटबॉल मैच कर आयोजन करत रहयं। उनकर बिरासत के बनाए राखेक ले हर बछर ई मैदान में दिनकर स्पोर्टिंग क्लब-लोकेया कर तत्वावधान में स्वर्गीय अनिल चौरसिया कर याइद में राइज अस्तरीय फुटबाल टूर्नामेंट कर



आयोजन करल जाय लागल हय।

पांच जनवरी के बिहार एलेवन आउर छत्तीसगढ़, छह के भंडरिया आउर बक्सर, सात के पलामू आउर सोनभद्र कर टीम खेली। आठ के कोलकाता आउर मुगलसराय कर टीम भिड़ी। चाइरों टीम में से बिजेता दो गो टीम 9 आउर 10 जनवरी के सेमीफाइनल खेली। 11 जनवरी के फाइनल मैच खेलल जाई। झारखंड कर पूर्ब मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, भवनाथपुर कर बिधायक सह पूर्ब मंत्री स्वास्थ्य बिभाग भानु प्रताप शाही, पाटन छतरपुर कर पूर्ब बिधायक पुष्पा देवी, पूर्व सांसद मनोज भुइयां, विश्रामपुर बिधानसभा बिधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, पांकी बिधायक डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता आदि ई कार्जकरम में भाइग लेंबयं।

## जागरुकता रथ के रवाना करलयं डीसी




**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण दू गो जागरुकता रथ के हरियर झंडी देखाय के समाहरणालय परिसर से सनिचर के रवाना करलयं। रास्ट्रीय सड़क सुरछा माह कर तहत अदमीमन के यातायात कर नियम कर जानकारी देवेक आउर पालन करुवायेक ले इके रवाना करल गेलक।

जागरुकता रथ कर जरिये अदमीमन के हेमलेट पिंध के दूपहिया वाहन चलायेक, चार पहिया वाहन चलायेक बेरा सीट बेल्ट बांधेक, सराब पीय के वाहन नी चलायेक, निर्धारित गति सीमा कर भितरेहे वाहन कर परिचालन करेक संगे आउर जानकारी देवल जाई।

ई मउका में आइटीडीए परियोजना निदेसक सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, जिला परिवहन पदाधिकारी सौरभ प्रकाश, समाजसेवी संजय बर्मन, रोड सेफ्टी मैनेजर संगे आउरोंमन पहुंचल रहयं।

## उपायुक्त डीएमएफटी कर काम कर समीछा करलयं, देलयं निरदेस

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय डीएमएफटी कर दन से संचालित काम कर बर्तमान इस्थिति के लेइ के सनिचर के समीछा बैठकी करलयं। बैठकी कर दौरान उपायुक्त कतई दिसा-निरदेस देलयं। समाहरणालय सभाकछ में हुई डीएमएफटी प्रबंधकीय समिति कर बैठकी में डीएमएफटी मद कर जरिये नवा प्रपोजल उपरे चरचा करते उपायुक्त कहलयं कि जनहित से जुड़ल प्राथमिकता छेतर जइसे सोवास्थ्य, सिछा, कृसि, महिला आउर बाल बिकास आदि से संबंधित काम के सामिल करु। उपायुक्त चुनाव पूर्ब स्वीकृत काम कर निविदा प्रक्रियामन कर जानकारी लेलयं। ऊ डीएमएफटी मद कर जरिये सोवास्थ्य बिभाग में उपलब्ध कराल गेल उपकरनमन कर रख रखाव आउर क्रियासीलता उपरे बिसेस धेयान देवेक ले कहलयं। छोट मोट कारन से महंगा उपकरन बंद नी होवे। इकर पूरा मॉनिटरिंग होवे। ई बाबत जिला अस्तर में टीम गठित करेक कर निरदेस देलयं, ताकि केऊ भी किसिम कर तकनीकी अड़चनमन के तत्काल दूर कइर के ऊ उपकरनमन के क्रियासील बनाय के राखल जाए सके। ई बैठकी में उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद संगे अन्य मौजूद रहयं।



# जयपाल सिंह मुंडा जयंती में ट्राइबल बैडमिंटन टूर्नामेंट आयोजित

**जमशेदपुर।** आदिवासी एसोसिएशन कर बैनर तले न्यू सीतारामडेरा हॉकी कर महान खेलाड़ी आउर झारखंड आंदोलनकारी जयपाल सिंह मुंडा कर जयंती में सुकरवार के ट्राइबल बैडमिंटन टूर्नामेंट कर आयोजन करल गेलक। जमशेदपुर कर अलावा चाईबासा, घाटशिला, मुसाबनी, जादूगोडा, घाघीडीह कर 24 गो महिला आउर पुरुस टीम भाइग लेलयं। बैडमिंटन टूर्नामेंट कर बिजेतामन के गोतियामन जयपाल सिंह मुंडा ट्रॉफी आउर नकद रासि देइ के पुरस्कृत करलयं। मुध गोतिया आदिवासी एसोसिएशन कर अध्यछ सोनाराम बोदरा, बिसिस्ट गोतिया केंद्रीय मुखी समाज कर उपाध्यछ जुवा समाजसेवी शम्भु मुखी डूंगरी, आदिवासी एसोसिएशन कर सचिव रविन्द्र नाथ मुर्मू, उपाध्यछ फ़क़ीर हांसदा, कोसाध्यछ राज कुमार बानरा, जयदीप कुमार, सम्मनित गोतिया



समाजसेविका श्रीमती रेणु बानरा, गीता गोडसेरा चम्पीया रहयं। टूर्नामेंट कर उद्घाटन गोतियामन जयपाल सिंह मुंडा कर चित्र में माल्यार्पन आउर दीया जलाय के करल गेलक।

पुरुस बर्ग में पहिल बिजेता आर्यन उसगा आउर अनुज सोरेन, दूसर लक्ष्मण मांडी आउर अनिल परिया, तीसर रवि सवेया आउर जेना सोय रहयं। महिलामन में पहिल अस्थान में मेधावी बिरुआ आउर श्वेता हेम्ब्रम, दूसर लक्ष्मी बानरा आउर अस्मिता बिरुआ, तीसर किरण बानरा आउर सृष्टि बिरुआ रहयं। टूनामेंट के सफल बनायेक में आयोजक सचिव प्रेमाआनंद सामद, उपेन्द्र बानरा, विशाल चकिया, सुमित सुंडी, डेविड बानरा, किरण बनारा, विष्णु पड़िया, संदीप गगराई, दामू पड़िया, माधवी बिरुआ, डीएम कुमार, रवि सवाईया, सिकंदर बारी, नीलू सवाईया कर जोगदान रहे।

मुद्रक व प्रकाशक **नीलम सिंह** द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेश प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : कृशन गोपालका, **सलाहकार संपादक** : रतन लाल अग्रवाल। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ईमेल आइडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com